सूर्योदय 7:11 सूर्यास्त 5:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 16 अधि |
| धर्मशाला | 12 न्यू | 20 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,267 |
| निफ्टी | 26,046 |
| सोना 1,32,710 | चांदी 1,95,180 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 14 दिसंबर 2025 | 29 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 348, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# स्कूलों में छात्रों के मोबाइल बैन

## सीएम सुक्खू बोले- प्रदेश में बेहतर शिक्षा की खातिर लिए ठोस फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में समग्र शिक्षा निदेशालय में विद्या समीक्षा केंद्र सहित नई शैक्षणिक अवसंरचनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा को लेकर नीतिगत स्तर पर ठोस और दूरगामी फैसले लिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल ढांचा खड़ा करना नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणाम केंद्रित बनाना है। बीते तीन वर्षों में किए गए सुधारों का असर राष्ट्रीय स्तर पर दिखा है और हिमाचल शिक्षा गुणवत्ता के आकलन में उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से स्कूल परिसरों में विद्यार्थियों के लिए मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लागू किया जाएगा, ताकि पढ़ाई का माहौल अनुशासित और एकाग्र रहे। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में बड़े स्तर पर अस्थायी और स्थायी भर्तियां की जाएंगी, जिससे शिक्षकों और सहायक स्टाफ की कमी दूर होगी। सरकार का जोर 21वीं सदी के कौशल विकसित करने और विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने पर रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षण, मूल्यांकन, उपस्थिति और संसाधन प्रबंधन से जुड़ा वास्तविक समय का डाटा एकीकृत मंच पर उपलब्ध होगा। अभ्यास हिमाचल, स्मार्ट उपस्थिति प्रणाली और निपुण प्रगति जैसे नवाचारों से विद्यार्थियों के सीखने की स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण संभव हुआ है। इससे शिक्षा नीति अनुमान पर नहीं, बल्कि ठोस आंकड़ों पर आधारित होगी और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समान रूप से पहुंचेगी।

वहीं, समग्र शिक्षा अभियान के परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में प्रदेश का प्रदर्शन बेहतर रहा है और शिक्षकों को आईआईटी व आईआईएम जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यूनेस्को के साथ हिमाचल फ्यूचर्स प्रोग्राम के तहत किया गया समझौता नवाचार, सतत विकास और वैश्विक सहभागिता को बढ़ावा देगा।



समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रम की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू।

### उपलब्धियों से मजबूत हुआ विश्वास: रोहित

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्कूल प्रणाली से संसाधनों का साझा उपयोग संभव हुआ है, जिससे पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और शिक्षकों की विशेषज्ञता विद्यार्थियों तक बेहतर ढंग से पहुंच रही है। परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स में हिमाचल का प्रदर्शन मजबूत हुआ है और मेधावी छात्रों के लिए जेईई व एनईईटी की मुफ्त कोचिंग से समान अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार से केंद्र की ओर से दिए 3789 करोड़ का मांगा हिसाब

# हिमाचल को चाहिए डबल इंजन सरकार : नड्डा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


पीटरहॉफ में जनता का अभिवादन स्वीकार करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य नेता।

**शिमला।** बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजय के बाद पहली बार हिमाचल पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का शिमला के ऐतिहासिक पीटरहॉफ में भव्य और जोशीला स्वागत किया गया। ओपन जीप में सवार नड्डा ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया, वहीं पुष्प वर्षा और नारों के बीच माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में डूबा नजर आया। जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा से निपटने के लिए हिमाचल को 3789 करोड़ रुपए की सहायता दी, लेकिन राज्य सरकार ने इस राशि का समुचित उपयोग नहीं किया। नड्डा ने आरोप लगाया कि केंद्र से मिली मदद में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है और इसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की ट्रेजरी बार-बार बंद हो रही है, सरकार एडहॉक व्यवस्था पर चल रही है और मुख्यमंत्री व मंत्रियों के बीच तालमेल की कमी साफ दिखाई देती है। नड्डा ने कहा कि हिमाचल के समग्र विकास का एकमात्र रास्ता डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता सुख की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सोच विकास, संगठन और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी है, जबकि कांग्रेस की राजनीति केवल सत्ता के इर्द-गिर्द घूमती है। इसी कारण दोनों की विचारधाराओं का मेल संभव नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाएं। जेपी नड्डा ने पार्टी के संगठनात्मक विस्तार पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश में 787 पार्टी कार्यालय बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 617 पूरे हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में भी नौ कार्यालय बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप ये कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे।

### सरकार ने भ्रष्टाचार की सीमाएं पार कीं: जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता आपदा से कराह रही है, जबकि सरकार जश्न मनाने में व्यस्त है। जयराम ने आरोप लगाया कि जब भाजपा सरकार थी, तब राज्य पर करीब 70 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था, जो अब बढ़कर एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि पूरे हिमाचल में विकास पर विराम लग गया है और भ्रष्टाचार ने सारी सीमाएं तोड़ दी हैं। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केंद्रीय मंत्री शिवराज को आईएसआई से खतरा

**एजेंसी, भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान की सुरक्षा बढ़ाई गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिले इनपुट के बाद शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली-दोनों जगह उनकी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारों तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की। वहीं दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। सुरक्षा बढ़ाने को लेकर जारी गृह मंत्रालय के पत्र के मुताबिक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बारे में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई जानकारी हासिल कर रही है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह से केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### वायुसेना का पूर्व अफसर जासूसी करते गिरफ्तार

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलेंद्र शर्मा पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में था और उन्हें सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से संदिग्ध सामग्री मिली है, हालांकि कुछ डेटा डिलीट होने का संदेह है। रिटायर्ड होने से पहले कुलेंद्र तेजपुर वायुसेना स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर था, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित प्रमुख हवाई संसाधन मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप 3 की पाबंदियां लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। दिल्ली में शनिवार को सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 401 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में माना जाता है। बढ़ते हुए प्रदूषण के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी या ग्रैप)-3 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कम हवा की रफ्तार, स्थिर वायुमंडलीय स्थिति और प्रतिकूल मौसम के कारण एक्यूआई का स्तर बढ़ गया है। स्थिति की समीक्षा के लिए आयोग की उपसमिति की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया गया। ग्रैप-3 की पाबंदियों के तहत बाहरी और दिल्ली के अंदर की डीजल बसों पर भी रोक लगा दी जाएगी। इसके साथ ध्वस्तीकरण, गैर जरूरी निर्माण कार्य सहित सीमेंट, बालू जैसे सामानों की ट्रकों से आवाजाही पर रोक लग जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

हमीरपुर-मंडी एनएच की 1500 मी हिस्सा पीक्यूसी से होगा पक्का -पेज 2
धनुष-बाण के साथ भाजपा ने बजाई 2027 की रणभेरी -पेज 3
धर्मशाला में पहली बार ई-टिकट की व्यवस्था -पेज 5
जोगिंदनगर रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना से बाहर होने पर रोष -पेज 9
मुख्यमंत्री तक पहुंचा सीमेंट उद्योग व माइनिंग मामला -पेज 12

# हिमाचल में दो जगह ईडी की रेड

## कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां और मंडी के लोहार में की छोपमारी

**अनंत ज्ञान टीम, नगरोटा बगवां/नेरचौक**




ईडी ने शनिवार को हिमाचल में दो जिलों कांगड़ा और मंडी में छापेमारी की। पहले मामले में कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के तहत प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दो घरों में रेड की। शनिवार सुबह करीब 9 बजे वार्ड नंबर 1 के घर में ईडी की टीम पहुंची। इस दौरान ईडी के अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ मौजूद रही। जानकारी के अनुसार, कई घंटे चली इस रेड के बाद टीम लौट गई। रेड को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी रहा। रेड के दौरान क्षेत्र में हडकंप मच गया। जानकारी के अनुसार, यह मामला क्रिप्टो करंसी से जुड़ा बताया जा रहा है। सुबह ईडी की टीमों ने दोनों घरों से जांचरत मामले में साक्ष्य जुटाए। इस दौरान घर के सदस्यों को बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई जबकि घरों में एंट्री भी बंद कर दी गई।

**क्रिप्टो करंसी से जुड़े मामले में की कार्रवाई**

वहीं, दूसरे मामले में ईडी की टीम ने शनिवार सुबह 5 बजे बल्ह विधानसभा क्षेत्र की लोहार पंचायत के परस राम नामक व्यक्ति के घर दबिश दी। यह टीम सुबह 5 बजे से देर शाम तक यहीं पर डटी रही। बताया जा रहा है कि टीम ने बंद कमरे में क्रिप्टो करंसी को लेकर छानबीन की रिकॉर्ड खंगाला। परस राम विद्युत विभाग से सहायक अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और इन पर क्रिप्टो करंसी के माध्यम से सैकड़ों लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपए का गबन करने के संगीन आरोप लगे हैं। आरोप है कि इन्होंने भोले-भाले लोगों को क्रिप्टो करंसी के नाम से जाल में फंसा कर लाखों रुपए इकट्ठा किया तथा अन्य कई प्रकार की बेनामी संपत्तियों के मालिक बन गए। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम ने मंडी जिला के क्रिप्टो करंसी के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले कई तथा कथित आरोपियों के ठिकानों पर भी दबिश देने की भी सूचना है।

## वंदे भारत ट्रेनों में परोसा जाएगा स्थानीय व्यंजन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वंदे भारत ट्रेनों में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन परोसे जाएं। इससे यात्रियों को उस क्षेत्र की संस्कृति और स्वाद से रूबरू होने का अवसर मिलेगा तथा यात्रा अनुभव और बेहतर होगा। इस सुविधा को चरणबद्ध तरीके से भविष्य में सभी ट्रेनों में विस्तारित किया जाएगा। वैष्णव ने शनिवार को रेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। बैठक में रेल मंत्री ने बताया कि फर्जी पहचान के जरिए टिकट बुकिंग पर भारतीय रेलवे की सख्त कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उपयोगकर्ता पहचान सत्यापन और फर्जी आईडी की पहचान के लिए लागू की गई कड़ी प्रणाली के बाद अब आईआरसीटीसी वेबसाइट पर प्रतिदिन लगभग पांच हजार नए वास्तविक यूजर आईडी जोड़े जा रहे हैं, जबकि सुधारों से पहले यह संख्या प्रतिदिन करीब एक लाख तक पहुंच गई थी। इन कदमों के चलते अब तक 3.03 करोड़ फर्जी खातों को निष्क्रिय किया जा चुका है। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला में भारत बनाम साउथ अफ्रीका टी-20 मुकाबला आज

## जीत के इरादे से उतरेंगी टीमें, दोनों के नाम एक-एक जीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भारत बनाम साउथ अफ्रीका टी-20 मुकाबला रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेला जाएगा। रविवार को धर्मशाला में चौकों और छक्कों की भरमार देखने को मिलेगी। दोनों ही टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी, अब तक खेले गए सीरीज के दो मुकाबलों में दोनों टीमें एक-एक जीत के साथ बराबरी पर हैं। धर्मशाला स्टेडियम में शाम सात बजे से शुरू होने वाला यह मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए अहम रहेगा। धर्मशाला में भारत को 10 वर्ष पूर्व मिली हार का बदला लेकर हिसाब बराबर करने का भी मौका रहेगा।

मैच में सब की नजरें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और साउथ अफ्रीका टीम के कप्तान एडन मार्करम, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस और विकेट कीपर क्विंटन डीकॉक पर रहेंगी।

### टॉस रहेगा अहम

**धर्मशाला** की सर्द हवाओं के बीच खेले जाने वाले मैच में टॉस की भी अहम भूमिका रहने वाली है। टी-20 सीरीज में अब तक पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ही विजेता बनी है। ऐसे में धर्मशाला की हाई एल्टीट्यूड पिच में भी टॉस व ओस अहम भूमिका निभाएंगे। हालांकि मैच सात बजे शुरू होगा, जिससे ड्यू फैक्टर दोनों ही टीमों के लिए रहना वाला है। जबकि मौसम ने अचानक से करवट बदली है और धर्मशाला में शनिवार को दिन भर बादल छाये रहे। रविवार सुबह को मौसम क्या रंग दिखाता है यह भी देखना अहम होगा।

# एसआईआर : पं बंगाल में वोटर लिस्ट से 58 लाख नाम हटे

**अनंत ज्ञान, कोलकाता**

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं। सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां एसआईआर से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसंबर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना एसआईआर फॉर्म भर दिया है। मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'ममता ने कुछ ही घंटे पहले एक रैली से झूठा दावा किया था कि वे फॉर्म जमा नहीं करेंगी।' (अनंत ज्ञान)

**ममता की भवानीपुर सीट से 44 हजार**

**साउथ 24 परगना से 8 लाख नाम कटे**

# बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कर सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाएंगे : शाह

## कहा- अगले साल मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा पूरा देश

**एजेंसी, बस्तर**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक बार फिर बस्तर के विकास और नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। वह छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में भी शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि नक्सलवादियों ने वर्षों तक बस्तर के विकास पर रोक लगाई। वे सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के काम में बाधा बनते रहे, जिससे यह क्षेत्र पीछे रह गया, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं और सरकार पूरी मजबूती से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। गृह मंत्री ने कहा अगले साल मार्च तक देश को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले पांच वर्षों में बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाया जाएगा। बस्तर के हर घर तक बिजली पहुंचेगी, हर घर में पानी की सुविधा होगी और लोगों को बेहतर जीवन मिलेगा। साथ ही बस्तर की समृद्ध और सुंदर आदिवासी संस्कृति को भी संरक्षित किया जाएगा, ताकि विकास के साथ बस्तर अपनी पहचान को और मजबूत कर सके।

आपको बता दें कि साल 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कहा था कि 31 मार्च, 2026 तक भारत से लाल आतंक खत्म कर दिया जाएगा। तब कई लोगों ने इसे बड़ा राजनीतिक बयान माना, लेकिन जमीन पर चल रही कार्रवाई ने इस डेडलाइन को महज़ तारीख नहीं रहने दिया। डेडलाइन से 4 महीने पहले ही रेड कॉरिडोर के दो राज्यों ने खुद को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। वे इलाके, जहां कभी पुलिस कैंप बनाना भी मौत को न्योता देने जैसा था, आज वहां बिना डर विकास की गाड़ियां चल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय रिश्तों में सकारात्मक प्रगति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और चीन के बीच विदेश मंत्रालय स्तर की परामर्श बैठक को चीनी दूतावास ने समयोचित और फलदायी बताया है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) सुजीत घोष और चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक लियू जिनसोंग के बीच बीजिंग में द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति को लेकर बातचीत हुई। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों के बीच परामर्श का यह नया दौर सकारात्मक माहौल में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों में बनी सकारात्मक गति पर चर्चा हुई।

यू जिंग के अनुसार, दोनों पक्षों ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच तियानजिन में हुई बैठक में बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही द्विपक्षीय आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने, संस्थागत संवाद को बहाल करने, मतभेदों का उचित प्रबंधन करने तथा बहुपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों में समन्वय मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की गई। परामर्श के दौरान बहुपक्षवाद को कायम रखने और वैश्विक दक्षिण के साझा हितों की रक्षा के लिए मिलकर काम करने पर भी जोर दिया गया। चीनी दूतावास ने कहा कि यह परामर्श समयबद्ध, सार्थक और परिणामोन्मुखी रहा, जिससे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी।

# एनडीए की तिरुवनंतपुरम के 101 वार्डों में से 50 पर जीत

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल के निकाय चुनाव में एनडीए को बड़ी कामयाबी मिली है। गठबंधन ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों में से 50 पर जीत दर्ज की है। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा है। एलडीएफ 29 और कांग्रेस गठबंधन को 19 वार्डों में विजय मिली है। 2020 में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में [illegible] ने 52 वार्ड जीते थे। भाजपा-नेतृत्व वाले [illegible] को 33 वार्ड मिले थे और [illegible] ने 10 वार्डों में जीत हासिल की थी। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता है। केरल के 1,199 स्थानीय निकायों के लिए सुबह 8 बजे से मतगणना जारी है। यहां दो फेज 9 और 11 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। चुने गए पंचायत सदस्यों और नगर पालिका पार्षदों, कॉर्पोरेशन पार्षदों का शपथ ग्रहण 21 दिसंबर को होगा। सांसद शशि थरूर ने लिखा, 'जनता के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। चाहे वह कुल मिलाकर यूडीएफ के लिए हो या उनके निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के लिए।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार जीत पर मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक धन्यवाद। (अनंत ज्ञान)

**पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया**

**जज्बा** पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सतर्क रहना होगा : अनिल चौहान

# भाषणों से नहीं, एक्शन से जीती जाती है जंग: सीडीएस

**एजेंसी, हैदराबाद**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल भाषणों व बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं। सीडीएस तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में ऑटम टर्म दिसंबर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है।

अनिल चौहान ने 29 नवंबर को नई दिल्ली के सैम मॉनेकशॉ सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलॉग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कॉन्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं। यह एक ऐसा रिस्क है जो सेना को उठाना पड़ता है, इसलिए फ्यूचर वॉरफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### भारत की मजबूती सशस्त्र बलों की क्षमता पर टिकी

**सीडीएस** ने कहा कि भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है। नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है। सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा।

### 1962 जंग में एयरफोर्स को नहीं मिली थी अनुमति

**सीडीएस** जनरल अनिल चौहान ने कुछ दिन पूर्व एक कार्यक्रम में कहा था कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एयरफोर्स के इस्तेमाल की परमिशन नहीं दी गई थी। अगर ऐसा होता तो चीनी आक्रमण को काफी हद तक कम किया जा सकता था। सीडीएस चौहान ने यह टिप्पणी पुणे में दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल एस पी पी थोराट की संशोधित आत्मकथा- 'रेवेइल टू रिट्रीट' के विमोचन कार्यक्रम में की थी। वे इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जनता को समर्पित

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** सहकारी सभा बारी द्वारा सिविल अस्पताल टौणी देवी के पास अपना भारतीय जन औषधि केंद्र खोला है जिसका शुभारंभ सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत राणा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सहकारी सभा की प्रबंधक समिति व कर्मचारी वर्ग की सराहना की और कहा कि सभा द्वारा जनहित में जन औषधि केन्द्र खोल कर सहकारिता के मूल सिद्धांत को साकार किया है। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र जनता को समर्पित है क्योंकि यहां पर 50 से 90 प्रतिशत कम दर पर सस्ती दवाईयां लोगों को उपलब्ध होगी। इस अवसर पर निरीक्षक सुनील कुमार प्रबंधक समिति प्रधान सुनील कुमार, उप प्रधान राजीव चौहान, सदस्य सतपाल शर्मा, चंपा देवी सहित स्थानीय करतार ठाकुर, अमरदीप राणा, मंजीत सिंह, सरवन चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### भोरंज में कुत्तों के हमले से पालतू घोड़ी घायल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत थिरा ब्रिड्ड भूमि में 12 दिसंबर 2025 को पालतू घोड़ी पर खुले कुत्तों का हमला हुआ। घटना राजकीय प्राथमिक पाठशाला मझोह के पास हुई, जिसमें लगभग ढाई वर्ष की घोड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। घोड़ी के मालिक संजीव कुमार ने आरोपी प्रवीण कुमार के खुले छोड़े गए कुत्तों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर घायल घोड़ी को उपचार हेतु पशु चिकित्सालय भरेड़ी भेजा। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 के तहत मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना भोरंज के एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने पालतू पशुओं की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता रखने की अपील की है।

### शहीद विंग कमांडर नमांश स्याल को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा, जिला हमीरपुर की मासिक बैठक नादौन में जिला अध्यक्ष इंजीनियर सतीश कुमार कौशल की अध्यक्षता में कबीर भवन सलासी में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भारतीय वायुसेना के शहीद विंग कमांडर नमांश स्याल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। दुबई एयरशो के दौरान तेजस विमान दुर्घटना में शहीद हुए नमांश स्याल, जो कबीर पंथ समुदाय से थे, के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भविष्य में सभा की मासिक बैठक पूर्व परंपरा के अनुसार प्रत्येक माह के पहले रविवार को आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त सभा की गतिविधियों और सामाजिक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सतपाल कौशल, पंजाब सिंह कौशल, रंजीत बन्याल, बीर सिंह मस्ताना सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया।

### भरेड़ी में खेल उपलब्धियों पर हुई सार्थक चर्चा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भरेड़ी स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की मासिक बैठक 13 दिसंबर 2025 को सागर स्पोर्ट्स अकादमी में सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में संघ के अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। शुरुआत में हमीरपुर जिला की अंडर-18 वॉलीबॉल टीम द्वारा राज्य स्तरीय जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को बधाई दी गई। इसके उपरांत प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक स्थिति पर चर्चा करते हुए अवांछित गतिविधियों पर प्रशासन से सतर्कता बरतने की मांग की गई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए योग, संतुलित आहार और नियमित जांच को आवश्यक बताया गया। साथ ही भविष्य में सांस्कृतिक व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी।

### नादौन विस क्षेत्र को मिली 52 सोलर लाइटें

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा को 52 सोलर स्ट्रीट लाइटों की सौगात मिली है, जो कि हमीरपुर से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इन सोलर लाइटों की स्थापना से विधानसभा क्षेत्र में रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होगी, आमजन की सुरक्षा बढ़ेगी तथा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, जिला सचिव मंजीत सिंह, नादौन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, मंडल महामंत्री सुरेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्यार सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि नादौन विधानसभा के लिए 52 सोलर लाइटों की व्यवस्था कराना उनकी जनहितैषी सोच और क्षेत्र के प्रति संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाता है। आभार व्यक्त करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में निरंतर और संतुलित विकास हुआ है। सड़क, बिजली, खेल, युवाओं के लिए अवसर, डिजिटल व आधारभूत ढांचे के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सोलर लाइट जैसे हरित प्रोजेक्ट्स उनकी दूरदर्शी सोच का प्रमाण हैं। उन्होंने आगे कहा कि अनुराग ठाकुर ने सदैव शहरों के साथ-साथ कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी समान प्राथमिकता दी है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। नादौन विधानसभा में सोलर लाइटों की स्थापना स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र आने वाले समय में भी विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।

### वॉकथॉन की तैयारियों का लिया जायजा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने दोसड़का में उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी बलवीर सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ चिट्टा विरोधी मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद पठानिया और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय बन्याल भी उपस्थित रहे।

### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अप्पर हड़ेटा में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गलोड़ के अध्यक्ष कैप्टन प्रेमचंद शर्मा ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। समारोह में विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, गीत-संगीत, पंजाबी गिद्दा, भांगड़ा, लघु नाटक और समूह प्रस्तुतियों से प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा ने वर्षभर की गतिविधियों और उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत और पुलिस के प्रतिनिधि, पूर्व प्रधानाचार्य व शिक्षक तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शनिदेव मंदिर में लगाया विशाल भंडारा

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के शनिदेव मंदिर में शनिवार को मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा शुरू करने से पहले मंदिर में विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मंदिर में दूर-दूर से लोगों ने आकर मंदिर में शनिदेव मंदिर में पूजा-अर्चना की व लोगों द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा मंदिर में भजन-कीर्तन भी किया गया।

# हमीरपुर-मंडी एनएच की 1500 मीटर सड़क पीक्यूसी तकनीक से होगी पक्की

## टौणी देवी और झनिक्कर क्षेत्रों में चल रहा सड़क निर्माण, पानी से नहीं टूटेगी सड़क

**संजीव चैहान, टौणी देवी**

हमीरपुर-मंडी नेशनल हाईवे के फर्स्ट स्टेज में 1500 मीटर सड़क पीक्यूसी से निर्मित हो रही है। अभी कोट, दरोगण, टौणी देवी, झनिक्कर में अत्याधुनिक कंक्रीट कार्य चल रहा है। नेशनल हाईवे नंबर-03 (हमीरपुर, मंडी) के फर्स्ट स्टेज में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी) तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। अणु चौक से पाड़छु तक लगभग 40 किलोमीटर लंबे इस चरण में करीब 1500 मीटर सड़क का निर्माण पीक्यूसी तकनीक से किया जा रहा है। यह कार्य कोट, दरोगण, टौणी देवी और झनिक्कर क्षेत्रों में प्रगति पर है। इस तकनीक के तहत सड़क का निर्माण दो मजबूत कंक्रीट परतों में किया जा रहा है। डाउन लेयर में 200 मिलीमीटर मोटी



हमीरपुर-मंडी एनएच के फर्स्ट स्टेज में 1500 मीटर सड़क पीक्यूसी से निर्मित हो रही है।

कंक्रीट परत और इसके ऊपर 300 मिलीमीटर मोटी ऊपरी कंक्रीट परत डाली जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह संरचना सड़क को अत्यधिक भार वहन करने में सक्षम बनाती है और वर्षा जल के कारण होने वाले कटाव, गड्ढों और टूट-फूट की संभावना को लगभग समाप्त कर देती है। हाइवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि पीक्यूसी तकनीक पारंपरिक बिटुमिनस सड़कों की तुलना में कहीं अधिक टिकाऊ और दीर्घकालिक समाधान है। उन्होंने कहा कि सड़कें फ्लेक्सुरल स्ट्रेंथ के आधार पर डिजाइन की जाती हैं, जिससे भारी ट्रैफिक और जलभराव के बावजूद सड़क की मजबूती बनी रहती है। दोहरी कंक्रीट लेयर के कारण पानी का प्रभाव सड़क संरचना पर नहीं पड़ता, जिससे इसकी उम्र कई गुना बढ़ जाती है। इंजीनियर अंकित सिंह के अनुसार, इस तकनीक से बनी सड़कें न केवल कम रखरखाव मांगती हैं, बल्कि लंबे समय तक समतल और सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव भी देती हैं। खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में, जहां बारिश और जल निकासी बड़ी चुनौती होती है, वहां पीक्यूसी तकनीक बेहद कारगर सिद्ध होती है। उन्होंने यह भी बताया कि पीक्यूसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कंक्रीट की मजबूती, मोटाई, क्योरिंग और जॉइंट्स की नियमित जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो भविष्य में पूरे एनएच-03 और अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर भी पीक्यूसी तकनीक को अपनाया जा सकता है। इससे न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि बार-बार मरम्मत पर होने वाला सरकारी खर्च भी बचेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 3669 केसों का निपटारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- **प्री-लिटिगेशन, पोस्ट-लिटिगेशन व मोटर वाहन मामलों में मिली सफलता**

अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए शनिवार को जिला हमीरपुर के तीन न्यायिक परिसरों हमीरपुर, नादौन और बड़सर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। जिला एवं सत्र न्यायधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश अवस्थी की अध्यक्षता में लगाई गई इन लोक अदालतों में कई केसों की सुनवाई की गई तथा कई मामलों का त्वरित निपटारा कर दिया गया।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान सुनवाई के लिए आए कुल 7819 केसों में से 3669 का त्वरित निपटारा कर दिया गया। इन केसों में 1,99,91,865 रुपये की राशि वसूली गई।

कुलदीप शर्मा ने बताया कि इनमें से प्री-लिटिगेशन के 683 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से 217 का निपटारा कर दिया गया। इनमें 43,57,523 रुपये की राशि वसूल की गई। पोस्ट-लिटिगेशन के 536 मामलों में से 431 का निपटारा कर दिया गया और इनमें 1,35,61,642 रुपये की राशि वसूली गई। मोटर वाहन अधिनियम के 6600 केसों में से 3021 केस निपटा दिए गए और इनमें 20,72,700 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाती है। लोगों को इनका लाभ उठाना चाहिए। इससे उनके समय और धन की बचत होगी।

# हिंदी शिक्षण की आधुनिक विधियों पर अध्यापकों को मिला मार्गदर्शन



डीएवी भड़ोली में दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला शुरू।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

नादौन स्थित डीएवी स्कूल भड़ोली में दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने की। इस अवसर पर हिंदी शिक्षण के आधुनिक स्वरूप, नवीन तकनीकों व पाठ्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेष अतिथि एवं संसाधन व्यक्ति शर्मिला भारद्वाज (डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी) तथा सुनील कुमार (जवाहर नगर, सुंदरनगर) ने 'हिंदी कोर्स-ए' से संबंधित शिक्षण चुनौतियों, समाधान रणनीतियों व गतिविधि-आधारित शिक्षण मॉडल पर मार्गदर्शन दिया। कक्षा तीसरी से दसवीं तक हिंदी पढ़ाने वाले विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। उनकी सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सार्थक, परिणामोन्मुख व अत्यंत सफल बनाया। संसाधन व्यक्तियों ने शिक्षकों को शिक्षण में नवाचार अपनाने, विद्यार्थियों के लिए विषय को सुगम एवं आकर्षक बनाने व हिंदी के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# क्लस्टर निरीक्षण में अव्यवस्था विभाग ने बनाए नए नियम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में नया क्लस्टर सिस्टम लागू होने के बाद क्लस्टर प्रिंसिपल द्वारा स्कूलों के निरीक्षण की व्यवस्था शुरू की गई है, लेकिन स्पष्ट मापदंड तय न होने के कारण कई स्थानों पर अव्यवस्था देखी जा रही है। कुछ जिलों में यह सामने आया कि निरीक्षण के दौरान क्लस्टर प्रिंसिपल के साथ 5-6 शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी भी स्कूलों में जा रहे हैं और शिक्षकों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। मिडिल स्कूलों में तीन और प्राथमिक स्कूलों में एक-दो शिक्षकों के निरीक्षण के लिए इतने अधिक लोग जाना उचित नहीं माना जा रहा।

- **प्रिंसिपल के साथ निरीक्षण में अधिकतम एक स्टाफ सदस्य ही जा सकेंगे**

राजकीय टीजीटी कला संघ का मत है कि निरीक्षण हेतु प्रिंसिपल स्वयं जाएं या अधिकतम एक स्टाफ सदस्य और क्लर्क को साथ रखें। संघ ने शिक्षा विभाग से क्लस्टर निरीक्षण के लिए स्पष्ट एसओपी और मापदंड निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीआरसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन पिछले दो वर्षों से भर्ती पूरी न होने के कारण निरीक्षण का भार पूरी तरह निरीक्षण विंग पर है।

संघ ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि बीआरसीसी भर्ती का अंतिम परिणाम शीघ्र घोषित किया जाए, ताकि निरीक्षण प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी और शिक्षण-हितैषी ढंग से संचालित की जा सके। प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में यह मांग रखी है।

# 14 पंचायतों और शहरी निकायों में नशा निवारण समितियां अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- **संबंधित क्षेत्र के स्कूल के प्रमुख होंगे अध्यक्ष व पुलिस कर्मचारी होंगे सचिव**
- **कल होगी पहली बैठक, उपायुक्त ने जारी किए आदेश**

नशे पर नियंत्रण करने के लिए स्थानीय निकाय स्तर पर प्रभावी प्रबंध करने के लिए प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार जिला हमीरपुर में भी पहले चरण में तीन शहरी निकायों-नगर निगम हमीरपुर, नगर परिषद सुजानपुर और नादौन, 11 ग्राम पंचायतों- बणी, टिप्पर, बढ़ेड़ा, जोल सप्पड़, मण, फाहल, कड़ोहता, लगमनवीं, भोरंज, भौंखर और धमरोल में नशा निवारण समितियों का गठन कर लिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि अभी जिला में नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित शहरी निकायों एवं ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन कर लिया गया है। इन समितियों में संबंधित क्षेत्र के स्कूल के प्रधानाचार्य या मुख्याध्यापक को अध्यक्ष और उसी क्षेत्र के थाना या चौकी के पुलिस कर्मचारी को सदस्य सचिव बनाया गया है। इनमें संबंधित शहरी निकाय के कार्यकारी अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव या पंचायत सहायक, पटवारी, आशा वर्कर, महिला मंडल या युवक मंडल के प्रतिनिधि, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक या अन्य वॉलंटियरों को सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। उपायुक्त ने सभी 14 अधिसूचित नशा निवारण समितियों को 15 दिसंबर को पहली बैठक आयोजित करने तथा इनकी कार्यवाही रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। ये समितियां हर महीने बैठक आयोजित करके रिपोर्ट प्रेषित करेंगी।



इन समितियों के मुख्य कार्यों में, क्षेत्र में नशे की स्थिति पर नजर रखना, किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचित करना, जागरूकता गतिविधियां आयोजित करना और नशे की समस्या के निवारण के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग तथा शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना इत्यादि शामिल किए गए हैं। जिला के पुलिस अधीक्षक हर तिमाही के बाद इन समितियों के कार्यों की समीक्षा करेंगे और इसकी रिपोर्ट गृह विभाग को प्रेषित करेंगे।

# नादौन अस्पताल की व्यवस्था को बनाएं और अधिक सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण चौधरी ने शनिवार को नादौन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल पहुंच कर समस्त परिसर का दौरा किया। इस दौरान बीएमओ डॉ. राजेश भारद्वाज भी उपस्थित रहे। डॉ प्रवीण ने अस्पताल के अंदर व्यवस्था तथा सुविधाओं का भी बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और जवाबदेह बनाने के लिए निर्देश दिए। डॉ चौधरी ने निर्देश दिए कि किसी भी रोगी या तामीरदार को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अस्पताल में काफी सुधार हुआ है लेकिन अभी भी व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने का विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी रोगी को कोई परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

# हिम अकादमी को तकनीकी नवाचार के लिए हैदराबाद में मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर और हीरानगर परिसर, को स्कूल शिक्षा में तकनीकी नवाचार, गुणवत्ता आधारित शिक्षण और आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोण के लिए ईटी-टेक स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ईटी-टेक द्वारा ब्रेनफीड के सहयोग से हाइटेक, हैदराबाद में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। यह सम्मान हैदराबाद स्थित एक भव्य समारोह में हिम अकादमी के निदेशक इंजी. पंकज लखनपाल एवं प्रधानाचार्य तिना लखनपाल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अकादमिक डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की उस निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिसके अंतर्गत शिक्षा में तकनीक का प्रभावी उपयोग, मूल्यों का समावेश, नवाचारी शिक्षण पद्धतियां तथा विद्यार्थियों की समग्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों परिसरों में स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल संसाधनों और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सम्मान के लिए ब्रेनफीड संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता दोनों परिसरों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और समस्त स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। प्रबंधन ने भविष्य में भी शिक्षा में नवाचार और गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता को दोहराया।



# शिक्षकों ने सीखे आधुनिक कक्षा प्रबंधन व प्रेरक शिक्षण के तरीके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर हमीरपुर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'हैप्पी क्लासरूम' था, जिसके अंतर्गत शिक्षकों को कक्षा को अधिक आनंददायक, प्रेरणादायक और सहभागितापूर्ण बनाने के आधुनिक तरीकों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में कुल 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 8 प्रतिभागी पिनैकल वर्ल्ड स्कूल, बडोह (जिला कांगड़ा) से विशेष रूप से शामिल हुए।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न।

प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षणकर्ता शालिनी सहोत्रा और भाग सिंह रहे। शालिनी सहोत्रा ने सूक्ष्मजीव विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी) में परास्नातक तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग में परास्नातक डिप्लोमा किया है और वे 14 वर्षों का समृद्ध शिक्षण अनुभव रखती हैं। वे पिछले 11 वर्षों से हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में जीव विज्ञान की प्रवक्ता (पीजीटी बायोलॉजी) के रूप में सेवाएं दे रही हैं। वहीं भाग सिंह रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.एससी.), शिक्षा में स्नातक (बी.एड.) तथा एम.फिल की योग्यता रखने वाले अनुभवी शिक्षक हैं, जिन्होंने अपने सरल और व्यावहारिक दृष्टिकोण से शिक्षकों को आधुनिक कक्षा प्रबंधन एवं प्रभावी शिक्षण विधियों से परिचित कराया। दोनों विशेषज्ञों ने संवादात्मक गतिविधियों, समूह कार्यों और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक, प्रेरक और उपयोगी बनाया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और व्यवहारिक कौशलों को निखारने वाला बताया।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से यह कहा गया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की पेशेवर गुणवत्ता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होते हैं और भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार के उपयोगी एवं सार्थक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करता रहेगा।

## एग्जाम हमीरपुर जिले में 9 परीक्षा केंद्रों में हुई छठी कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा

# 2732 छात्रों ने दिया नवोदय का पेपर

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर की छठी कक्षा में प्रवेश के लिए शनिवार को जिला के 9 परीक्षा केंद्रों में चयन परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा सुबह 11.30 शुरू हुई और 1.30 तक समाप्त हुई। इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिला भर से 3331 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें से 2732 छात्र परीक्षा देने के लिए पहुंचे जबकि 599 छात्र अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा के लिए छात्र सुबह से ही अपने अभिभावकों के साथ पहुंचना शुरू हो गए थे। परीक्षा से संबंधित सारे निर्देश ऑनलाइन फार्म भरने के बाद दिए गए एडमिट कार्ड में साफ निर्देशित किए गए थे। जिसका पालन करते हुए जिला में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि हमीरपुर



हमीरपुर स्कूल में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा देने के बाद अभिभावक परीक्षा के बारे में चर्चा करते हुए।

जिला के सरकार स्कूलों में 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर, सुजानपुर, टौणी देवी, बणी, भोरंज, भरेड़ी, गलोड़ और नादौन। उन्होंने बताया कि जिला के 3331 छात्रों ने ऑनलाइन इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था। जिसमें 2732 छात्र परीक्षा देने के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में लड़कों का 82 प्रतिशत और लड़कियों का 81 प्रतिशत रहा। इनमें 1430 लड़के और 1302 लड़कियां परीक्षा देने के लिए आई थी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सुचारू, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए पूरे इंतजाम किए थे। प्रशासन द्वारा परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में किसी प्रकार कोई असुविधा देखने को नहीं हुई और यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# जलाड़ी में नेत्र रोग जांच शिविर में नियमों की अवहेलना, सीएमओ ने किया निरीक्षण

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** जलाड़ी पंचायत में एक नामी निजी अस्पताल के नाम से लगाए गए नेत्र रोग जांच शिविर में नियमों की उल्लंघना करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण चौधरी ने औचक निरीक्षण के दौरान कड़ी कार्यवाही की है। इस संबंध में विभाग की ओर से पुलिस थाना नादौन में शिकायत भी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को जलाड़ी पंचायत में कांगड़ा के प्रसिद्ध सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ के नाम से एक शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके लिए, कुछ समय से आस पास के क्षेत्रों में काफी प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा था।

इस शिविर के औचक निरीक्षण के लिए सीएमओ डॉ प्रवीण चौधरी बीएमओ डॉ राजेश भारद्वाज तथा अन्य कर्मचारी मौका पर पहुंचे। वहां पाया गया कि जिस प्रसिद्ध सर्जन के नाम से विभाग से स्वीकृति ली गई थी वह मौका पर नहीं थे बल्कि कोई अन्य लोग ही नेत्र जांच कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि यह उक्त प्रसिद्ध डॉक्टर का ही स्टाफ है परन्तु सीएमओ ने इस लापरवाही का कड़ा संज्ञान लिया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस आरोपियों को मौका पर पहुंची लेकिन इससे पहले ही पूरा स्टाफ वहां से भाग गया। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि शिविर में दवाइयों के पैसे भी लिए जा रहे थे। विभाग का कहना है कि ऐसे शिविरों में जिस-जिस डॉक्टर के नाम स्वीकृति ली जाती है केवल वही चिकित्सक रोगियों की जांच कर सकता है, परन्तु इस शिविर में डॉ मौका पर स्वयं उपस्थित नहीं थे।

डॉ. प्रवीण चौधरी ने कहा कि यह जरूर सुनिश्चित करें कि जिस डॉ के नाम से शिविर लगाया जा रहा है वह स्वयं शिविर में आ रहे हैं या नहीं। यदि विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित ना हो तो ऐसे शिविरों में रोगों की जांच ना करवाएं। उन्होंने कहा कि झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का विभाग द्वारा निरीक्षण किया जाता है ताकि नियमों की उल्लंघना ना हो। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# धनुष-बाण के साथ भाजपा ने बजाई 2027 की रणभेरी

## पीटरहॉफ से भाजपा का शंखनाद: कांग्रेस की मंडी रैली के बाद सियासी जवाब, नड्डा के नेतृत्व में एकजुट दिखा संगठन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के अतिथि गृह पीटरहॉफ से उठा यह दृश्य सिर्फ एक स्वागत समारोह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राज्य की सियासत में भविष्य की पटकथा का पहला अध्याय बनता भी दिखा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का यह दौरा ऐसे वक्त पर हुआ, जब कांग्रेस मंडी में शक्ति प्रदर्शन कर चुकी थी और राजनीतिक तापमान पहले से ही गरम था। ठीक उसी पृष्ठभूमि में नड्डा का हिमाचल आगमन, वह भी बिहार में प्रचंड चुनावी जीत के बाद पहली बार, भाजपा के आत्मविश्वास और रणनीतिक स्पष्टता का खुला ऐलान बन गया।

नड्डा को भेंट किया गया धनुष-बाण केवल एक प्रतीक नहीं रहा। वह भाजपा के लिए संकल्प, संघर्ष और विजय का संकेतक बनकर उभरा। भारतीय परंपरा में धनुष-बाण धर्म की रक्षा, अन्याय के प्रतिकार और निर्णायक युद्ध का संकेत देता है। श्रीराम का कोदंड, शिव का पिनाक और अर्जुन का गांडीव ये सभी प्रतीक बताते हैं कि जब समय आता है, तो निर्णय भी स्पष्ट होता है। पीटरहॉफ में यही भाव हवा में तैरता दिखा कि भाजपा अब किसी असमंजस में नहीं, बल्कि सीधे रणभूमि की ओर कदम बढ़ा रही है।

पीटरहॉफ का प्रांगण शनिवार को भगवा विश्वास से सराबोर था। जैसे ही जेपी नड्डा ओपन जीप में सभा स्थल की ओर बढ़े, नारे आसमान चीरने लगे। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद और भारत माता की जय की गूंज ने साफ कर दिया कि संगठनात्मक तौर पर भाजपा पूरी तरह लामबंद है। तिल धरने तक की जगह नहीं थी और यह भीड़ किसी औपचारिक आयोजन की नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक बढ़त का संकेत दे रही थी।

कार्यकर्ताओं की पुष्पवर्षा और नड्डा का आत्मीय व्यवहार इस पूरे कार्यक्रम को केवल शक्ति प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहने देता। उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और शब्दों में ठहराव था। यह वही ठहराव था, जो बड़े चुनावों से पहले नेताओं में दिखता है। बिहार की जीत की गूंज अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि हिमाचल में यह दौरा, कांग्रेस को यह संदेश देता नजर आया कि मुकाबला अब दूर नहीं, बल्कि दरवाज़े पर खड़ा है।

इस आयोजन की सबसे अहम बात भाजपा की एकजुटता रही। मंच और मैदान पर कोई खेमेबंदी, कोई तकरार, कोई अदृश्य दीवार नजर नहीं आई। अनुराग ठाकुर हों, जयराम ठाकुर हों, पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान सांसद या प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सभी एक ही लय, एक ही सुर में दिखाई दिए। यह तस्वीर कांग्रेस की मंडी रैली से बिल्कुल उलट थी, जहां गुटबाजी की दरारें और नेतृत्व की खींचतान खुलकर सामने आई थीं। यहां न कोई नाराज़गी दिखी, न ही कोई अलग सुर।

### राजनीतिक संकेत में आगे की पटकथा के मायने

**पीटरहॉफ** से उठा यह शंखनाद साफ इशारा करता है कि भाजपा हिमाचल में 2027 को अभी से केंद्र में रखकर चल रही है। यह दौरा बताता है कि पार्टी अब सिर्फ सरकार की आलोचना तक सीमित नहीं, बल्कि चुनावी जमीन तैयार करने में जुट चुकी है। नड्डा का प्रभाव, संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं का जोश ये तीनों मिलकर यह संदेश दे गए कि भाजपा ने सियासी रण के लिए धनुष चढ़ा दिया है। आने वाले महीनों में हिमाचल की राजनीति इसी गूंज के इर्द-गिर्द घूमती दिखे, तो हैरानी नहीं होगी।

## जेपी नड्डा ने मजठाई में किया भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को मजठाई में भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास किया। शिलान्यास पूजन के दौरान उन्होंने पट्टिका का अनावरण किया और प्रस्तावित भवन की संरचना व उपयोगिता पर जानकारी ली। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। नड्डा ने कहा कि नया प्रदेश कार्यालय संगठन को नई ताक़त और दिशा देगा। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत की और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, अनुराग ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिमाचल कांग्रेस में फूट, सरकार में लूट की खुली छूट: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने शिमला में भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस में फूट पड़ी हुई है और सरकार में चहेतों को लूट की खुली छूट मिली हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि हिमाचल में भाजपा का प्रदेश मुख्यालय भवन पहले बनेगा या फिर भाजपा की सरकार पहले बनेगी।



अनुराग ने कहा कि भाजपा हिमाचल के सभी कार्यकर्ताओं को मैं नए प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कि हिमाचल में भाजपा का प्रदेश मुख्यालय भवन पहले बनेगा या फिर भाजपा की सरकार पहले बनेगी। हिमाचल में आज कांग्रेस पार्टी कर्जे की सरकार चला रही है और इन्होंने अपनी 3 साल की नाकामी का जश्न भी 350 करोड़ का कर्ज लेकर मनाया है। हिमाचल की कांग्रेस सरकार खाओ पियो मौज करो सरकार बन चुकी है। यहां कांग्रेस पार्टी में फूट पड़ी हुई है और सरकार में चहेतों को लूट की खुली छूट मिली हुई है। मंच से मतभेद सामने दिख रहा है, तलवारें खींच चुकी हैं और ये आपस में ही लड़कर खत्म होने को बेकरार हैं। मित्रों की सरकार में गुंडे और माफिया हावी हैं और सरकार का इक़बाल ख़त्म हो चुका है।

अनुराग ने कहा कि विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारत की विकास यात्रा को एक नई गति देने व विश्वपटल पर एक नए भारत की छवि निर्माण का काम किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और हम इस संकल्प की दिशा में काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## देश और संगठन मजबूत हाथों में : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुरक्षित हाथों में है और भारतीय जनता पार्टी की कमान हिमाचल के बेटे जगत प्रकाश नड्डा के पास है, जो दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों शीर्ष नेताओं का हिमाचल से गहरा नाता है और वे देवभूमि की चिंता भी करते हैं। प्रदेश की जनता की ओर से उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का अभिनंदन किया और बिहार में एनडीए की जीत पर उन्हें बधाई दी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के तीन साल पूरे होने से पहले ही पूरा हिमाचल इस दौर की कीमत चुका चुका है। 2023 से प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है, सैकड़ों लोगों की जान गई, लेकिन सरकार ने संयम दिखाने के बजाय जश्न मनाया।

### कहा-व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर बर्बादी का दौर

एक तरफ आपदा अधिनियम की आड़ में पंचायत चुनाव टाले गए, तो दूसरी तरफ समारोहों पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि 2022 में भाजपा सरकार के कार्यकाल के अंत में प्रदेश पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज था, जिसमें से 20 हजार करोड़ भाजपा सरकार के दौरान लिया गया।

## नवरात्र चढ़ावे की राशि नहीं की बैंक में जमा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के शिमला जिले के ठियोग पुलिस थाना में माता महेश्वरी मंदिर के चढ़ावे की रकम गबन किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। यह शिकायत ठियोग के मतियाना निवासी पूर्ण चंद ने दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार माता महेश्वरी का मंदिर शरी में स्थित है। नवरात्रों के दौरान परंपरा के अनुसार माता की मूर्ति को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर से बाहर देवरा में रखा जाता है। इस वर्ष माता की मूर्ति 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक देवरा में रखी गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए और चढ़ावे के रूप में नकद राशि भेंट की।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मंदिर के साथ भंडारी भी रहता है, जो चढ़ावे की राशि का हिसाब-किताब रखने और उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाता है। भंडारी मंदिर समिति का भी एक हिस्सा होता है। नवरात्रों के दौरान माता को करीब तीन लाख रुपए का नकद चढ़ावा चढ़ाया गया था।

आरोप है कि भंडारी कृष्ण लाल निवासी ठियोग ने यह नकद राशि अब तक मंदिर के बैंक खाते में जमा नहीं करवाई। इस पर संदेह होने के बाद शिकायतकर्ता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। ठियोग पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 316(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों की पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लंदन में पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य को सम्मान

### विश्व बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की ओर से सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री को ब्रिटिश संसद के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में विश्व बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, लंदन की ओर से 'सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व और सम्मान का विषय माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिमाचल के प्रतिनिधि को मिली यह पहचान प्रदेश की मेहनत, विश्वास और सामूहिक प्रयासों की प्रतीक है।

सम्मान समारोह के दौरान मंत्री ने कहा कि हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक और विश्वविख्यात मंच पर सम्मानित होना उनके लिए बेहद भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हिमाचल का एक साधारण बेटा भी दुनिया के बड़े मंच पर अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकता है। उन्होंने यह सम्मान हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स के माननीय सदस्य लॉर्ड रम्मी रेंजर के करकमलों से प्राप्त किया।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त करने के बाद विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ताओं, समर्थकों और गुरुजनों का है। उन्होंने कहा कि इन्हीं लोगों के विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रही है और आज यह उपलब्धि उसी विश्वास का परिणाम है।

अपने वक्तव्य में मंत्री ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वे हिमाचल के विकास, युवाओं के भविष्य, प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और आम आदमी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत से काम करते रहेंगे।

मंत्री ने अंत में कहा कि यह पुरस्कार वास्तव में हर हिमाचली का है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मिट्टी, लोगों का प्यार और भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और यही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान भी है।

## शिमला में वीकेंड पर सैलानियों की बढ़ी आमद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** महीने के दूसरे शनिवार और रविवार की छुट्टी के चलते वीकेंड पर पहाड़ों की रानी शिमला सैलानियों से गुलजार हो गई। बर्फबारी की उम्मीद में पर्यटक शुक्रवार शाम से ही शिमला पहुंचने लगे। ठंडी हवाओं और सुहावने मौसम के बीच पर्यटकों ने माल रोड, रिज मैदान, कुफरी और नालदेहरा जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का रुख किया और पहाड़ी वातावरण का भरपूर आनंद लिया। शनिवार को माल रोड और रिज मैदान पर दिनभर रौनक बनी रही। सैलानी यहां घूमते नजर आए और पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद लेते दिखे। रिज मैदान पर आयोजित फूड कार्निवल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा, जहां स्थानीय और बाहरी व्यंजनों ने लोगों को खूब लुभाया। पर्यटन विभाग के अनुसार इन दिनों दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं।

### सशस्त्र सीमा बल दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुम्पटी में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

## सशस्त्र बलों की कार्यप्रणाली से रू-ब-रू हुए विद्यार्थी

अनंत ज्ञान, शिमला

कुसुम्पटी स्थित सशस्त्र सीमा बल के दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय विद्या केंद्र विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सशस्त्र बलों की कार्यसंस्कृति, अनुशासन और करियर से जुड़ी संभावनाओं की प्रत्यक्ष जानकारी देना रहा, ताकि वे भविष्य की दिशा को लेकर जागरूक हो सकें।

विद्यालय के 45 छात्र-छात्राओं और तीन अध्यापिकाओं के दल का प्रशिक्षण केंद्र में स्वागत किया गया। मुख्य सभागार में निरीक्षक सामान्य राजेश कुशवाहा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया, जहां छात्रों को सशस्त्र सीमा बल के इतिहास और भूमिका पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके बाद कमान अधिकारी उप कमांडेंट संचार अजय शर्मा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती प्रक्रिया, शैक्षणिक व शारीरिक योग्यता, चिकित्सकीय परीक्षण, स्पोर्ट्स कोटा और विभिन्न पदों से संबंधित जानकारी देते हुए करियर मार्गदर्शन किया।



सशस्त्र सीमा बल दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुम्पटी में विचार विमर्श के दौरान राष्ट्रीय विद्या केंद्र विद्यालय के छात्र-छात्राएं।

भ्रमण के दौरान निरीक्षक सामान्य जयसी राम के नेतृत्व में छात्रों को पुस्तकालय, दूरसंचार से जुड़े तकनीकी उपकरणों, उच्च दक्षता वाले कंप्यूटर और स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण कराया गया। सहायक उप निरीक्षक संचार पर्वत कुमार साहू, धर्मराज गौतम और अमित विश्वकर्मा ने तकनीकी कार्यशैली से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण केंद्र की कार्यप्रणाली को प्रेरणादायक बताया। विद्यालय की अध्यापिकाएं दीपिका पवना और रक्षा भी इस दौरान उपस्थित रहीं।


## चिट्टे के खिलाफ 254 एकांत स्थलों पर पुलिस की तलाशी

### सीएम के निर्देशों पर चला विशेष ऑपरेशन, सुनसान ठिकानों पर पुलिस की पैनी नजर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप राज्य पुलिस ने पूरे प्रदेश में एक विशेष, सुनियोजित और सघन एंटी-चिट्टा अभियान चलाया। यह कार्रवाई 15 नवंबर से शुरू किए गए राज्यव्यापी एंटी चिट्टा जन-आंदोलन के तहत चिट्टा-मुक्त हिमाचल के संकल्प को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक अहम क़दम मानी जा रही है।

अभियान के तहत प्रदेशभर में चिन्हित एकांत और अर्ध-सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। सुनसान पहाड़ी ढलानें, जंगलों के भीतर के हिस्से, खाली भवन, कमरे, पार्किंग स्थल, नदी-नालों के किनारे, पुराने बस अड्डे और गैराज शेड जैसे ठिकानों पर पुलिस ने गहन निरीक्षण और तलाशी अभियान चलाया, ताकि नशे से जुड़े नेटवर्क और गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार किया जा सके।



अभियान के दौरान एकांत स्थलों पर लोगों की तलाशी लेते पुलिसकर्मी।


राज्य-स्तरीय इस ऑपरेशन के दौरान कुल 254 निर्जन व अर्ध-सार्वजनिक स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और 596 वाहनों की तलाशी ली गई। अभियान दक्षिणी, केंद्रीय और उत्तरी—तीनों पुलिस रेंजों में एक साथ समान प्रभाव के साथ संचालित हुआ। दक्षिणी रेंज में सोलन, किन्नौर, सिरमौर और बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र, केंद्रीय रेंज में मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, हमीरपुर और बिलासपुर, जबकि उत्तरी रेंज में कांगड़ा, नूरपुर, देहरा, चंबा और ऊना जिलों में चिन्हित स्थलों पर सघन कार्रवाई की गई।

### अभियान के दौरान की 301 व्यक्तियों की जांच

**अभियान** के दौरान 301 व्यक्तियों की जांच और काउंसलिंग की गई, जिनमें से नौ व्यक्तियों के रक्त और मूत्र के नमूने सुरक्षित किए गए। एनडीपीएस अधिनियम और अन्य विधिक प्रावधानों के तहत नौ आपराधिक मामले दर्ज किए गए। वहीं, एकांत स्थलों पर पाए गए अन्य व्यक्तियों को आवश्यक परामर्श, दस्तावेजीकरण और काउंसलिंग के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### जन सहयोग से ही बनेगा चिट्टा मुक्त हिमाचल

**अंत** में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि चिट्टा या किसी भी प्रकार के नशे से जुड़ी सूचना टॉल फ्री नंबर 112 या नजदीकी पुलिस थाने में तुरंत दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि युवाओं को नशे के दलदल में जाने से रोकना और समाज को सुरक्षित रखना इस अभियान का मूल उद्देश्य है।



अनुराग सिंह ठाकुर
संसद सदस्य (लोक सभा)
पूर्व केंद्रीय मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

सभापति:
कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति
सदस्य:
लोक लेखा समिति

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी अपनी स्थापना की दूसरी वर्षगाँठ मना रहा है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और अनंत ज्ञान ने इस स्तंभ की मज़बूती में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की आपकी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली प्रशंसनीय है।

हिमाचल प्रदेश में हिन्दी पत्रकारिता को अनंत ज्ञान ने अपनी शैली से एक नया आयाम दिया है। आशा है कि अनंत ज्ञान आगे भी संतुलित व निष्पक्ष समाचारों का प्रकाशन करता रहेगा, जनता के मुद्दों को ठीक ठीक ढंग से उठाता रहेगा व सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा। मेरी तरफ से अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ।

शुभकामनाओं सहित।

आपका

(अनुराग सिंह ठाकुर)

### हरकत: वन भूमि पर अवैध कब्जों में नंबरों के हेरफेर से निशानदेही पर सवाल

## कागजों में सख्ती, जमीन पर इम्तिहान बाकी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जंगलात व सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों का मसला एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। लंबे समय तक सुस्त पड़ी कार्रवाई के बाद अब अलग-अलग जिलों से यह संकेत मिल रहे हैं कि प्रशासन हरकत में आया है। कहीं निशानदेही हो रही है, कहीं नोटिस थमाए जा रहे हैं और कहीं वन विभाग को भूमि सौंपने की प्रक्रिया तेज हुई है। मगर यह तस्वीर अभी अधूरी है और सवाल यह है कि क्या यह मुहिम वाकई निर्णायक मोड़ तक पहुंचेगी या फिर फाइलों और रिपोर्टों में उलझ कर रह जाएगी।

जानकारी के अनुसार जमीनी हकीकत यह है कि जंगलात की भूमि पर वर्षों से सेब के बागीचे, खेती और यहां तक कि पक्के निर्माण खड़े हैं। सरकार की ओर से समय-समय पर अभियान की बातें जरूर हुईं, लेकिन व्यापक स्तर पर ठोस कार्रवाई कम ही दिखी। अब जब कुछ क्षेत्रों में कब्जे हटाने की प्रक्रिया शुरू होने की खबरें सामने आ रही हैं, तो उम्मीद जगी है कि शायद इस बार मामला गंभीरता से आगे बढ़े।

हालांकि प्रशासनिक स्तर पर सबसे बड़ी बाधा जमीन के रिकॉर्ड और बंदोबस्त की उलझन है। कई जगह आज भी यह साफ नहीं है कि कौन सी जमीन वन विभाग की है, कौन सी राजस्व की और कहां निजी स्वामित्व की सीमाएं खत्म होती हैं। पटवारी स्तर पर नक्शों और खसरा नंबरों का भ्रम कार्रवाई को कमजोर करता रहा है। इसी कारण कई बार छोटे कब्जेदार निशाने पर आ जाते हैं, जबकि बड़े अतिक्रमणकारी दस्तावेज़ों की हेराफेरी से खुद को बचा ले जाते हैं।

### नंबरों को लेकर बढ़ी उलझन, निशानदेही से आगे बंदोबस्त की जरूरत

कानूनी मोर्चे पर भी स्थिति सीधी नहीं है। कुछ मामलों में उच्च न्यायालय सख्ती दिखाने की कोशिश कर रहा है, तो वहीं सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं और स्टे के कारण सरकार के कदम ठिठके हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की सीमाएं और अपवाद ऐसे हैं कि हर मामले में समान कार्रवाई संभव नहीं हो पाती। इसी असमंजस में सरकार कभी आक्रामक दिखती है तो कभी पीछे हटती नजर आती है।

### बंदोबस्त के बिना मुहिम अधूरी

**विशेषज्ञों** और बुद्धिजीवियों का साफ मानना है कि जब तक प्रदेश में भूमि का पूर्ण और पारदर्शी बंदोबस्त नहीं होगा, तब तक अवैध कब्जों पर स्थायी लगाम नहीं लग सकती। सही निशानदेही के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किसने कहां और कितना अतिक्रमण किया है। बंदोबस्त से न केवल असली आंकड़े सामने आएंगे, बल्कि फील्ड में काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों की परेशानियां भी कम होंगी।

### कानूनी दांव-पेंच में उलझी कार्रवाई

**अब** निगाहें आने वाले दिनों पर टिकी हैं। यदि सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट नीति, कानूनी मजबूती और प्रशासनिक इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ती है, तो जंगलात भूमि को बचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। लेकिन यदि भ्रम, आधी-अधूरी कार्रवाई और कानूनी दांव-पेच हावी रहे, तो यह मुहिम भी पिछली कोशिशों की तरह उम्मीदों के बोझ तले दब सकती है। असली परीक्षा यहीं है कि सरकार संतुलित, निष्पक्ष और साहसिक फैसला ले पाती भी है या नहीं?

## हिमाचल की ऊंची चोटियों पर हिमपात शिमला और मनाली में बादलों का डेरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट ली है और पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात दर्ज किया गया है। जबकि शिमला और मनाली सहित प्रमुख हिल स्टेशनों में दिन भर बादल छाए रहे। लाहौल स्पीति, किन्नौर और चंबा जिले के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी होती रही। इससे पहाड़ों पर ठंड और बढ़ गई।

शिमला, कुफरी और मनाली में बादलों की मौजूदगी के कारण धूप नहीं निकल पाई और तापमान में गिरावट महसूस की गई। मैदानी इलाकों में भी कई स्थानों पर बादल छाए रहे। इससे मौसम में ठंडक बढ़ी, हालांकि कहीं भी बारिश दर्ज नहीं हुई। बारिश न होने से किसानों और बागवानों को फिलहाल राहत नहीं मिल पाई है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान यानी 14 दिसंबर को चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिलों में हिमपात की संभावना है, जबकि राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ रहने का अनुमान है। इसके बाद 15 से 19 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई गई है। इस महीने अब तक राज्य में बारिश की एक भी बूंद नहीं गिरी है। इसका असर फसलों और फलों पर पड़ रहा है। मैदानी इलाकों में कई जगह गेहूं की बुआई का काम प्रभावित हो रहा है और नमी की कमी से किसान चिंतित हैं।

इसी बीच प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। लाहौल स्पीति जिले के ताबो में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे गिरकर माइनस 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कुकुमसेरी में माइनस 3.5 और समधो में माइनस 2.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। अन्य शहरों की बात करें तो शिमला में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.3 डिग्री अधिक है, इसके बावजूद ठंड महसूस की जा रही है। राज्य के कई मैदानी इलाके शिमला से भी अधिक ठंडे रहे।

# पेंशनर्स दिवस समारोह एकजुटता और संवाद का बनेगा मंच : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि 17 दिसंबर को घुमारवीं (बिलासपुर) में आयोजित होने वाला राज्यस्तरीय पेंशनर्स दिवस समारोह केवल औपचारिक नहीं, बल्कि पेंशनर्स के संघर्ष, एकजुटता और अधिकारों की सशक्त अभिव्यक्ति एवं संवाद का मंच बनेगा।

**सीएम होंगे पेंशनर्स दिवस समारोह के मुख्य अतिथि**

पुरानी पेंशन बहाली के प्रबल समर्थक और ध्वजवाहक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी इसकी अध्यक्षता करेंगे। भंडारी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा व राज्य संयोजक एवं मंडी जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान हरीश शर्मा की सक्रिय भूमिका इस समारोह की जान है, जिन्होंने विभिन्न पेंशनर्स संगठनों को एकजुट कर उनकी आवाज मजबूत की है। पुरानी पेंशन बहाली को बनाए रखने, लंबित वित्तीय देयताएं, समयबद्ध भुगतान और सम्मानजनक जीवन जैसे मुद्दों पर यह निरंतर संघर्षरत रहे हैं। पेंशनर्स ने इस समारोह को ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। यह केवल अभिनंदन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि संवैधानिक, नैतिक और वैधानिक अधिकारों को मुखरित करने का मंच बनेगा। पेंशनर्स समुदाय को पूर्ण आशा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ज्वाइंट फ्रंट के मुद्दों पर ठोस घोषणा करेंगे। ऐसी पहल लाखों पेंशनर्स को राहत देगी और सरकार की संवेदनशीलता को मजबूत करेगी। यह समारोह संघर्ष से संवाद और मांग से निर्णय की ओर बढ़ता निर्णायक कदम साबित होगा।

# कछेड़ा गांव में आग लगने से गोशाला राख, गाय झुलसी

## फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने तक सब कुछ स्वाह, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** ब्लॉक पंचरुखी की मझेड़ा पंचायत के कछेड़ा गांव में शुक्रवार रात को आग लगने से गोशाला जलकर राख हो गई। गोशाला के अंदर बंधी गाय व बछड़ी को स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से बचा तो लिया, लेकिन गाए झुलस गई है। गोशाला के मालिक जयराम ने बताया कि रात करीब एक बजे पता चला कि गोशाला में आग लग गई है। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग जाग गए।


कछेड़ा गांव में शुक्रवार रात को आग लगने से जली गोशाला।

आग के लपटें इतनी थी कि गोशाला के करीब जाना भी मुश्किल हो रहा था। स्थानीय युवाओं ने बड़ी मुश्किल से आग की लपटों के बीच जाकर गाय तथा बछड़ी को बाहर तो निकाला लिया, लेकिन गाय झुलस गई है। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड को भी फोन किया था, लेकिन जब फायर ब्रिगेड गाड़ी पहुंची, तब तक सब कुछ तबाह हो चुका था। उन्होंने ने बताया कि गोशाला के साथ ही छह घर हैं। गनीमत यह रही कि स्थानीय लोगों ने आग की लपटों पर काबू पा लिया था, नहीं तो सभी के घर जल जाते। जयराम ने कहा कि वह गरीब आदमी है अपाहिज है बैसाखियों के सहारे ही चलना पड़ता है और बड़ी मुश्किल से गुजारा कर रहे हैं। गोशाला के अंदर रखा घास, लकड़ी तथा अन्य समान जलने से लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वह दोबारा अपनी गोशाला बना सकें। नायब तहसीलदार जयसिंहपुर विजय शर्मा ने बताया कि जयराम को फौरी राहत के तौर पर पांच हजार की राशि दी है। गोशाला का मुआयना करके जो भी उचित होगा इनकी पूरी सहायता की जाएगी।

# घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम 16 से


रैत ब्लॉक के तहत मूंदला पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एकल** नारी शक्ति संगठन की ओर से कांगड़ा जिले के धर्मशाला, रैत, पंचरुखी, बैजनाथ जबकि चंबा जिले के चंबा और भटियात ब्लाकों की विभिन्न पंचायतों में घेरलू हिंसा के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

संगठन की राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल ने बताया कि 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक जागरुकता पखवाड़े के तहत रैलियों, बैठकों व नुक्कड़ नाटकों के जरिये न केवल महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को जागरुक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में संगठन की कारजू, शिमलो देवी, बीना, मिलापा, रजनी आदि अपना सहयोग दे रही हैं। रैत ब्लॉक के तहत मूंदला पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# 'आप' ने पंजाब को विनाश की ओर धकेला: अश्वनी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब में जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्माया हुआ है। सभी राजनीतिक दल अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी कड़ी में पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने देहाती पठानकोट के वार्ड नंबर 5 में लगभग 15-20 पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी मन्नू रानी के समर्थन में लोगों से मतदान की अपील की। अश्वनी शर्मा ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों में आम आदमी पार्टी ने पंजाब का विकास करने के बजाय उसे विनाश की ओर धकेला है। उन्होंने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, वहीं विकास है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पंजाब में भाजपा की सरकार बनना तय है और मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

# संसारपुर टैरेस के थाना प्रभारी संजय सम्मानित


देहरा के एसपी मयंक चौधरी ने जिले में बेहतरीन कार्य करने पर पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**देहरा** के एसपी मयंक चौधरी द्वारा जिले में बेहतरीन कार्य करने पर पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डाडासीबा डीएसपी देहरा व उनकी टीम संसारपुर टैरेस थाना प्रभारी संजय शर्मा, एएसआई शशी कुमार, हेड कांस्टेबल रजनीश व नवजीत मनकोटिया सहित कांस्टेबल राजकुमार व संजीव कुमार को एसपी देहरा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन व ड्रग माफिया व वनकाटुओं की कमर तोड़ने में पुलिस कर्मचारियों ने कुछ दिनों में ताबड़तोड़ एक्शन के बाद कर्मचारियों के हौंसला बढ़ाने के लिए पुलिस कप्तान ने कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# आईटीआई बड़ोह में कैंपस इंटरव्यू 22 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आईटीआई बड़ोह में 22 दिसंबर को श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, पथरेड़ी (राजस्थान) द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इस कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से एनएपीएस के तहत 100 पदों (केवल पुरुष) पर भर्ती की जाएगी। इसमें इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, टर्नर, मशीनिस्ट, टूल एंड डाई मेकर सहित अन्य ट्रेड के आईटीआई पास प्रशिक्षु भाग ले सकते हैं। यह जानकारी आईटीआई बड़ोह की प्रधानाचार्य वंदना कुमारी और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 14,500 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। अभ्यर्थी सभी प्रमाण पत्रों की जेरॉक्स कॉपी, आईडी प्रूफ और चार पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाएं। अधिक जानकारी के लिए 82193-43359 या 88750-27631 पर संपर्क करें।

# गोरखा कल्याण बोर्ड का पनुर्गठन, समुदाय के 39 गैर सरकारी सदस्य नामांकित : ओम बहादुर


धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते गोरखा विकास परिषद के अध्यक्ष कैप्टन ओम बहादुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के गोरखा भवन में प्रेसवार्ता में गोरखा विकास परिषद अध्यक्ष कैप्टन ओम बहादुर गुरुंग ने बताया कि हाल ही में तपोवन विधानभा भवन में आयोजित हुए विधानसभा सत्र के दौरान एक 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी रहे देवेंद्र जग्गी की सिफारिश पर गोरखा कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन को लेकर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला था। इस पर गोरखा समुदाय के 39 गैर सरकारी सदस्यों को बोर्ड में नामांकित किया है।

धर्मशाला से आनरेरी कैप्टन ओम बहादुर गुरुंग, अनुज विष्ट, आरती थापा, सहायक कमांडेंट राजेश थापा, नीना विष्ट, कर्नल महेश गुरुंग, बालमूर्ति, हवलदार सुनील राणा तथा आनरेरी कैप्टन अनिल कुमार गुरुंग, को गोरखा बोर्ड में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रदेश मुख्यमंत्री से धर्मशाला विधानसभा परिसर में शहीद मेजर दुर्गामल और कैप्टन दल बहादुर थापा की प्रतिमाओं को स्थापित करने, दाड़ी स्थित लुगड़ू चौक से खनियारा रोड को कैप्टन दल बहादुर थापा मार्ग व सेक्रेड हार्ट स्कूल से खनियारा रोड को कैप्टन राम सिंह ठाकुर मार्ग का नामकरण करने की मांग उठाई है। सीएम द्वारा इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

# धार क्षेत्र में नशे को रोकने के लिए रात को बढ़ाई जाए पुलिस गशत : राजेश राणु

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर के धार क्षेत्र में अवैध नशा तस्करी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। नशा तस्कर अब नशे की पूर्ति के लिए लोगों के घरों में सेंधमारी तक करने लगे हैं। पालमपुर संगठनात्मक जिला के भाजपा जिला महामंत्री राजेश राणु ने बताया कि धार क्षेत्र में चिट्टे का कारोबार चरम पर पहुंच चुका है। शाम होते ही नशेड़ियों की हुल्लड़बाजी शुरू हो जाती है और अब वे छोटे बच्चों को भी अपने जाल में फंसाने लगे हैं।

उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चों को नशे की लत लगाने के लिए खाद्य पदार्थों में चिट्टे का इंजेक्शन भरकर दिया जा रहा है। भय के कारण लोग खुलकर बोलने से कतराते हैं और पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है। भूआना, चढियार से टम्बर तक फैले इस क्षेत्र में नशे के खिलाफ सामूहिक मुहिम चलाने की आवश्यकता है। राणु ने बताया कि पहले चरस तस्करी में शामिल लोग ही अब चिट्टे का धंधा कर रहे हैं और चोरी जैसी घटनाओं में भी संलिप्त हैं। उन्होंने हाल ही में एक गोशाला में आगजनी की घटना को भी नशेड़ियों से जोड़ा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से विशेष टीम गठित कर रात की गश्त बढ़ाने और नशा तस्करों पर कड़ी निगरानी रखने की मांग की।

# हिमाचल में रेल परियोजनाओं में देरी के लिए सरकार जिम्मेदार: अश्विनी वैष्णव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से रेलवे परियोजनाओं को भूमि ट्रांसफर करने में देरी और रेलवे परियोजनाओं में राज्य सरकार की हिस्सेदारी न देने की वजह से हिमाचल प्रदेश में रेलवे परियोजनाओं के कार्यन्वन में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए हिमाचल प्रदेश में 124 हेक्टर भूमि की जरूरत है, लेकिन राज्य सरकार ने रेलवे को अभी तक मात्र 82 हेक्टर भूमि ही ट्रांसफर की है तथा ट्रांसफर भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस रेल परियोजना के निर्माण में हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से बिलासपुर से बेरी के बीच भूमि स्थानांतरित नहीं की गई है, जिसकी वजह से इस परियोजना का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को सदन में बताया कि 63 किलोमीटर लंबी भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की 25 प्रतिशत निर्माण लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जानी है , जबकि इस परियोजना की बाकी 75 प्रतिशत निर्माण लागत केंद्र सरकार द्वारा वहन की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर कुल 6753 करोड़ लागत स्वीकृत की गई है, जिसमें 1617 करोड़ भूमि अधिगहण की लागत भी शामिल है। उन्होंने बताया कि अब तक इस परियोजना पर 5,252 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, जिसमें राज्य सरकार की देनदारी 2,711 करोड़ रुपए बनती है, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक मात्र 847 करोड़ रुपए अदा कि हैं और 1,863 करोड़ की आदायगी शेष है।

# गैलेक्सी स्कूल में सीबीएसई शिक्षक कार्यशाला आयोजित


गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई शिक्षक कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के 60 शिक्षकों ने भाग लिया।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** सीबीएसई उत्कृष्ट केंद्र दिल्ली ने नगरोटा सूरियां में स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण शिक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा विषय पढ़ाने और विषय वस्तु तैयार करने के लिए शिक्षा संकाय में सुझाव प्राप्त करना था।

कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया। जीएवी कांगड़ा की प्रशिक्षिका स्वाति कालरा और वेद धारा ग्लोबल स्कूल धनोट के प्रधानाचार्य मनोज जोशी, संसाधन व्यक्तियों ने सतत विकास के सिद्धांतों को पाठ योजनाओं में शामिल करने और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता के प्रति शिक्षार्थियों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सत्र के पहले भाग में स्वाति कालरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने पर्यावरण स्थिरता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण शब्दों का परिचय दिया। इसके बाद प्रतिभागियों को 10 समूह में विभाजित किया गया और उन्हें प्रमुख शब्दावली और केस आधारित विभिन्न बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले हैंडआउट दिए गए। अतः प्रतिभागियों को समूहों में आपसी चर्चा के माध्यम से संभावित समाधानों पर चर्चा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। समूह को पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर व्यक्तियों द्वारा साझा किए गए चित्र संकेतों पर बोलने के लिए बुलाया गया। अंत में स्कूल निदेशक डॉक्टर गुलशन कुमार और प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने संसाधन व्यक्तियों का शिक्षकों को पर्यावरण संबंधी जागरूकता पर प्रभावी प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद किया।

# नूरपुर की एशिता का बतौर फ्लाइंग ऑफिसर चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डुन्नी गांव, तहसील नूरपुर की एशिता शर्मा ने भारतीय वायुसेना में बतौर फ्लाइंग ऑफिसर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एशिता, राजीव शर्मा एवं रुचिका शर्मा की पुत्री हैं और उनका चयन कोर्स संख्या 218/26टी/एसएससी (पुरुष एवं महिला) के अंतर्गत हुआ है।



उन्होंने अखिल भारतीय मेरिट सूची में 12वां स्थान प्राप्त किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। एशिता ने अपनी 10+2 की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, 3 बीआरडी, चंडीगढ़ से पूरी की तथा इसके बाद सीसीईटी, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से बीई (कंप्यूटर साइंस) की डिग्री प्राप्त की। उनका चयन भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एएफसीएटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद हुआ। उनका पारिवारिक परिवेश भी वायुसेना से जुड़ा रहा है। उनके पिता वर्तमान में भारतीय वायुसेना में सेवाएं दे रहे हैं। एशिता का प्रशिक्षण जनवरी 2026 से वायुसेना अकादमी, सिकंदराबाद (हैदराबाद) में शुरू होगा।

# 'विचारमंजरी' : पंचतत्वों में रची संवेदना, विचार और छंद की काव्य-यात्रा

**कविता** केवल शब्दों का अनुक्रम नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना, संस्कृति और संघर्षों का इतिहास तथा समकालीन विन्यास भी है। भारतीय काव्य-परंपरा में यह भाव प्राचीनकाल से विद्यमान रहा है। भरतमुनि से लेकर कबीर, तुलसी, निराला और महादेवी वर्मा तक कविता ने समाज को दिशा दी, प्रश्न उठाए और जीवन को नए अर्थ प्रदान किए। इसी सशक्त परंपरा में कुसुम धीमान की काव्यकृति 'विचारमंजरी' एक सार्थक, संवेदनशील और विचारप्रधान संग्रह के रूप में सामने आई है। यह कृति उन पाठकों के लिए विशेष है जिन्हें छंदों में विचारों की छनक सुनाई देती है, जो दोहों और चौपाइयों में जीवन-सार खोजने का आनंद लेते हैं। 'विचारमंजरी' मनुष्य के अंतरजगत और बाह्य जीवन के सतत संवाद का सशक्त रूपक है। कवयित्री ने अपने अनुभवों और भावनाओं को केवल निजी स्तर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा है। पंचतत्वों की अवधारणा



पुस्तक समीक्षा : विचारमंजरी


लेखिका : कुसुम धीमान कलिका


समीक्षक : अन्नू रानी शर्मा

के अनुरूप कृति को भाव-भूमि (क्षिति), कल्पना-गगन, अनुभव-जल, कला-पवन और विचार-अग्नि के रूप में संरचित किया गया है, जो इसे वैचारिक और शिल्पगत संतुलन प्रदान करता है।

कविताओं में भावनात्मक गहराई के साथ मानवीय मूल्यों की दृढ़ उपस्थिति है। 'बनें सहारे' जैसी रचनाएं करुणा और सकारात्मक अनुशासन का संदेश देती हैं, जबकि 'परदेस' कविता प्रवासन, स्मृति और मातृत्व-वेदना को मार्मिक ढंग से व्यक्त करती है। यथार्थ की भूमि पर खड़े रहकर भी कवयित्री की कल्पना ऊर्ध्वगामी है। 'हंसता हुआ आंगन' और 'पथ पर चलना' जैसी कविताएं आशा, श्रम और कर्म की प्रेरणा देती हैं। सामाजिक विसंगतियों पर उनकी दृष्टि सजग और आलोचनात्मक है, किंतु यह आलोचना निराशा नहीं, बल्कि जागृति की ओर ले जाती है। 'दर्पण' कविता आत्मालोचन का आह्वान करती है, वहीं पर्यावरण, प्रकृति और सांस्कृतिक परिवर्तनों पर आधारित रचनाएं समकालीन सरोकारों से जुड़ती हैं। छंद, लय और सरल भाषा इस संग्रह की विशेष शक्ति हैं, जो कविताओं को संप्रेषणीय और स्मरणीय बनाती हैं।समग्रतः 'विचारमंजरी' भाव, विचार और कला का संतुलित समन्वय है। यह संग्रह पाठक को सोचने, महसूस करने और आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है। समकालीन हिंदी काव्य-साहित्य में इसकी उपस्थिति सार्थक और उल्लेखनीय है। कुसुम धीमान 'कलिका' को इस संवेदनशील और विचारोत्तेजक काव्य-यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

# 5.71 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगल।** बनोई में पुलिस की विशेष टीम ने दो युवकों से 5.71 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अशोक रतन ने बताया कि यह दोनों युवक पठानकोट की तरफ से गगल की तरफ जा रहे थे। पुलिस की विशेष टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक नशे की खेप लेकर गगल की तरफ से आ रहे हैं। पुलिस की विशेष टीम ने बनोई पुल पर नाका लगाया और युवकों को नशे के साथ रंगेहाथों पकड़ लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनमें एक युवक कुलदीप कुमार (20) गांव बर्मिन तहसील उधमपुर जम्मू का रहने वाला है। दूसरा आरोपी युवक अक्षय (25) पुत्र विपन चंद कोहला गांव, जिला कांगडा का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि इनकी की गाड़ी की तलाशी लेने पर 5.71 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अशोक रतन ने बताया कि इन दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस थाना गगल में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है।

# प्रदेश विवि की निरीक्षण समिति ने थुरल कॉलेज में पुस्तकालय और खेल मैदान का किया निरीक्षण


प्राचार्या राका शर्मा ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की निरीक्षण समिति का स्वागत किया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में शनिवार को प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की निरीक्षण समिति द्वारा महाविद्यालय का संबंध (एफीलिएशन) निरीक्षण किया गया। प्राचार्या राका शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

निरीक्षण समिति में प्रो. शमशेर सिंह कामर, प्रो. अरविंद कालिया, डॉ. बलबीर सिंह पटियाल, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर प्राचार्य डॉ. पंकज सूद शामिल थे। निरीक्षण शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीए, बीकॉम, बीएससी मेडिकल एवं नॉन मेडिकल, बीसीए तथा पाठ्यक्रमों की संबंधता के संदर्भ में किया गया। निरीक्षण महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, कॉलेज ऑफिस, पुस्तकालय, खेल मैदान, कैंटीन, आईटी लैब, स्मार्ट क्लासरूम, फैकल्टी रूम, परीक्षा हॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कॉलेज छात्रों व शिक्षक वर्ग के साथ संवाद किया। उन्होंने कॉलेज परिसर को बेहतर बनाने के लिए तथा छात्रों का भविष्य उज्जवल करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। भविष्य में आने वाली कठिनाइयों से मुकाबला करने के लिए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पल्सरा, प्रो. लेखराम नेगी, डॉ. अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# धर्मशाला में पहली बार ई-टिकट की व्यवस्था

## भारत बनाम साउथ अफ्रीका टी-20 मुकाबलाः ई-टिकट के क्यूआर कोड की स्कैनिंग पर मिलेगा प्रवेश; टिकट ब्लैक न हों, इसलिए की गई नई पहल

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** भारत बनाम साउथ अफ्रीका टी-20 मैच को लेकर इस बार ई-टिकट की व्यवस्था की गई है। पहली बार धर्मशाला में भारत-साउथ अफ्रीका मैच के लिए ई-टिकट के क्यूआर कोड को स्कैन करके स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। इस बार हार्ड काफी वाली सामान्य टिकट के बजाय फोन में क्यूआर कोड प्रदान किया जा रहा है, जोकि रविवार को मैच से पहले स्टेडियम में प्रवेश के समय चार बजे के बाद ही अनलॉक होगा। ऐसे में अब मैच टिकटों को ब्लैक किए जाने के शातिरों के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं। हालांकि, इसमें टिकटों की बुकिंग होने के बाद एक बार दूसरे मोबाइल नंबर में ट्रांसफर किए जाने का ऑप्शन रखा गया है, जोकि रविवार को क्यूआर कोड अनलॉक होने चार बजे से पहले-पहले तक उपलब्ध रहेगा। इसके बाद टिकट को दूसरे व्यक्ति को ट्रांसफर भी नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, इस बीच कुछेक क्रिकेट प्रेमियों के ऐप्प में टिकट कैंसिल होने के मैसेज से दर्शक काफी मायूस नजर आए।



### ई-टिकट कैंसिल होने से दर्शक हुए मायूस

**धर्मशाला** में घंटों कतारों में लगकर ई-टिकट बुक करवाने वाले कुछेक दर्शकों की टिकटें दूसरे दिन ऐप्प में कैंसिल कर दी गई, जिसके चलते अब दर्शकों को काफी मायूस होना पड़ रहा है। दर्शकों ने लंबी कतारों में लगने के बाद मुश्किल से ही टिकटें बुक करवाई थी, जबकि मैच होने की पूर्व संध्या पर टिकट कैंसिल के मैसेज ने उनके होश उड़ा दिए। दर्शकों ने इसके लिए निर्धारित राशि का भी पहले ही भुगतान कर दिया था। ऐसे में कई दर्शकों के बिना किसी कारण के टिकट कैंसिल होने पर उन्हें खूब भाग-दौड़ करने पड़ी। शनिवार को सस्ते टिकटों की दोपहर एक बजे तक ही बिक्री हो सकी, उसके बाद कांउटर को बंद कर दिया गया। इससे कतारों में खड़े हुए क्रिकेट प्रेमियों को मायूस होकर लौटना पड़ा है। उधर, एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि इस बार टिकटें ब्लैक में न बिक सकें, उसके लिए ई-टिकट क्यूआर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि टिकटों को कैंसिल होने के संबंध में कंपनी से बात कर मामले को सुलझाया जाएगा।

### पुलिस ने डाला डेरा, कड़ी सुरक्षा

**भारत** बनाम दक्षिण अफ्रीका टी 20 मैच को लेकर धर्मशाला में पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर आ रही है। सुरक्षा के लिहाज से धर्मशाला को 3 जबकि ट्रैफिक के नजरिए से शहर को 5 सेक्टरों में बांटा गया है। शहर भर में सुरक्षा के लिए करीब एक हजार पुलिस तथा गृह रक्षक जवानों को तैनात किया गया है। शनिवार को पुलिस अधिकारी स्टेडियम में जगह-जगह सिक्योरिटी चेक करते रहे।

### सालगिरह मुबारक



लमलेहड़ा (ऊना) के पदम देव और ममता शर्मा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### धोनी के सुपर फैन राम बाबू पहुंचे

**भारतीय** टीम के मैचों में पूर्व कैप्टन एमएस धोनी के फैन राम बाबू पहुंचते हैं। रविवार को खेले जाने वाले मैच के लिए भी राम बाबू धर्मशाला पहुंच चुके हैं। मोहाली निवासी राम बाबू ने बताया कि जहां भी टीम इंडिया का मैच होता है, वहां उनके जाने का खर्च एमएस धोनी ही उठाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला स्टेडियम बेहद खूबसूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, पिछला मैच भले ही टीम नहीं जीत पाई है, लेकिन टीम धर्मशाला में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में टीम इंडिया जीत के लय को बरकरार रखेगी। इस दौरान उन्होंने भारतीय ध्वज फहराते हुए भारत माता की जय और टीम इंडिया के नारे भी लगाए।






धर्मशाला में शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया।

## धर्मशाला में अब तक खेले गए दस इंटरनेशनल टी-20

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**इंटरनेशनल** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में अब तक दस इंटरनेशनल टी-20 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस दौरान चार मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं, जबकि चार मुकाबले दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम के हाथों लगे हैं। धर्मशाला के मैदान पर दो मैच बेनतीजा भी रहे हैं, जोकि बारिश होने के चलते शुरू ही नहीं हो पाए थे। ये दोनों ही टी-20 मैच भी भारत व साउथ अफ्रीका के बीच ही खेले जाने थे।

**चार में पहले व चार में दूसरी पारी में बल्लेबाजी वाली टीमें जीती**

**बारिश के चलते दो मैच बारिश के चलते रहे थे बेनतीजा**

धर्मशाला की पिच पर औसत स्कोर 150 है, इस मैदान का टी-20 में हाई स्कोर 200/3 रन है, जो साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दो अक्टूबर 2015 में बनाया था। यहां का लोअर स्कोर 47 रन है, जो आयरलैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ 13 मार्च 2016 को बनाया था।

### धर्मशाला में श्रीलंका से दो टी-20 मैच जीत चुकी है टीम इंडिया

**भारतीय** क्रिकेट टीम ने धर्मशाला स्टेडियम में तीन टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें दो मैचों में भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अपने नाम किए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका ने 2015 में एकमात्र मैच खेला था, जिसमें उन्होंने 200 रनों का पीछा करते हुए भारत को हराया था। धर्मशाला स्टेडियम में 20 से 22 हजार क्षमता है, जिसके अधिकतर टिकट बिकने की बात एचपीसीए की ओर से कही जा रही है। ऐसे में 20 हजार दर्शकों के साथ खूब चौक्के-छक्कों की बारिश धर्मशाला में देखने को मिलेगी।



### घूमने आए थे अब मैच भी देखेंगे : कुशाद

लखनऊ से आए कुशाद ने कहा कि वे अपने दोस्तों के साथ धर्मशाला आए हैं। धर्मशाला का मौसम बेहद अच्छा है, यहां घूमने आए थे, पता चला कि यहां मैच होना है तो घूमने के साथ मैच का भी आनंद लेंगे। कुशाद ने कहा कि उनके चहेते खिलाड़ी विराट कोहली व रोहित शर्मा रहे हैं, लेकिन टी-20 में वह सूर्य कुमार यादव के फैन हैं। आगामी टी-20 मैच लखनऊ में होने पर उन्होंने कहा कि धर्मशाला आए हैं तो यहां भी मैच देखेंगे और लखनऊ में तो देख ही लेंगे।

### गर्मियों में अच्छी होती है कमाई : रफीक

मुंबई से आए वेंडर रफीक का कहना है कि सर्द मौसम में धर्मशाला में मैच हो रहा है, ऐसे में दर्शकों में ज्यादा रुझान टीशर्ट और कैप को लेकर आज नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि देश भर में जहां भी मैच होते हैं, वे कारोबार के लिए वहां जाते हैं। बकौल रफीक वह पहले भी धर्मशाला मैच के दौरान कारोबार के लिए आ चुके हैं। गर्मियों में मौसम में अच्छी कमाई हो जाती है, जबकि सर्दियों में इस बार ठंड के चलते ज्यादा कमाई का स्कोप नजर नहीं आ रहा है।

## पदियाल में तेंदुए के दिखने से लोगों में डर का माहौल

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील की पंचायत गुरनबाड़ के वार्ड नंबर-5 (पदियाल) में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब तेंदुआ रिहायशी इलाके में बेखौफ घूमता नजर आया। रात करीब 9 बजे खेतों और घरों के बिल्कुल करीब तेंदुए की मौजूदगी ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया। कुत्तों के भौंकने की आवाजों के बीच टॉर्च की रोशनी में तेंदुए को घूमते देख ग्रामीणों की सांसें अटक गईं। स्थानीय निवासी कुलभूषण डोगरा ने बताया कि जैसे ही उन्होंने आसपास के खेतों की ओर रोशनी डाली, तो तेंदुआ खुलेआम घूमता दिखाई दिया। रिहायशी मकानों के इतने करीब तेंदुए का आना बड़े हादसे का संकेत माना जा रहा है। घटना के बाद से लोग डर के साये में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह आबादी वाला है और आसपास मवेशियों के बाड़े व खेत मौजूद हैं। ऐसे में तेंदुए की बेखौफ चहलकदमी ने मानव जीवन पर सीधा खतरा खड़ा कर दिया है। डाडासीबा रेंजर अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग अलर्ट है। उन्होंने कहा कि मौके का निरीक्षण कर तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द पिंजरा लगाया जाएगा, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### ठाकुरद्वारा और भट्टू में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल मरंडा के तहत आने वाले क्षेत्रों में सोमवार को बिजली बंद रहेगी। 11 केवी फीडर सरकारी सिद्धपुर की मरम्मत व पेड़ों/टहनियों की कांट-छांट के लिए बिजली आपूर्ति को बंद किया जाएगा। इसके चलते 15 दिसंबर को ठाकुरद्वारा, रोडी, भट्टू, नाल्टी, खद्दर, भंडार, बंड, कठारु, सिद्धपुर, सालन, फरेड़, मैंझा रोड व परौर आदि की बिजली सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता इंजीनियर अभय राज ने बताया कि कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## पल्स मेडिसिटी अस्पताल बेहतर सेवाएं देने को प्रयासरत : डॉ. हीरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पल्स** मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल प्रबंधन, वरिष्ठ चिकित्सकगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। अस्पताल के निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने बताया कि अस्पताल उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देयह है कि मरीजों को उनके घर के पास ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

डॉ. हीरा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी डॉक्टरों एवं समर्पित नर्सिंग स्टाफ के माध्यम से मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने हाल ही में शुरू की गई नई चिकित्सा सेवाओं/विभागों के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें एमडी मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, आईवीएफ विशेषज्ञ, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ऑर्थोपेडिक, बाल रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रो, कार्डियोलॉजी, आइसीयू विशेषज्ञ, एनआईसीयू, लैब, फार्मेसी और पूरी तरह से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर शामिल हैं। इन नई सेवाओं के शुरू होने से मरीजों को अपने घर के पास ही विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। इससे मरीजों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इन नई सेवाओं के लिए अनुभवी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति की गई है। उन्होंने भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर निवेश और नवाचार की बात भी कही। पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का लक्ष्य है कि वह समाज के प्रत्येक वर्ग तक उन्नत और मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाए तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्वास और उत्कृष्ट सहभागिता निभाए। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि वे भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ. रिपिन हीरा व अन्य चिकित्सक।

## कांगड़ा जिले में हो पीजीआई स्तर के स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना

### परौर से पधर तक फोरलेन का निर्माण कार्य शीघ्र हो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा में पीजीआई स्तर का उच्च स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करने तथा परौर से पधर तक फोरलेन सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू करवाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। कांगड़ा-चंबा क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता और बुद्धिजीवी वर्ग ने यह मांग केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के समक्ष रखी है। वर्तमान में जेपी नड्डा हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं, ऐसे में लोगों को उनसे इन महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक पहल की उम्मीद है।

- केंद्रीय विश्वविद्यालय की धर्मशाला में की जाए स्थापना
- जिला कांगड़ा और चंबा की जनता ने नड्डा से उठाई मांग

जनता का कहना है कि कांगड़ा-चंबा क्षेत्र में पीजीआई अथवा उच्च स्तरीय मेडिकल संस्थान की स्थापना से प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर पूरा किया जाए, ताकि युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश से बाहर न जाना पड़े। इसके अलावा परौर से पधर तक फोरलेन सड़क निर्माण की मांग की गई है, जिससे आवागमन सुगम होगा और पर्यटन, व्यापार तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कांगड़ा घाटी रेल मार्ग को ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने की भी मांग उठाई गई है, जिससे क्षेत्र का रेल संपर्क मजबूत हो सके। बुद्धिजीवी वर्ग ने विश्वास जताया है कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व और संवेदनशील दृष्टिकोण से इन जनहितकारी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। क्षेत्र की लाखों जनता उनकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।

## गुनहेड में पशुपालकों को वितरित की दवाइयां



खंड विकास कार्यालय बैजनाथ के तहत पंचायत गुनहेड में पशुपालकों के लिए पशु चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** खंड विकास कार्यालय बैजनाथ के तहत पंचायत गुनहेड में विश्व बैंक की ओर से चलाई जा रही एकीकृत विकास परियोजना द्वारा पंचायत में रह रहे पशुपालकों के लिए पशु चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक परियोजना अधिकारी बैजनाथ सुरजन कुमार द्वारा परियोजना की ओर से किए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

बतौर रिसोर्स पर्सन पशु चिकित्सक डॉक्टर अमित बरमाणी ने पशुओं के रखरखाव, प्रजनन बीमारी से बचाव की जानकारी दी। इस परियोजना की ओर से निशुल्क दवाइयां पशुपालकों को वितरित की गई। शिविर में लगभग 30 पशुपालकों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और इसका लाभ लिया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अंजू देवी, उपप्रधान दूनी चंद तथा परियोजना के कर्मचारियों व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## जिले के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के सभी न्यायालयों में शनिवार को न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला की अध्यक्षता में चिराग भानू सिंह, अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। इसमें प्री-लिटिगेशन, एनआई एक्ट, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, जरूरी सेवाओं संबंधित मामले (बिजली तथा जल बिल मामले आदि), दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 खर्चे के मामले, अपराधिक कंपाउडेबल मामले, मोटर दुर्घटना, दावा अधिकरण के केस, वैवाहिक मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, राजस्व मामले, अन्यथा सिविल मामले आदि ( मुकदमा पूर्व मामला तथा कोर्ट में लंबित मामले दोनों शामिल) के 11,539 केस लगाए गए हैं। इसमें 7,341 केसों में समझौता किया गया तथा रुपए 135894176 राशि प्राप्त हुई है ।

## बनोई पुल की रेलिंग डैमेज, हादसे की आशंका



राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट-मंडी पर स्थित बनोई पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका बनी हुई है।

**अनंत ज्ञान, गगल**

राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट-मंडी पर स्थित बनोई पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

पुल की रेलिंग टूट जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी खतरे का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर रात के समय जब रोशनी कम होती है। यदि किसी पैदल चलने वाले व्यक्ति का पैर फिसल जाए तो उसके सीधे नीचे खड्ड में गिरने की संभावना बनी हुई है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल से रोजाना भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं, ऐसे में क्षतिग्रस्त रेलिंग गंभीर खतरा पैदा कर रही है। इस संबंध में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साइट मैनेजर रोहित ठाकुर ने बताया कि बनोई पुल की रेलिंग की मरम्मत के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होते ही रेलिंग को जल्द ठीक कर दिया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

**बधाई संदेश**

Congratulations to the Anant Gyaan Daily & Digital TV team on completing two amazing years! Your hard work in delivering honest, reliable and useful news has made a real difference. Wishing you many more years of success and growth.



**Arshiya Sharma**
**(HPAS) Sub-Divisional Officer (Civil), Jhandutta, District Bilaspur (HP)**

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता गेहड़वीं में रक्तदान शिविर आज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** रविवार को एनजीओ जन संबल प्रकृति हिताय समिति झंडूता गेहड़वीं के ठाकुरद्वारा मंदिर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर के साथ एक रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है। संस्था मानव सेवा हितार्थ यह शिविर लगवा रही है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में एनजीओ के प्रधान रमेश चंदेल ने बताया की इस शिविर में एनजीओ सभी लोगों से निवेदन करती है कि मानव सेवा हितार्थ रक्तदान करके महादाता बने। आप का रक्त दान का एक कदम किसी को जीवन दान दे सकता है। प्रत्येक रक्तदाता के लिए एनजीओ की ओर से फल,भोजन आदि की व्यवस्था रहेगी। एनजीओ जन संबल प्रकृति हिताय समिति झंडूता के प्रधान रमेश चंदेल ने बताया कि हम हमेशा गैर राजनीतिक भावना के साथ जन मानस की सेवा को सर्वोपरी मानते हैं। इस आयोजन के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा की आप सभी इस रक्त दान, महादान यज्ञ में सादर आमंत्रित हैं । इस अवसर पर उनके साथ सुखराज, विवेक शील गौतम, गोपाल राम चौहान, शशिकांत, राकेश चंदेल, अनिल चंदेल, मनोज कौशल व नैण सुख आदि उपस्थित रहे।

### असिस्टेंट प्रोफेसर तेग सिंह ने की पीएचडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में सेल्फ फाइनेंस कोर्स के अंतर्गत संचालित कंप्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर तेग सिंह ने अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा विद्यार्थियों को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में कंप्यूटर साइंस कोर्स वर्ष 2006 से संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बीसीए तथा पीजीडीसीए पाठ्यक्रमों में हर वर्ष लगभग 200 विद्यार्थी अध्ययनरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और महाविद्यालय में अनुभवी एवं दक्ष शिक्षकों की टीम उपलब्ध है, जिसके कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है।

### डियारा के राजन स्पोर्ट्स कोटे से बने फौजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कोरोना काल में बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता और सहयोगियों द्वारा डियारा सेक्टर में शुरू की गई लोकल खेल अकादमी के सुखद परिणाम आना शुरू हो गए हैं। इस अकादमी के एक होनहार बच्चे राजन कुमार का चयन भारतीय सेना में बतौर स्पोर्ट्स कोटे में हुआ है। राजन के पिता रूपेश कुमार कैप्पी उन्हें झारखंड के रांची के साथ लगते रामगढ़ कैंट में ज्वाइन भी करवा आए हैं। राजन की इस उपलब्धि से हर आम और खास गौरवान्वित है। डियारा से रूपेश कुमार और अंजू देवी के घर 29 अप्रैल 2007 को जन्मे राजन ने डियारा सेक्टर में 13 वर्ष की आयु में लोकल स्पोर्ट्स अकादमी में कदम रखा था। इन्होंने वहां पर हॉकी खेल को चुना। गौर हो कि राजन के दादा स्वर्गीय सोहन लाल भी पूर्व सैनिक थे।



### गेहड़वीं में सम्मान समारोह 16 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** भूतपूर्व सैनिक और कल्याण समिति गुग्गा गेहड़वीं अध्यक्ष सुबेदार रणजीत सिंह ने बताया कि समिति ने अपनी बैठक में यह निर्णय लिया है कि 16 दिसंबर को गेहड़वीं में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपनी शौर्य गाथा लिखने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष के अनुसार, इससे पहले 16 दिसंबर 2024 को भी समिति ने इसी तरह का सम्मान समारोह आयोजित किया था, जिसमें 65 भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मान प्रदान किया गया था। उस समय कुछ सैनिक और वीर नारियां किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाईं थीं। इस वर्ष के आयोजन में उन्हीं सभी को सम्मानित किया जाएगा, जो पिछले वर्ष शामिल नहीं हो सके थे। समिति के मुताबिक, सम्मान समारोह में छह पंचायतों नखलेड़ा, दाड़ी भाड़ी, बडोल देवी, जांगला, गेहडवीं और बेरी मियां के भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियां भाग लेंगी। आयोजन की तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं और स्थानीय ग्रामीण भी उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। समिति ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शहीदों के बलिदान को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि पूर्व सैनिकों के सम्मान और गौरव को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

# युवा पीढ़ी का कुरीतियों में फंसना समाज के लिए घातक : विवेक सिंह

## स्व. प्रभु राम संख्यान की स्मृति में 'परीक्षा की समीक्षा' पुस्तक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

ग्राम पंचायत पलासला की नियोजन एवं पर्यावरण समिति द्वारा स्व. प्रभु राम संख्यान की स्मृति में उनके बेटे आदराम संख्यान द्वारा लिखी 'परीक्षा की समीक्षा' पुस्तक का विमोचन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर के द्वारा उनके निवास स्थान पलासला में किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु भी मन ही है और सबसे बड़ा मित्र भी उसका मन ही है। उससे अच्छा कार्य भी उसका मन ही करवाता है और बुरा कार्य भी मन ही करवाता है, इसलिए मनुष्य को मन को काबू करने की आवश्कता है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आदराम संख्यान ने अपने पिता के बचपन से लेकर बुढ़ापे तक के जीवन की कठिन परिस्थितियों पर लिखी है। इस पुस्तक के द्वारा उन्होंने आज की साधन संपन्न और विभिन्न प्रकार की कुरुतियों से ग्रसित युवा पीढ़ी को संदेश दिया है कि आज से करीब दस दशक पहले मनुष्य का जीवन कैसा था। मनुष्य किस प्रकार का कठिन परिश्रम करते हुए सुबह से शाम तक अपने बच्चों और परिवार का लालन पोषण करते थे। आज के परिवेश में साधन संपन्न होने पर युवा पीढ़ी कुरीतियों में फंसती जा रही है, जो कि आने वाले समाज के लिए अच्छा संदेश नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को संस्कार न दिया जाए तो मनुष्य कुकृत्य करता है। अच्छे संस्कार बच्चों को देना चाहिए। जैसा बच्चों को संस्कार मिलता है वे उसी तरफ चल पड़ता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अध्यापक, विद्यार्थी, स्थानीय प्रतिनिधि और साहित्य प्रेमी शामिल होंगे। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।



स्व. प्रभु राम संख्यान की स्मृति में 'परीक्षा की समीक्षा' पुस्तक का विमोचन करते हुए।

### स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना उद्देश्य

**समारोह** में आसपास के क्षेत्रों के अनेक साहित्यकार, कवि एवं लेखकों को आमंत्रित किया गया है। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि प्रतियोगिता में चयनित पुस्तकों के श्रेष्ठ लेखन को सम्मानित भी किया जाएगा। समारोह में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों की सहभागिता रहेगी। कई लेखकों ने अपनी जीवन यात्रा, अनुभव, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक चेतना तथा नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित रचनाएं भेजी हैं, जिनका समिति द्वारा चयन किया गया है। समिति ने बताया कि यह आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को साहित्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

# भाजपा अपनी संपत्ति के स्रोत सार्वजनिक करे : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव हीरा पाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से मांग की है कि वह राष्ट्र और प्रदेश की जनता को यह बताए कि पिछले 10–12 वर्षों में उसके पास इतनी बड़ी संपत्ति कहां से आई और उसके संसाधनों का वास्तविक स्रोत क्या है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाजपा ने पांच सितारा कार्यालय, महंगी जमीन और महंगा फर्नीचर खरीदा है तथा भव्य कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है या कराया गया है, उस पर जनता को जवाब दिया जाना चाहिए। जब देश और प्रदेश की जनता बेरोजगारी, महंगाई और भुखमरी से बुरी तरह परेशान है, तब सत्ता में बैठी पार्टी की यह चकाचौंध गंभीर सवाल खड़े करती है। हीरा पाल सिंह ने आरोप लगाया कि आज की राजनीति में सांसदों, विधायकों और मंत्रियों की खुलेआम खरीद–फरोख्त हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि चुनावी खर्च का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो भाजपा का खर्च विपक्षी दलों की तुलना में दस गुना से भी अधिक दिखाई देता है। ऐसे में भाजपा को यह बताना चाहिए कि इतना पैसा आखिर आता कहां से है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11–12 वर्षों में देश की जनता को ठगने का काम किया गया और चुने हुए पूंजीपति मित्रों को सरकारी और अर्ध–सरकारी संपत्तियां नीलाम कर कौड़ियों के भाव सौंप दी गईं। इसके बदले इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भारी मात्रा में चंदा लिया गया। कोयला खदानें, बड़े–बड़े हवाई अड्डे निजी क्षेत्र को सौंप दिए गए, यहां तक कि लाल किला जैसी ऐतिहासिक धरोहर को भी निजी हाथों में देने का प्रयास किया गया। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में ताजमहल जैसे विश्व प्रसिद्ध स्मारकों के साथ भी ऐसा न हो जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की अधिकांश संपत्तियां, उद्योग और उपक्रम जो कभी सरकारी या अर्ध–सरकारी क्षेत्र में थे, उन्हें आज दो–चार बड़े उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस नीति की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है।

# बिलासपुर स्कूल के संस्थापक साहित्यकार चंद्रशेखर का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर पब्लिक स्कूल के संस्थापक एवं प्रख्यात साहित्यकार चंद्रशेखर पंत का निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत, साहित्यिक क्षेत्र और सामाजिक जीवन में अपूरणीय क्षति हुई है। वे शिक्षा के साथ–साथ साहित्य के माध्यम से समाज को दिशा देने वाले व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। चंद्रशेखर पंत ने बिलासपुर पब्लिक स्कूल की स्थापना कर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा की मजबूत नींव रखी।

**साहित्यिक क्षेत्र और सामाजिक जीवन में अपूरणीय क्षति**

उनके मार्गदर्शन में स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाई और हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा। वे मानते थे कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी का माध्यम है। एक साहित्यकार के रूप में भी चंद्रशेखर पंत का विशेष योगदान रहा। उनकी रचनाओं में संवेदना, समाजबोध और मानवीय मूल्यों की स्पष्ट झलक मिलती है। साहित्य के माध्यम से उन्होंने विचार और विवेक को समाज तक पहुंचाने का कार्य किया। उनके निधन का समाचार मिलते ही शिक्षा जगत, साहित्यिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं में शोक की लहर दौड़ गई। अनेक शिक्षाविदों, साहित्यकारों, और सामाजिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षा और साहित्य का सच्चा साधक बताया।

### जुखाला में 21 को चुनी जाएगी हैंडबॉल टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 10 से 14 जनवरी 2026 तक हैंडबॉल संघ, दिल्ली द्वारा पीतमपुरा में आयोजित होने वाली 47वीं जूनियर (अंडर-20) बॉयज नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल टीम की चयन प्रक्रिया का आयोजन आगामी 21 दिसंबर (रविवार) को बिलासपुर के जुखाला में स्थित दावीं घाटी हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर में सुबह 11:00 से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि प्रदेश की टीम का चयन उनके खेल रिकॉर्ड, फिटनेस तथा हैंडबॉल स्किल्स के आधार पर हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में केवल हिमाचली बोनाफाइड खिलाड़ी की भाग ले सकेंगे। इच्छुक खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2009 के बीच हुआ होना चाहिए।

# मिड–डे मील वर्कर्स को हर महीने दिया जाए 12,500 रुपए मानदेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


मिड–डे मील वर्कर्स की बैठक को संबोधित करते हुए जगत राम।

बिलासपुर जिला मिड–डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू संबद्ध) की बैठक प्रधान इंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीटू राज्य कोषाध्यक्ष जगत राम, सीटू जिला अध्यक्ष लखन पाल तथा सीटू जिला महासचिव विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि पिछले 16 वर्षों से मिड–डे मील वर्कर्स के मानदेय में एक रुपए तक की बढ़ोतरी नहीं की गई है। साथ ही मिड–डे मील योजना के बजट में लगातार कटौती कर इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में मिड–डे मील वर्कर्स की प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें 12,500 रुपए मासिक मानदेय, 10 माह के स्थान पर 12 माह का वेतन, आंगनबाड़ी वर्कर्स की तर्ज पर 20 आकस्मिक अवकाश, हर माह की पहली तारीख को पूरा वेतन एक साथ जारी करना, किसी भी प्रकार की छंटनी न करना तथा सेवानिवृत्ति पर पेंशन सुविधा लागू करना शामिल हैं। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें इंदर पाल को अध्यक्ष, सरला देवी को महासचिव, विजय कुमारी को कोषाध्यक्ष, प्रेमी देवी, कश्मीरी देवी और चंद्रकांता को उपाध्यक्ष, जबकि नीलम, प्रमिला और सावित्री को सचिव चुना गया। यदि सरकार ने यूनियन की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो बजट सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

# अग्निहोत्री के बयान से कांग्रेस का आंतरिक असंतोष उजागर : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा 11 दिसंबर को एक रैली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को दी गई 'ऐसा नहीं चलेगा, बिलकुल नहीं चलेगा' कि सलाह को कांग्रेस पार्टी के अंदर व्याप्त गहरे असंतोष और आंतरिक कलह का स्पष्ट प्रमाण बताया है। कपूर ने कहा, 'मुकेश अग्निहोत्री ने जिस तरह का सीधा चैलेंज मुख्यमंत्री को दिया है, उसके लिए वे बधाई के हकदार हैं। उन्होंने उस असंतोष को जगजाहिर कर दिया है, जो कांग्रेस के भीतर तीन साल से पनप रहा है।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार ने हिमाचल में 'वीरभद्र स्कूल ऑफ थॉट' का मर्डर कर दिया है। त्रिलोक कपूर ने वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों की तुलना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जानबूझकर विक्रमादित्य सिंह की शादी के समय इंग्लैंड चले गए थे।

अब सरकार के पतन के तीसरे वर्ष में विक्रमादित्य सिंह इंग्लैंड चले गए हैं। ये सभी घटनाक्रम स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि यह सरकार अब बाहर के किसी प्रहार से नहीं, बल्कि अपने ही आंतरिक बोझ, खींचतान और विरोधाभासों के कारण गिर जाएगी।

### निबंध स्पर्धा में शिवांशी और अनन्या ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गेहड़वीं स्कूल में टाटा बिल्डिंग इंडिया के सौजन्य से स्कूल निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रिंसिपल चमन पुरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता को नोडल ऑफिसर अतुल सिंह ने 2 वर्गों में आयोजित किया। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8वीं तक तथा सीनियर वर्ग 9वीं से 12वीं के कुल 50 छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। सीनियर वर्ग में 12वीं की शिवांशी शर्मा प्रथम, 11वीं की अवनी द्वितीय और 12वीं की उर्वशी नड्डा तृतीय रही। वहीं, जूनियर वर्ग में 8वीं की अनन्या प्रथम, 8वीं की निखत द्वितीय व छठी कक्षा की कशिश तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को प्रधानाचार्य के द्वारा मेडल के साथ साथ एक एक प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।

# घुमारवीं के तड़ौन में मनाया जिला स्तरीय वाटरशेड महोत्सव

**अनंत ज्ञान, भराड़ी**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की तड़ौन पंचायत में शुक्रवार को जिला स्तरीय वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने की। महोत्सव का उद्देश्य जल संरक्षण, जल प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को समुदाय स्तर पर बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मॉडल, पेंटिंग, स्किट तथा विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से जल संरक्षण के अनेक आयामों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया, जिनका मंत्री ने अवलोकन करते हुए बच्चों से संवाद भी किया।

मंत्री धर्माणी ने अपने संबोधन में कहा कि वाटरशेड महोत्सव का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल को प्राकृतिक स्रोतों में रोककर धरातल में समाहित करना, भूजल स्तर में वृद्धि करना तथा मिट्टी के कटाव को रोकना है। इस दिशा में डैम निर्माण, चैक वॉल, बावड़ियों के पुनर्निर्माण और पौधरोपण जैसी गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# विवेक ने टिप्पर यूनियन के प्रदर्शन का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** टिप्पर यूनियन के धरने का झंडूता कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने भी समर्थन किया है। शनिवार को को वह यूनियन के धरना–प्रदर्शन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष भी इस मसले को रखा जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी न हो। विवेक कुमार ने कहा कि स्थानीय लोग धूल मिट्टी खा रहे और यहां पर रोजगार बाहरी राज्यों के लोगों को दिया जा रहा है, जो कि सही नहीं है। विवेक कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों ने भारी भरकम ऋण लेकर अपने यह टिप्पर खरीदे हैं। इन्हें उम्मीद थी कि उन्हें इस फोरलेन कार्य के दौरान रोजगार मिलेगा। लेकिन इन्हें मायूसी ही हाथ लगी है। विवेक कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी सहन नहीं होगी।

# घुमारवीं–बरठीं–शाहतलाई को डबल लेन करने की स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र की घुमारवीं–बरठीं–शाहतलाई सड़क के उन्नयन हेतु केंद्र सरकार ने सीएसआइएफ के अंतर्गत राशि स्वीकृत की है। इस महत्वपूर्ण सड़क को अब सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिससे इसका कायाकल्प होगा और यह और अधिक सुरक्षित, मजबूत व आधुनिक स्वरूप में सामने आएगी। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष आशीष गौतम ने कहा कि यह केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की प्रगति की नई राह है। यह परियोजना तेज़ यातायात, बेहतर संपर्क और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति देगी। उन्होंने इस विकासात्मक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर और झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति केंद्र सरकार की जनसेवा, विकास प्रतिबद्धता और झंडूता क्षेत्र के प्रति लगाव को दर्शाती है।

### सलासी स्कूल के वार्षिक समारोह में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला सलासी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि किशोरी लाल शर्मा व्यवसायी व समाजसेवी रहे। पाठशाला सलासी के प्रभारी अध्यापक विजय कुमार ने बताया कि सलासी स्कूल के लिए भोपाल सिंह चंदेल ने इस सत्र में दो कंप्यूटर दान में दिए। इसके अतिरिक्त गांववासियों के सहयोग से पाठशाला के लिए स्टेज व एक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया। पंचायत जांगला द्वारा रिटेनिंग वाल का निर्माण किया गया। साथ में गामीणों द्वारा अगले सत्र में एक पुस्तकालय कक्ष के निर्माण के लिए सहमति जताई गई। ग्रामीणों द्वारा पाठशाला के लिए एक कूलर व तीन पंखें भी दान स्वरूप भेंट किए। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष सीमा कुमारी, पंचायत प्रधान सरला चंदेल, अनिल चंदेल, योगराज चंदेल, देशराज चंदेल, विनोद, सोमनाथ उपस्थित रहे।

# रेड रिबन क्लब को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रेड रिबन क्लब को हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. पीएस कटवाल तथा कॉलेज प्रशासन ने नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया राठौर और उनकी टीम के सदस्य डॉ. अजीत एवं प्रो. पूजा को पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर बधाई एवं सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रेड रिबन क्लब, बिलासपुर को आईईसी जागरूकता गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया है, जिसमें आरआरसी बिलासपुर ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**सीएमओ बिलासपुर ने बिलासपुर कॉलेज को दिया सम्मान**

नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया राठौर ने जानकारी दी कि प्रथम चरण में नाको के अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक ने सभी राज्यों के प्रदर्शन की समीक्षा की। नाको ने अपने प्रत्येक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म—फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स पर 11,775 फॉलोअर्स का लक्ष्य निर्धारित किया। इस दिशा में बिलासपुर आरआरसी के योगदान से न केवल हिमाचल प्रदेश को लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता की, बल्कि इससे राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल भी कायम की वर्तमान नाको सोशल मीडिया अभियान के तहत आरआरसी बिलासपुर ने 4,010 नए फॉलोअर्स जोड़कर राज्य की डिजिटल पहुंच को मजबूत किया और हिमाचल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दे रही सरकार : विवेक

## शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में स्पोर्ट्स मीट आयोजित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि विजेता और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई खिलाड़ी खेलों में नाम कमा चुके हैं। वहीं, अन्य खिलाड़ियों को भी कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़ना चाहिए। विवेक कुमार ने कहा कि यह बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें संजोये रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

इस मौके पर स्कूल के एमडी पंकज चंदेल भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्य अतिथि का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्कूल में समय–समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। शिक्षा के साथ–साथ स्कूल के बच्चे अन्य गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने भी बच्चों से आह्वान किया कि कड़ी मेहनत करें।

**जनजागरूकता** संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने चिट्टे के समूल नाश के लिए शुरू किया जागरूकता अभियान

# नशे को करें ना और जीवन से करें प्यार: कर्नल अमित आदर्श

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रदेश में फैली चिट्टे की बीमारी के समूल नाश के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ कर दिया गया है। मोर्चा के जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल की अगुवाई में कंदरौर के साथ लगते दली गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में बुद्धिजीवी ने नशे को लेकर अपने अपने विचार प्रकट किए। कैप्टन रामकृष्ण ने कहा कि वर्तमान में चिट्टा नामक नशा हर गांव व हर जिला में फैल चुका है। कैंसर की तरह बढ़ रहे इस रोग का निदान अति आवश्यक है। इसके लिए सरकार के प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यदि समाज अपनी जिम्मेदारी समझते हुए यदि आगे नहीं आता है तो चिट्टा नशा फैलने से नहीं रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव, मोहल्ले, पंचायत कहीं भी कोई व्यक्ति यदि इस जानलेवा नशे का व्यापार करता हुआ पाया जाता है, तो बिना किसी दया भाव या अन्य किसी कारण के वशीभूत न होकर उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस चैकी या पुलिस स्टेशन में दें। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे कानून को हाथ में न लें। कर्नल अमित आदर्श ने कहा कि समाज विरोधी तत्व चंद सिक्कों के लिए युवा पीढ़ी की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नशे की गिरफ्त में आने के बाद मौत लगभग निश्चित है।


चिट्टे के खिलाफ आयोजित शिविर में मौजूद संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी व अन्य।

ऐसे में नशे को न करते हुए जीवन से प्यार करें और संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा छेड़ा गया यह जागरूकता अभियान तभी सार्थक सिद्ध होगा जब लोग अपनी जिम्मेवारी समझते हुए चिट्टे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। ई. अनंत राम संधू ने कहा कि यह केमिकल नशा बहुत जल्द प्रभाव करता है तथा नशे का आदि मौत की तरफ अग्रसर हो जाता है। यदि अपने आसपास कोई इस नशे का एडिक्ट पाया जाता है तो उसे तुरंत नशा मुक्ति केंद्र भिजवाएं ताकि अनमोल जीवन बच सके। जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने कहा कि इस नशे के कारण सैंकड़ों जिंदगियां समाप्त हो गई हैं जबकि सैंकड़ों परिवार सड़क पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर के पांचों खंडों में चिट्टे के खिलाफ जागरूकता अभियान का अलख जगा रही है।

आचार्य ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि वे इस नशे के खिलाफ एकजुट हो जाएं तथा कड़ा प्रहार कर चिट्टा नशे को दूर भगाएं। इस शिविर में हरि कृष्ण चौहान, चीफ कमांडिंग ऑफिसर बीआर पुरी, राकेश कुमार, डॉ. सीता राम, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर कांशी राम, इंजीनियर डॉ. अनंत राम चैहान, अमित कुमार, सुरेश कुमार, रमेश आदि मौजूद रहे।

# शुभम शर्मा का राष्ट्रीय फुटबाल टीम में चयन

अनंत ज्ञान, चंबा



संतोष ट्रॉफी में करेंगे हिमाचल का प्रतिनिधित्व

नाहन में हाल ही में आयोजित सीनियर स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में चंबा टीम की ओर से खेलते हुए, शुभम शर्मा ने अपने शानदार खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। उनके निरंतर बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें आगामी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चुना।

इसके बाद शुभम शर्मा ने ऊना में आयोजित राष्ट्रीय टीम के चयन शिविर में भाग लिया, जहां उन्होंने अपनी उत्कृष्ट फिटनेस, तकनीकी कौशल और खेल समझ से चयन समिति को प्रभावित किया। आज जारी की गई अंतिम चयन सूची में शुभम शर्मा का नाम शामिल होना चंबा और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। अब शुभम शर्मा हिमाचल प्रदेश की फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर 2025 से महालपुर, पंजाब में आयोजित की जाएगी। हिमाचल प्रदेश की टीम ऊना से प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी, जिसमें शुभम शर्मा मैदान पर खेलते हुए नजर आएंगे। शुभम शर्मा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें इस सफलता के लिए बधाई देते हुए संतोष ट्रॉफी में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# होली-उतराला सड़क निर्माण का रास्ता साफ

## विधायक प्राथमिकता के तहत होगा सड़क निर्माण, सीएम ने टीएसी की बैठक में दिए सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान, भरमौर

चंबा की होली-उतराला सड़क के लिए विधायक प्राथमिकता में डालने पर होली उतराला सड़क संघर्ष समिति और क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया है। इस सड़क निर्माण के लिए लोगों ने पिछले कई सालों से लगातार लड़ाई लड़ी है। इस सड़क को विधायक प्राथमिकता में डालने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। जानकारी के मुताबिक होली के लाके वाली माता से जालसू जोत तक लगभग 22 किलोमीटर सड़क के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने जनजातीय सलाहकार समिति की बैठक में विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं। उधर विभाग की ओर से 12 किलोमीटर सड़क के लिए 9 करोड़ का बजट स्वीकृत हो गया है और बचे 17 किलोमीटर के लिए विभाग जल्द से जल्द औपचारिकताएं पूरी करने में जुटा हुआ है। इस सड़क को विधायक प्राथमिकता में डालने के बाद होली उतराला सड़क संघर्ष समिति के सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया है।

समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर ने कहा है कि इस सड़क निर्माण के लिए लोगों ने लंबी लड़ाई लड़ी है यहां के लोगों के लिए यह सडक एक सपना रहा है। इस सड़क के बन जाने के बाद चंबा और कांगड़ा की दूरी लगभग 200 किलोमीटर कम हो जाएगी। अभी जहां कांगड़ा पहुंचने के लिए लोगों को 10 से 12 घंटे का सफर करना पड़ता है वहीं पर इस सड़क के बन जाने के बाद लोग 2 से 3 घंटे में कांगड़ा पहुंच जाएंगे। होली के लाके वाली माता से बैजनाथ तक इस सड़क की दूरी लगभग 80 किलोमीटर के करीब होगी। इस सड़क के बन जाने के बाद जहां चंबा और कांगड़ा की दूरी कम होगी तो वहीं पर पर्यटन को भी खूब बढ़ावा मिलेगा। धार्मिक साहसिक पर्यटन के साथ यहां पर रोजगार के भी नए अवसर पैदा होंगे।

### मुख्यमंत्री व विधायक का जताया आभार

इस सड़क को विधायक प्राथमिकता में डालने के लिए होली व नयाग्रां पंचायत के प्रधान व भाजपा मंडल अध्यक्ष होली अशोक राजपूत ने मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यहां के अधिकतर लोग कांगड़ा में माइग्रेटेड है। सर्दियों में यहां के अधिकतर लोग कांगड़ा में पलायन कर जाते हैं। लिहाजा इस सड़क के बन जाने के बाद जहां दूरी कम होगी वहीं पर समय की बचत भी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री और विधायक से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए।



### विधायक जनक राज ने उठाया था यह मुद्दा

भरमौर पांगी के विधायक डॉक्टर जनक राज ने होली उतराला सड़क के मुद्दे को सदन के अंदर और बाहर कई बार जोर-जोर से उठाया है। विधायक ने इस मुद्दे को जनजातीय सलाहकार परिषद की 48वीं बैठक में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने गौर करते हुए इस सड़क को विधायक प्राथमिकता के तहत डालकर क्षेत्रवासियों को सौगात प्रदान की है।

### संघर्ष समिति के संघर्ष की हुई जीत

इस सड़क के निर्माण के लिए पिछले कई सालों से होली-उतराला सड़क के लिए संघर्ष समिति लगातार काम कर रही है। जिसको लेकर उन्होंने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा भी खोल रखा था और विभाग के खिलाफ आंदोलन भी चलाया था। इस सड़क निर्माण के लिए संघर्ष समिति ने कई बार शिमला तक धर्मशाला जाकर सरकार से बात भी की है। लिहाजा सीएम के आश्वासन के बाद समिति के सदस्यों ने भी राहत की सांस ली है और मुख्यमंत्री और विधायक का आभार भी व्यक्त किया है।

# नशा, अपहरण दुष्कर्म, मारपीट व जुए के मामले दर्ज

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा पुलिस ने शनिवार को जिले के विभिन्न थानों में कुल पांच गंभीर मामलों में अभियोग दर्ज किए। इन मामलों में नशा तस्करी, अपहरण व दुष्कर्म, मारपीट, जुआ और महिला से छेड़छाड़ शामिल हैं। पुलिस थाना सदर में निखिल कुमार और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया; उनके कब्जे से चिट्टा, इंजेक्शन और टैबलेट बरामद हुईं। महिला थाना में एक नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में इस्माइल सहित तीन लोगों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। डलहौजी में मारपीट के, खिरार में जुआ अधिनियम के, और चुवाड़ी में महिला से छेड़छाड़ के मामले पंजीकृत किए गए। जुआ के मामले में मौके से 700 रुपए नकद और 98 ताश के पत्ते बरामद किए गए। जिला पुलिस ने सभी मामलों में निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिससे अपराधियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क निर्माण पर निकली पोकलेन की चेन



अनंत ज्ञान, धरवाला। राडी से खोईमढ पर चल रहे सड़क निर्माण पर कार्य कर रही पोकलेन की चेन अचानक निकल गई जिससे काम करने की गति रुक गई। जैसे ही इस बात की खबर स्थानीय लोगों को पता चली बहुत से युवा आकाश ठाकुर, देवराज, पवन, सुरेश, प्रीतम, विपिन, कार्तिक ,सचिन इत्यादि बहुत से लोगों ने वहां पहुंचकर पोकलेन की चेन को डालने में काफी सहायता की। तत्पश्चात काफी मशक्कत के बाद आगे सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ लोगों में इस सड़क निर्माण को लेकर काफी उत्साह है। बहुत से स्थानीय लोगों ने भी इस सड़क निर्माण में अपनी भूमि दान स्वरूप दी है तब जाकर ही यह सडक निर्माण का कार्य संभव हो पाया है। जिसमें 103 वर्षीय सोहनलाल का नाम भी शामिल है जिन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद बहुत से लोगों को मौके का साक्षी मानकर जितनी भी जमीन सड़क निर्माण के लिए जाएगी दान की है। इस सड़क निर्माण में जिस तरह स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर आगे आ रहे हैं यहां के लोग औरों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

### ग्रामीणों को जल संरक्षण की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, भरमौर। विकास खंड भरमौर की ग्राम पंचायत गरोला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरोला में वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ बीडीओ कार्यालय भरमौर के अधीक्षक गोपाल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल संरक्षण एवं वाटरशेड विकास कार्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण के साथ की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण, जल स्रोतों के संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, महिला मंडलों तथा स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला मंडलों और विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया।

### कंसा ग्राउंड में लगेगा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, नेरचौक। हिमालय ब्लड डोनर्स एचबी की ओर से कंसा ग्राउंड में रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। रक्तदान शिविर आयोजक मंडल के सदस्य रवींद्र वर्मा ने बताया कि हिमालयन ब्लड डोनर द्वारा यह 103वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 वर्षों में संस्था 17000 यूनिट रक्तदान कर चुकी है। रवींद्र वर्मा ने समाज के सभी वर्गों से इस शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की है।

# गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर डाला प्रकाश

## डॉक्टर राजेश शर्मा ने की गुरु-शिष्य समागम के आयोजन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अनंत ज्ञान, चंबा

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की दूरवर्ती शिक्षा शाखा इक्डोल से शिक्षित पूर्व छात्रों द्वारा चंबा जिले में गुरु-शिष्य समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इक्डोल के सह आचार्य डॉक्टर राजेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समागम में इक्डोल से बीएड और एमएड की शिक्षा प्राप्त कर चुके सेवारत शिक्षक एवं अन्य शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉक्टर राजेश शर्मा के चंबा आगमन पर पुष्प गुच्छ और मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात उन्हें शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सभी शिष्यों ने पारंपरिक चंबा थाल भेंट कर गुरु के प्रति सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारत की प्राचीन और सशक्त सांस्कृतिक विरासत है, जो केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं बल्कि बौद्धिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का अटूट संबंध स्थापित करती है।

यह परंपरा भक्ति, आज्ञाकारिता, अनुशासन और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होती है, जिसमें अहंकार का त्याग कर आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिवेश में ऐसे समागम हमारी संस्कृति, विचारों और परंपराओं को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। इसी उद्देश्य से भविष्य में हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसका अगला समागम शीघ्र ही धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉक्टर राशि, लेक्चरर डाइट; विजय जरियाल, लेक्चरर डाइट; सुनील जरियाल, जिला अध्यक्ष एनपीएसईए चंबा; रजनी, जेबीटी शिक्षिका; अल्का सोनी, जेबीटी शिक्षिका; अमित जरियाल, टीजीटी मेडिकल; विजय शर्मा, महासचिव एनपीएसईए चंबा; शिखा ढल, जेबीटी शिक्षिका; राकेश कुमार, दीप राज, कमलेश कुमार, पृथी सिंह, दीपशिखा लेक्चरर सहित बड़ी संख्या में इक्डोल के पूर्व छात्र उपस्थित रहे।



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इक्डोल के सह आचार्य डॉक्टर राजेश शर्मा को सम्मानित करते हुए।

# नागरिकों को अज्ञात जमा राशि वापस पाने की प्रक्रिया समझाई

अनंत ज्ञान, चंबा

भारत सरकार के 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत आज 13 दिसंबर 2025 को खज्जियार ग्राम पंचायत में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को बैंकों में वर्षों से पड़ी अज्ञात (अनक्लेमड) जमा राशियों की जानकारी देना और उन्हें अपनी पूंजी वापस पाने की प्रक्रिया से अवगत कराना था।

शिविर का आयोजन अग्रणी बैंक चम्बा द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक शिमला और हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने नागरिकों को अज्ञात राशि प्राप्त करने के अधिकार और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक में पड़ी यह राशि नागरिकों और उनके परिवार की होती है, जिसे बिना किसी शुल्क के वापस लिया जा सकता है। अग्रणी जिला प्रबंधक डी सी चौहान ने बताया कि

### 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का शिविर आयोजित

चंबा जिले में 40 हजार से अधिक अज्ञात जमा खाते हैं, जिनमें प्रमुख खाते पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक और हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक से संबंधित हैं। शिविर में नागरिकों को यूडीगैम पोर्टल (httpsÑ// udgam.rbi.org.in/) के माध्यम से स्वयं पंजीकरण कर राशि प्राप्त करने और बैंक शाखा जाकर केवाईसी दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया समझाई गई।

सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इस जानकारी को अपने आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं। अग्रणी बैंक ने यह भी चेतावनी दी कि ऐसे अभियानों के दौरान किसी को ओटीपी या किसी शुल्क की आवश्यकता नहीं होती, और किसी असामाजिक तत्व के झांसे में न आने की सलाह दी।

# जय श्री कृष्णा व राधे-राधे के उद्घोष से गूंजा लक्ष्मीनाथ मंदिर



पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने आध्यात्मिक कार्यक्रम की सराहना की।

अनंत ज्ञान, चंबा

इस्कॉन हिमाचल एवं राधा कृष्ण भक्त वृंद चंबा के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में भव्य नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और पूरा वातावरण 'जय श्री कृष्णा' व 'राधे राधे' के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर की विशेष बात यह रही कि संकीर्तन व प्रचार कार्य से जुड़े श्रद्धालु विभिन्न-विभिन्न पेशों से संबंधित हैं। इनमें कई ऐसे लोग भी शामिल रहे, जो वर्तमान में या पूर्व में सरकारी पदों पर बड़े दायित्व निभा चुके हैं अथवा समाजसेवा में सक्रिय रहे हैं। नगर संकीर्तन में सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर अपनी धर्मपत्नी नीलम नैय्यर सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। नगर संकीर्तन के दौरान भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था प्रकट की और शांति, प्रेम व मानव कल्याण का संदेश दिया।

# छुट्टी के दिन कृष्ण भक्ति के प्रचार में जुटे अनिल गुलेरिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के गोहर सबडिवीजन में सहायक न्यायवादी के पद पर कार्यरत अनिल गुलेरिया अपने अवकाश के दिनों में मंडी नगर में कृष्ण भक्ति का प्रचार कर रहे हैं। एक समर्पित कृष्ण भक्त के रूप में वह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद करते हैं और भगवान कृष्ण के जीवन, उनकी शिक्षाओं, आदर्शों तथा भक्ति के महत्व के बारे में जानकारी साझा करते हैं। अनिल गुलेरिया का यह प्रयास लोगों को कृष्ण भक्ति से जोड़ने और उनके आदर्शों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करने की भावना से किया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का विकास हो सके। उनके इस प्रयास को स्थानीय लोगों द्वारा सराहना मिल रही है और माना जा रहा है कि इससे समाज में सौहार्द, शांति और सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा मिलेगा।

# तकनीक व जागरूकता के साथ उपभोक्ताओं से सामंजस्य स्थापित करेगा खाद्य आयोग: कत्याल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल प्रदेश खाद्य आयोग के अध्यक्ष एसपी कत्याल ने कहा कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न उपलब्ध हो, इसके लिए आयोग की कार्यप्रणाली में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज तक खाद्य आयोग आम उपभोक्ता की पहुंच से दूर रहा है। लेकिन अब उनका प्रयास रहेगा कि तकनीक और जागरूकता के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आयोग का हेल्पलाइन नंबर जारी करने के अलावा वेबसाइट भी तैयार की जाएगी।

मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एसपी कत्याल ने कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली बदलाव करते हुए तकनीक को महत्व दिया जाएगा। वहीं पर प्रदेश की विभिन्न आंगनबाड़ियों और एमडीएम संचालकों का डाटा ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे जांच के लिए जाने वाली टीमों और अन्य लोगों के लिए आंकड़े मुहैया करवाने में आसानी रहेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य, फूड एवं सेफ्टी के बीच समन्वय स्थापित करते हुए राज्य खाद्य आयोग एक कड़ी का काम करेगा। जिससे सभी विभागों के बीच तालमेल बना रहे और कार्य में भी तेजी आए। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न खाद्यानों की जांच के कार्य में तेजी लाने और इस दौरान लिए जाने वाले सैंपलों की रिपोर्ट यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 या 20 दिनों के अंदर आ जाए।

इसके अलावा पारदर्शिता के लिए आवश्यक है कि जो भी रिपोर्ट आती है उसे बिना किसी भेदभाव के सार्वजनिक किया जाए। एसपी कत्याल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति निगम एवं विभाग द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ आटे, चावल, खाद्य तेल, दालों आदि की आपूर्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया को लागू किया जाता है। इसके बाद ही आटा मिलों और अन्य फर्मों को आर्डर दिए जाते हैं। इसके बावजूद समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर सैंपल भरे जाते हैं।

उन्होंने बताया कि गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाता है। अगर कहीं पर भी गड़बड़ी पाई जाती है तो माल वापस कर दिया जाता है। यही नहीं उस फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि आयोग के कार्यों से लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्तरों पर सेमिनार और कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही है।



मंडी में पत्रकारवार्ता करते राज्य खाद्य कमिशनर एसपी कत्याल।

# खज्जियार में बैंक-एटीएम शून्य, लोगों व पर्यटकों की परेशानी पर सरकार मौन

अनंत ज्ञान, चंबा

देश-विदेश में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से प्रसिद्ध विश्व पर्यटन नगरी खज्जियार आज बुनियादी बैंकिंग सुविधाओं के अभाव का दंश झेल रही है। हैरानी की बात यह है कि इतनी ख्याति प्राप्त पर्यटन स्थल पर न तो कोई बैंक शाखा उपलब्ध है और न ही एक भी एटीएम। बड़े-बड़े दावे और घोषणाएँ तो की गईं, लेकिन धरातल पर आज तक कुछ भी साकार नहीं हो पाया।

खज्जियार आने वाले पर्यटकों को नकदी की जरूरत पड़ने पर 24 किलोमीटर दूर चंबा या 22 किलोमीटर दूर डलहौजी का रुख करना पड़ता है। सीमित समय के लिए घूमने आए पर्यटकों के लिए यह स्थिति बेहद असुविधाजनक है। कई बार तो नकदी के अभाव में पर्यटकों को बिना खरीदारी या स्थानीय सेवाओं का लाभ लिए ही वापस लौटना पड़ता है, जिससे पर्यटन व्यवसाय को सीधा नुकसान हो रहा है।

स्थानीय होटल व्यवसायियों, दुकानदारों और टैक्सी चालकों का कहना है कि डिजिटल भुगतान की बात केवल कागजों में अच्छी लगती है। नेटवर्क की समस्या, तकनीकी दिक्कतें और पर्यटकों की विविध आवश्यकताओं के चलते नकद लेन-देन आज भी अनिवार्य है। इसके बावजूद खज्जियार जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल को बैंक और एटीएम जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रखा गया है।

सबसे गंभीर आरोप स्थानीय निवासियों की ओर से सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार सरकार और संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, ज्ञापन दिए गए और मांग उठाई गई, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। वर्षों बीत जाने के बावजूद न तो बैंक खुला और न ही एटीएम स्थापित किया गया।

स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि यदि खज्जियार को वास्तव में विश्व पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करना है तो केवल प्रचार और घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। ज़मीनी स्तर पर सुविधाएँ उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बैंक और एटीएम की स्थापना न केवल पर्यटकों की सुविधा के लिए जरूरी है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन उद्योग को मजबूती देने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या सरकार और प्रशासन इस बार खज्जियार की आवाज़ सुनेगा, या फिर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खज्जियार बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यूँ ही उपेक्षा का शिकार बनी रहेगी।

## परेशानी | बरसात के अलावा 8 माह चलने वाली सड़क पर बस सेवा न होने से लोग परेशान

# सरी-शेरपुर मार्ग पर बस सेवा 3 साल से बंद

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

धर्मपुर चुनाव क्षेत्र के तहत सरी खाबर शेरपुर सड़क मार्ग पर चलने वाली बस सेवा पिछले तीन साल से बंद पड़ी है जिससे इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को दिक्क का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर लोगों का प्रदेश सरकार के साथ साथ परिवहन निगम व लोक निर्माण विभाग के प्रति गहरा रोष है।वर्ष 2009 में अनुसूचित जाति उप योजना के तहत बने इस शेरपुर खाबर सड़क जो खाबर से सरी तक जांदर खड्ड से होकर बस जाती थी हालांकि तत्कालीन विधायक व परिवहन मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह से इस सड़क मार्ग पर इसलिए बस सेवा शुरु की थी क्योंकि लौंगनी से बाबा कमलाहिया को जाने वाले यात्रीओं को इस सड़क मार्ग से जाने के लिए बारह किलोमीटर का सफ़र कम पड़ता है जिससे लोगों का समय व पैसा दोनों की बचत होती थी लेकिन विभाग व सरकार की लापरवाही के कारण बरसात के आलावा आठ महीने चलने वाले इस सड़क मार्ग पर पिछले तीन वर्षों से बस नहीं चल रही है।इतना ही नहीं इस सड़क मार्ग को बारह माह बनाने के लिए पिछली सरकार के दौरान लोक निर्माण विभाग को आदेश भी दिए थे तथा हाथी बाहल तक सड़क निर्माण करके हाथी बाहल में बस योग्य पुल का निर्माण भी किया जा चुका है तथा उसका शुभारम्भ भी कर दिया है लेकिन वर्तमान सरकार के दौरान हाथी बाहल पुल से आगे एक इंच भी सड़क निर्माण नहीं हुआ है जिसके लिए लोगों में भारी नाराजगी है सरी पंचायत के प्रधान कश्मीर सिंह,पंचायत समिति सदस्या कमला गुलेरिया,वार्ड सदस्य जगदीश शर्मा,राम लाल,पूर्व पंचायत समिति सदस्या संगीता मंड्याल, बिंगा पंचायत प्रधान तम्बो देवी,भाग मल डलवाल, पाल ठाकुर,भागमल ठाकुर शेरपुर,नंद लाल शर्मा,पाल शर्मा,भादर सिंह, बालम राम सुनील दत्त ने प्रदेश सरकार व लोक निर्माण विभाग व परिवहन विभाग से इस सड़क मार्ग पर बस सेवा वहाल करने व इस सड़क मार्ग को हाथी बाहल से शेरपुर तक बारह माह बनाने के मांग की है।

परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक सरकाघाट अनिल शर्मा ने कहा की पिछले तीन सालों से खाबर से शेरपुर तक की सड़क बस के चलने योग्य नहीं है जिसके कारण इस मार्ग पर चलने वाली निगम की बस सरी से वापिस मुड़कर वाया गांव मढ़ी तक जाती है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता घनश्याम ने कहा की शेरपुर और खाब्बर के बिच भूसखलन के कारण लहासे गिरे है तीन से चार जगह बड़े बड़े डंगे लगने है जिनके एस्टीमेट बनाकर भेजे हैं जैसे ही स्वीकृति आएगी डंगे लगाकर इस सड़क मार्ग को भारी वाहनों के चलने योग्य बना दिया जाएगा।



पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार व विभाग से बस सेवा शुरू करने की मांग की।

अनंत ज्ञान मुद्दा

# मनीष सरीन की पहल लाई रंग प्रवासी पंजीकरण हुआ अनिवार्य

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला पुलिस अधीक्षक चंबा द्वारा जिले में बाहरी राज्यों से व्यापार, काम-धंधे व रोजगार के उद्देश्य से आने वाले प्रवासी मजदूरों, दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडरों के पंजीकरण को अनिवार्य करने संबंधी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। इस निर्णय को जिले में सुचारु प्रशासन, सार्वजनिक सुरक्षा, सांप्रदायिक सद्भाव तथा प्रवासी श्रमिकों की वैध आजीविका की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम माना जा रहा है।



आदेशों के तहत जिले के सभी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में निवास या कार्य कर रहे प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का पर्चा अजनबी काटकर संबंधित थाने को भेजेंगे, उसका सत्यापन सुनिश्चित करेंगे तथा रिकॉर्ड का अनिवार्य रूप से संधारण करेंगे। सभी पंजीकरण छह माह की अवधि के लिए मान्य होंगे और वैधता समाप्त होने से पूर्व नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रत्येक प्रवासी व्यक्ति से स्थानीय संपर्क व्यक्ति का विवरण व फोन नंबर लेना भी आवश्यक किया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित संपर्क संभव हो सके। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हॉकर्स व स्ट्रीट वेंडर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों अथवा सार्वजनिक मार्गों पर अनधिकृत कब्जा नहीं करेंगे, जिससे यातायात व आम जनता की आवाजाही बाधित न हो। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात थाना प्रभारी आवश्यकता अनुसार अस्थायी पहचान पर्ची भी जारी कर सकेंगे, जिससे स्थानीय नागरिकों और फील्ड स्टाफ को पंजीकृत व्यक्तियों की पहचान में सुविधा मिले। इस अहम फैसले पर डलहौजी कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता मनीष सरीन ने चंबा पुलिस की खुलकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रवासी पंजीकरण को अनिवार्य करने का निर्णय अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, मानव तस्करी तथा अन्य सामाजिक अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने में निर्णायक साबित होगा।

दुख और वेदना के अथाह सागर वाले इस संसार में प्रेम की अत्यधिक आवश्यकता है।

-डॉ. रामकुमार वर्मा

## संपादकीय

# सुक्खू सरकार की नई पहल

'आवश्यकता आविष्कार की जननी है।' यह कहावत हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर सटीक बैठती है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जैसे ही प्रदेश की बागडोर संभाली, उन्होंने पहले दिन से ही राज्य के राजस्व को बढ़ाने के नए तरीकों पर काम करना शुरू कर दिया। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य है और इसके पास नदियां, पहाड़, वन और जल विद्युत परियोजनाओं की भरमार है। राज्य सरकार ने हमेशा से इन संसाधनों का सदुपयोग कर अपने खजाने को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम उठाने का प्रयास किया।

पहली योजना के तहत सुक्खू सरकार ने हिमाचल की नदियों के बहते पानी पर वाटर सेस लगाने का विचार किया। सरकार का तर्क यह था कि हिमाचल प्रदेश की नदियों में बहने वाले पानी पर राज्य का हक है और इस पानी से चलने वाले बिजली प्रोजेक्टों पर सेस लगाया जाना चाहिए। हालांकि, यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और योजना लागू नहीं हो पाई। अदालत से झटका मिलने के बावजूद सरकार ने हार नहीं मानी और नए विकल्पों पर काम करना शुरू किया। इसके बाद सुक्खू सरकार ने भू-राजस्व का रास्ता अपनाया। इसके लिए बकायदा नया कानून बनाया गया, जिसे विधानसभा से पास कराया गया। पहले इस कानून के तहत चार प्रतिशत तक भू-राजस्व लेने की योजना थी, लेकिन बिजली परियोजनाओं के लिए यह दर दो प्रतिशत तय की गई। इस तरह सरकार ने वाटर सेस के विकल्प के रूप में बिजली प्रोजेक्टों से राजस्व जुटाने का नया तरीका खोज लिया। भू-राजस्व के इस नए प्रावधान के तहत हिमाचल प्रदेश में संचालित 188 बिजली परियोजनाओं को अब नए साल से उनके औसत मूल्य का दो प्रतिशत भूमि राजस्व देना होगा। इसके तहत केवल प्रोजेक्ट की जमीन ही नहीं, बल्कि वन संरक्षण अधिनियम के तहत अनुमति प्राप्त किसी भी स्थान पर भी भू-राजस्व लागू होगा। यदि बिजली परियोजना के पास जमीन का मालिकाना हक नहीं भी है, तब भी यह भू-राजस्व देना अनिवार्य होगा। इस तरह सरकार ने सुनिश्चित किया कि कोई भी परियोजना इस नियम से बच न सके।

ऊर्जा निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, इन 188 परियोजनाओं से आने वाला भू-राजस्व लगभग 2,000 करोड़ रुपए के आसपास होगा। यह राशि राज्य के खजाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सरकार को अपने खर्चों को पूरा करने में आसानी होगी और कर्ज लेने की आवश्यकता कम होगी। इस कदम से हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति में स्थिरता आएगी और सरकार अपने विकास कार्यों को सुचारु रूप से चला सकेगी।

यह स्पष्ट संकेत है कि सुक्खू सरकार ने आर्थिक संकट से निपटने के लिए ठोस और व्यावहारिक कदम उठाए हैं। सरकार के इस प्रयास की आलोचना करना मुश्किल है, क्योंकि यह योजना न केवल कानूनी है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए राज्य की आमदनी बढ़ाने की दिशा में अहम है।

सुक्खू सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन आर्थिक परिस्थितियों में सृजनात्मक सोच और नए विकल्प अपनाने से ही समाधान निकल सकता है। वाटर सेस योजना सुप्रीम कोर्ट में रुक गई, लेकिन भू-राजस्व का रास्ता निकाले जाने से सरकार ने अपनी नीतियों में लचीलापन और व्यावहारिकता दिखाई। इसके साथ ही यह कदम राज्य के बिजली प्रोजेक्टों के नियामक ढांचे को भी मजबूत करता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# हिंदी सिनेमा के शोमैन

**रणबीर** राज कपूर हिंदी फिल्मों के महान अभिनेता, निर्माता और निर्देशक थे। पेशावर में जन्मे राज कपूर का अभिनय उनके पिता, प्रसिद्ध अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से विरासत में मिला। बचपन में ही उन्होंने रंगमंच और फिल्मों के सेट पर काम शुरू कर दिया। राज कपूर ने 17 वर्ष की उम्र में रणजीत मूवीटोन में क्लैपर-बॉय और असिस्टेंट के रूप में काम शुरू किया और धीरे-धीरे अभिनय की बारीकियां सीखीं।



राज कपूर
जन्म : 14 दिसंबर,1924
मृत्यु : 2 जून, 1988

राज कपूर ने 1948 में अपनी पहली फिल्म 'आग' का निर्माण, निर्देशन और अभिनय किया। इसके बाद उन्होंने आरके स्टूडियो की स्थापना की और 'आवारा' (1951), 'बरसात' (1949), 'श्री 420' (1955), 'जागते रहो' (1956) और 'मेरा नाम जोकर' (1970) जैसी यादगार फिल्में दीं। उनकी फिल्मों का खास अंदाज आम भारतीय की भावनाओं और संघर्षों को दर्शाता था। 'आवारा' में उनका चार्ली चैपलिन जैसे ईमानदार गरीब नायक का किरदार लोगों को खूब भाया।

राज कपूर ने संगीत और गीतों का विशेष ध्यान रखा; उनके सहयोगियों में शंकर-जयकिशन, शैलेंद्र, हसरत जयपुरी और मुकेश जैसे दिग्गज शामिल थे। नर्गिस उनकी प्रमुख हीरोइन रहीं और दोनों ने 17 फिल्मों में साथ काम किया। व्यक्तिगत जीवन में राज कपूर की पत्नी कृष्णा और उनके तीन बेटे-रणधीर, ऋषि और राजीव भी फिल्मी दुनिया में सक्रिय रहे। राज कपूर की फिल्में सामाजिक और मानवीय मूल्यों, प्रेम, संघर्ष और आशावाद का संदेश देती थीं।

1988 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके योगदान और आरके स्टूडियो ने हिंदी सिनेमा में उनकी विरासत अमर कर दी। आज भी उनकी फिल्में और गीत भारत एवं विश्वभर में याद किए जाते हैं। राज कपूर न केवल एक अभिनेता और निर्देशक थे, बल्कि हिंदी सिनेमा के शोमैन के रूप में इतिहास में अमिट स्थान रखते हैं। ■



कविता

## कैसे कैसे लोग हैं इस दुनिया में

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

रवींद्र कुमार शर्मा, गांव व डाकघर घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हिप्र)

**कल** तक जिसको खूब नकारा
आज उसको गले हैं लगाते
कैसे कैसे लोग हैं इस दुनिया में
मौका देखते ही पाला बदल जाते
कोई मौका था देखते ही नाक भौं थे चढ़ाते,
हर सभा में देते थे गालियां दूर थे भगाते
समय ने पलटी मारी किस्मत बदल गई
फिरते हैं आज उसी के पीछे दुम है हिलाते
हद से आगे बढ़ने से होता है काम खराब
बड़ी हेकड़ी वालों को कर देता है बर्बाद
समय नहीं रखता किसी का भी उधार
समय आने पर समय कर देता है बराबर हिसाब
समय सब का आता है मत करो अहंकार
दुआएं लीजिए जो कभी नहीं जाती बेकार
कल क्या होगा यह तो केवल वही है जानता
नशा कोई भी हो समय देता है उतार
डूबा जो अहंकार में हो गया सर्वनाश
कई उदाहरण हैं देखिए अपने आसपास
विपदा आने पर वह भी दूर हो गए
अच्छे समय में जो होते थे कभी खास

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास-नए अधिनियम से क्या हासिल होगा ?

जनता का विश्वास हमेशा से भारत के परमाणु कार्यक्रम की आधारशिला रहा है। देश के सतत, समतापूर्ण और ऊर्जा-सुरक्षित विकास के दृष्टिकोण में यह आधार निहित है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अत्यधिक संरक्षा, निर्विवाद उत्तरदायित्व और पारदर्शी संचार के साथ किया जाए।



डॉ. रतन कुमार सिन्हा
पूर्व सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास के स्तंभ केवल अमूर्त आदर्श नहीं हैं, ये भारत के परमाणु उद्योग के व्यावहारिक आधार हैं। जैसे-जैसे हम परमाणु ऊर्जा के लिए एक नए विधायी ढांचे पर विचार कर रहे हैं, यह पूछना जरूरी है कि यह नए अधिनियम से क्या हासिल होगा ? मेरे विचार से, इसका उत्तर इन्हीं आधारों को मजबूत करने में निहित है। इस कानून से अपेक्षा है कि यह जनता के विश्वास से समझौता किए बिना संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करे, सरलीकरण और सुरक्षा प्रदान करे, नवाचार को प्रोत्साहित करे।

परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिजाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिजाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रही हैं। जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर (AHWR) की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है-एक ऐसी डिजाइन जो स्वत: सुरक्षित (walk-away safe) हो। वास्तव में, संरक्षा परमाणु ऊर्जा परिनियोजन का एक अभिन्न अंग है।

नए अधिनियम को, निश्चित रूप से, यह गारंटी देनी चाहिए कि संरक्षा-संस्कृति जारी रहे। इसे उच्चतम संरक्षा मानकों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए और नियामक संस्थानों की स्वायत्तता, अधिकार और जवाबदेही को मजबूत करना चाहिए।

इसे आवश्यकतानुसार प्रौद्योगिकी उन्नयन और पारदर्शी संरक्षा समीक्षाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे प्रचालन प्रदर्शन पर सूचना के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देना चाहिए। किसी भी उद्योग में विशेषकर परमाणु ऊर्जा के मामले में तो और भी ज्यादा, संरक्षा एक स्थिर लक्ष्य नहीं है। इसे एक ऐसी संस्कृति के रूप में



देखा जाना चाहिए जिसका निरंतर पोषण किया जाना चाहिए। खास तौर पर परमाणु पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में, इस संस्कृति को एक संस्थागत फ्रेमवर्क के जरिए मजबूत किया जाना चाहिए।

नाभिकीय क्षति के लिए असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी अधिनियम) एक अग्रणी कदम रहा है जिसने तीन महत्वपूर्ण हितों को संतुलित किया है: जनता की संरक्षा, आपूर्तिकर्ताओं को आश्वासन और ऑपरेटरों का विश्वास। इसने दोष-रहित दायित्व सिद्धांत को प्रतिपादित किया और यह सुनिश्चित किया कि ऑपरेटर की जिम्मेदारी स्पष्ट और निर्देशित रहे। ऊर्जा परिदृश्य और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास ने संबंधित संस्थाओं की देनदारियों पर अधिक स्पष्टता को आवश्यक बना दिया है। इस तरह के संशोधन किसी भी परिपक्व क्षेत्र की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन का फ्रेमवर्क वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बनाए रखे।

नया अधिनियम ऐसा शासन फ्रेमवर्क सुनिश्चित करे जो निष्पक्ष, स्पष्ट और संदेह-रहित हो तथा जवाबदेही की एक सुव्यवस्थित और पारदर्शी श्रृंखला स्थापित करे। दायित्व निर्धारण की व्यवस्था देश में परमाणु ऊर्जा की तैनाती के विस्तार और पैमाने के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि संरक्षा और जिम्मेदारी विकास के साथ समानांतर चलें। वैश्विक स्तर पर परमाणु उद्योग का संरक्षा रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है, फिर भी जनता की धारणा अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों से अधिक भय और भ्रांतियों से प्रभावित रही है। इसलिए जनविश्वास केवल पारदर्शिता, सूचना के सार्वजनिक प्रकटीकरण और निरंतर संवाद से ही अर्जित किया जा सकता है।

चिकित्सा में रेडियोथेरेपी, कृषि में उत्परिवर्तन प्रजनन और जल शुद्धिकरण जैसे अनुप्रयोग परमाणु विज्ञान के मानवीय और विकासोन्मुखी पक्ष को उजागर करते हैं। नया अधिनियम इन पहलुओं को सामने लाने के लिए शैक्षिक जागरूकता और नागरिक सहभागिता को संस्थागत प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाए। जहां 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम क्षमता निर्माण पर केंद्रित था, वहीं नए अधिनियम का उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और परमाणु प्रौद्योगिकी की बड़े पैमाने पर तैनाती को सक्षम बनाना होना चाहिए।

निश्चित रूप से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, उन्नत थोरियम प्रणालियां, स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, नवाचार तथा नियामकों, प्रचालकों और उद्योग के बीच समन्वय को प्रोत्साहित करते हुए यह अधिनियम भारत के जलवायु लक्ष्यों और विकसित भारत 2047 की स्वच्छ-ऊर्जा आकांक्षाओं के लिए एक सुदृढ़ आधार प्रदान करेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस : सतत भविष्य की ओर एक जिम्मेदार कदम

हर वर्ष 14 दिसंबर को पूरे देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य देशवासियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना, ऊर्जा की खपत को कम करने के उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा ऊर्जा के जिम्मेदार और विवेकपूर्ण उपयोग की संस्कृति विकसित करना है। आज जब दुनिया ऊर्जा संकट, जलवायु परिवर्तन और तेजी से खत्म होते प्राकृतिक संसाधनों की चुनौती से जूझ रही है, तब ऊर्जा संरक्षण केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत विश्व की उन तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहां ऊर्जा की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। उद्योगों का विस्तार, शहरीकरण, परिवहन की बढ़ती मांग और घरेलू उपभोग में लगातार वृद्धि, इन सबने ऊर्जा पर भारी दबाव बना दिया है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आज भी आयात पर आधारित करता है। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि वैश्विक बाजारों में अस्थिरता का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

ऐसे में ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय हित का प्रमुख मुद्दा है। कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसी जीवाश्म ईंधन सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं। इनके अत्यधिक दोहन से आने वाली पीढ़ियां संकट में पड़ सकती हैं। ऊर्जा उत्पादन से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है। ऊर्जा बचत इन समस्याओं को कम करने का सरल और प्रभावी उपाय है। ऊर्जा संरक्षण से न केवल सरकार, बल्कि आम नागरिक भी अपने मासिक बिजली बिल और ईंधन खर्च को काफी कम कर सकते हैं। ऊर्जा दक्ष उपकरणों, सौर और पवन ऊर्जा जैसे




नवीकरणीय क्षेत्रों में नए रोजगार अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। ऊर्जा संरक्षण इन क्षेत्रों में और निवेश को बढ़ावा देता है।

ऊर्जा संरक्षण कोई कठिन कार्य नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जीवनशैली में किए गए छोटे-छोटे बदलावों से ही संभव है।घर में ऊर्जा बचत के लिए हम एलईडी बल्ब और ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग करना चाहिए तथा उपयोग न होने पर पंखे, लाइटें, टीवी आदि बंद कर देने चाहिए। रोजमर्रा के जीवन में बिजली के हीटर व कूलर का संतुलित उपयोग करना चाहिए तथा घर में प्राकृतिक रोशनी और हवा का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा इन्सुलेशन तकनीक को अपनाना, सौर ऊर्जा आधारित घरेलू समाधान को अपनाना,परिवहन क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना,कार पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन को अपनाना, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करना, अनावश्यक वाहन चालू न रखना,बैटरी आधारित ई-बाइक, ई-रिक्शा को प्राथमिकता देना, उद्योगों में ऊर्जा की दक्षता,ऊर्जा ऑडिट करवाना, आधुनिक ऊर्जा कुशल मशीनरी अपनाना, नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करना तथा अपव्यय रोकने के लिए स्वचालन और स्मार्ट तकनीक को अपनाना चाहिए। भारत सरकार ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिनमें ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा स्टार-रेटेड उत्पाद, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, उजाला योजना के माध्यम से एलईडी बल्बों का व्यापक वितरण, परफॉर्म, अचीव एंड ट्रेड योजना, सोलर मिशन और अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा आदि प्रमुख हैं।

ऊर्जा संरक्षण राष्ट्र निर्माण की मूलभूत आवश्यकता है। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। एक बल्ब बंद करने से लेकर सौर ऊर्जा जैसे बड़े समाधान अपनाने तक, हमारे हर कदम का सीधा संबंध देश के भविष्य से है। तो आइए, राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर ऊर्जा बचत की आदतों को अपनाने का संकल्प लें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कर्ज में डूबते हिमाचल में मिसाल बने विधायक, एक रुपए वेतन से दिखाया आईना

कर्ज उस दीमक की तरह होता है, जो किसी पेड़ को लग जाए तो उसे भीतर से खोखला कर देता है। आज यही स्थिति हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की होती जा रही है। लगातार बढ़ते कर्ज ने राज्य की वित्तीय सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ऐसे में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार द्वारा कर्ज लेकर विधायकों के वेतन-भत्तों में वृद्धि करना आम जनता के लिए चिंता और असंतोष का विषय बन गया है। इसी पृष्ठभूमि में जोगिंद्रनगर से विधायक प्रकाश राणा का निर्णय एक सकारात्मक और सराहनीय उदाहरण बनकर सामने आया है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

धर्मशाला में हाल ही में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक प्रकाश राणा ने यह संकल्प लिया कि जब तक हिमाचल प्रदेश वित्तीय संकट से बाहर नहीं आ जाता, तब तक वे मात्र एक रुपए का वेतन ही लेंगे। उनकी इस पहल को प्रदेशभर में सोशल मीडिया और आम जनमानस से व्यापक सराहना मिल रही है। लोग यह प्रश्न भी उठा रहे हैं कि क्या अन्य माननीय भी प्रकाश राणा के इस कदम से प्रेरणा लेंगे। इससे पहले गैस सब्सिडी छोड़ने के दावों के जरिए कुछ नेताओं ने राजनीति जरूर चमकाई, लेकिन वेतन के मामले में ऐसा साहसिक निर्णय फिलहाल प्रकाश राणा ने ही लिया है।

प्रकाश राणा का तर्क है कि हिमाचल में जन्म लेने वाला हर बच्चा लगभग डेढ़ लाख रुपए के कर्ज के बोझ के साथ पैदा हो रहा है, जबकि राज्य सरकारें इस वित्तीय संकट से उबरने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। ऐसे हालात में कर्ज के पैसे से वेतन लेना उनकी अंतरात्मा को स्वीकार नहीं। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा है।

रोजी-रोटी के लिए उन्होंने खाड़ी देशों में कड़ी मेहनत की और अपने पसीने की कमाई से जीवन की सीढ़ियां चढ़ीं। शायद यही कारण है कि उनकी राजनीति में सेवा-




भावना अधिक और सुविधावाद कम दिखाई देता है। इसके विपरीत आधुनिक राजनीति में अधिकांश माननीय सुविधाओं और वेतन-वृद्धि को अपना अधिकार मान बैठे हैं।

आपदा के दौर में भी सुक्खू सरकार द्वारा विधायकों, बोर्ड-निगमों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के वेतन-भत्तों में बेतहाशा वृद्धि करना जनता को सोचने पर मजबूर करती है। सीपीएस नियुक्तियां और वेतन बढ़ोतरी क्या वास्तव में प्रदेश हित में थीं, यह एक बड़ा सवाल है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की चुप्पी यह दर्शाती है कि विचारधाराएं भले अलग हों, लेकिन स्वार्थ के मुद्दे पर अधिकांश माननीय एकजुट नजर आते हैं।

सरकार ने विधानसभा में यह दावा किया था कि अगले वर्ष जनवरी तक विधायकों की निधि, पेंशनरों की पेंशन और कर्मचारियों के लंबित भुगतान कर दिए जाएंगे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे भिन्न नजर आती है। पुरानी पेंशन योजना लागू कर कांग्रेस ने राजनीतिक प्रशंसा तो अर्जित की, किंतु केंद्र सरकार की नाराजगी का असर भी प्रदेश को झेलना पड़ रहा है। न्यू पेंशन स्कीम सहित कई मदों में केंद्रीय सहायता में कटौती से राज्य की वित्तीय स्थिति और कमजोर हुई है। वहीं, बीते तीन वर्षों में लगातार आई प्राकृतिक आपदाओं ने हिमाचल को विकास के मामले में लगभग बीस वर्ष पीछे धकेल दिया है।

आज राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, भत्तों और बैंकों से लिए कर्ज के ब्याज भुगतान तक में संघर्ष कर रही है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर होने के बावजूद हिमाचल अपने संसाधनों को आय के मजबूत स्त्रोत में नहीं बदल पाया। पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास जारी हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की कमी, कमजोर रेल व सड़क कनेक्टिविटी और आपदाओं के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे। फोरलेन परियोजनाओं में नियमों की अनदेखी से भूस्खलन और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा है। सर्वोच्च न्यायालय भी सरकार को चेतावनी दे चुका है कि प्रकृति से खिलवाड़ हिमाचल के अस्तित्व के लिए घातक होगा। ऐसे में माननीयों के वेतन, पेंशन और भत्तों में कटौती समय की मांग है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जब इलाज भी बाजार बन जाए: भारत में स्वास्थ्य अधिकार की लड़ाई

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा और संरचना बीते कुछ वर्षों में तेजी से बदली है। जो स्वास्थ्य सेवा कभी कल्याणकारी राज्य की मूल जिम्मेदारी मानी जाती थी, वह आज तेजी से निजी क्षेत्र के वर्चस्व में जाती दिखाई दे रही है। एक ओर सरकारी स्वास्थ्य तंत्र सीमित बजट, मानव संसाधनों की कमी और कमजोर आधारभूत ढांचे से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर निजी अस्पतालों और कॉर्पोरेट मेडिकल चेन का विस्तार लगातार बढ़ रहा है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस असंतुलन का सबसे बड़ा भार आम नागरिकों पर पड़ रहा है, विशेषकर गरीब, ग्रामीण, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और अन्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों पर, जिनके लिए स्वास्थ्य सेवाएं लगातार महंगी और दूर होती जा रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में यह बहस तेज हुई है कि क्या भारत में स्वास्थ्य को एक न्यायसंगत और लागू करने योग्य मौलिक अधिकार बनाया जाना चाहिए। यह प्रश्न केवल कानूनी नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक भी है। अधिकार तभी सार्थक होता है जब राज्य के पास उसे लागू करने की इच्छाशक्ति और क्षमता दोनों हों। वर्तमान में स्वास्थ्य का अधिकार न्यायपालिका द्वारा अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार से जोड़ा गया है, लेकिन इसे अभी तक एक स्पष्ट और स्वतंत्र मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं मिला है।

इसका एक बड़ा कारण यह है कि राज्य स्वयं ऐसी बाध्यकारी जिम्मेदारी उठाने की स्थिति में नहीं है, जिसमें हर नागरिक को समान, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि देश दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर बढ़ रहा है, लेकिन स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय आज भी अत्यंत कम है। सकल घरेलू उत्पाद का दो प्रतिशत से भी कम हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च किया जाता है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन कम से कम पांच प्रतिशत की सिफारिश करता है। जब सरकार पर्याप्त निवेश



नहीं करती, तो निजी क्षेत्र इस खाली स्थान को भरता है। परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवा एक मुनाफा आधारित उद्योग में बदल जाती है, जहां इलाज की लागत, पहुंच और गुणवत्ता बाजार के नियमों से संचालित होने लगती है। निजीकरण का प्रभाव केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य नीतियों, दवाओं की कीमतों, बीमा योजनाओं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल तक फैल चुका है। क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 2010 जैसे कानून मौजूद होने के बावजूद उनका क्रियान्वयन कमजोर है। मनमाना शुल्क, अनावश्यक जाँच, महंगे पैकेज और अत्यधिक दरों पर सर्जरी आम हो चुकी हैं। शिकायत और न्याय की व्यवस्था भी इतनी कमजोर है कि आम मरीज प्रभावी ढंग से अपनी बात नहीं रख पाता।

भारत में स्वास्थ्य खर्च का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा आज भी लोगों को अपनी जेब से देना पड़ता है। आयुष्मान भारत जैसी बीमा योजनाएं कुछ राहत देती हैं, लेकिन इनके दायरे सीमित हैं और निजी अस्पतालों द्वारा इनके दुरुपयोग की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। बीमा आधारित मॉडल ने स्वास्थ्य असमानता की मूल समस्या को समाप्त करने के बजाय कई बार निजी क्षेत्र के लिए नए अवसर ही पैदा किए हैं। स्वास्थ्य असमानता का एक गंभीर आयाम सामाजिक बहिष्कार भी है।

दलित, आदिवासी, महिलाएं, अल्पसंख्यक, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में अतिरिक्त बाधाओं का सामना करना पड़ता है। संवेदनशीलता की कमी, भेदभाव और संरचनात्मक असमानताएं इस समस्या को और गहरा बनाती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 33 केवी सब स्टेशन बरच्छबाड में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस दौरान 11 केवी फीडर सरकाघाट, गोपालपुर, मौंही, मसेरन, टीहरा, ओल्ड रिस्सा, न्यू रिस्सा तथा धर्मपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति थोड़ी-थोड़ी देर के लिए बाधित रह सकती है। प्रभावित क्षेत्रों में डबरोग, बैहड़, सरकाघाट, लाका, कराडी, पपलोग, नौणु, रोपड़ी, रिस्सा, चौक, ब्रारता, बाग़, बरच्छबाड, तताहर, नबाही, मौंही, गोपालपुर, डली, दारपा, रखोह, भुआनी, कांगू गलू टिक्करी, धाड़, जन्धरू सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट ई. राज सिंह पराशर ने दी।

### बड़सु के दीपक ठाकुर को पीएचडी की उपाधि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह क्षेत्र के बड़सु गांव के दीपक ठाकुर ने पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में आयोजित दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। स्वर्गीय जालम सिंह ठाकुर और हेमा के सुपुत्र दीपक ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने पिता का सपना पूरा किया। दीपक की पीयू यात्रा 2004 में पहले बैच के साथ शुरू हुई। छात्र राजनीति में सक्रीय रहते हुए उन्होंने छात्र से रिसर्चर तक का सफर तय किया। 2014 में मास्टर्, 2015 में नेट और 2016 में पीएचडी की शुरुआत की। उसी साल पीयू में असिस्टेंट प्रोफेसर होकर एसटी महिलाओं की स्थिति पर अध्ययन जारी रखते हुए उन्होंने लॉ ऑफ टॉर्ट्स की किताब भी लिखी। चंडीगढ़ में आयोजित दीक्षांत समारोह में इन्हें पंजाब के राज्यपाल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की। दीपक ठाकुर की पत्नी निशा ठाकुर भी प्रवक्ता हिंदी के पद पर हिमाचल शिक्षा विभाग में कार्यरत है। इस उपलब्धि से परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

### धूआंदेवी में श्री देव माहूंनाग तरौर का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री देव माहूंनाग तरौर का धूआंदेवी क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया, जब देवता धूआंदेवी के पुजारी एवं धूआंदेवी पंचायत के प्रधान जीवानंद के घर पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं के साथ पारंपरिक तरीके से देवता का अभिनंदन किया। इस अवसर पर रात को जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें माहूंनाग भजन मंडली के कलाकारों ने कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। जागरण के दौरान लोग रातभर भजनों पर झूमते रहे। भजन मंडली के मुख्य कलाकार दीनानाथ शर्मा, हेमराज शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, मोनू शर्मा, गुंजन और दीपक शर्मा ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देवता के पुजारी डिकपाल शास्त्री ने कहा कि श्री देव माहूंनाग इस क्षेत्र में पहली बार पधारे हैं, जबकि पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि देवता आज अपनी कोठी में विधिवत रूप से विराजमान हो जाएंगे।

### अत्याचार के खिलाफ जन आंदोलन जरूरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में शोषण मुक्ति मंच की बैठक प्रो. दीपराज संधू की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें नानक चंद, सोहन सिंह, मॉन सिंह, भपेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा सहित तीन दर्जन सदस्य शामिल हुए। बैठक में आज़ादी के 78 वर्षों के बाद भी दलितों पर भेदभाव, उत्पीड़न और छुआछूत की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। दीपराज संधू ने कहा कि समाज में जाति आधारित भेदभाव अब भी जारी है और इसके खिलाफ एकजुट होकर जनजागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 जनवरी 2026 को सरकाघाट में शोषण मुक्ति मंच का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके पहले धर्मपुर और गोपालपुर खंडों के विभिन्न गांवों में बैठकें की जाएंगी और उन क्षेत्रों की पहचान की जाएगी, जहां रास्ते, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। दलित परिवारों को आपदा सहायता, जमीन और वित्तीय मदद देने के कदम उठाए जाएंगे।

### मुल्थान में विद्युत सेवाओं की दी जानकारी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा शनिवार को राजकीय डिग्री महाविद्यालय मुल्थान के प्रांगण में जन-संवाद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी, अभिभावक और स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक एवं सलाहकार अनुराग पराशर ने विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता सेवाएं, बिलिंग प्रक्रिया, सुरक्षा मानक, ऊर्जा संरक्षण और शिकायत निवारण प्रणाली पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल सिंह ने विद्युत बोर्ड एवं सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

### ऊर्जा संरक्षण व वैकल्पिक स्रोतों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय ऊर्जा बचत दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा में विद्युत बचत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सूर्य ऊर्जा, पीएसपी, हाइड्रोजन सहित अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर चर्चा की जाएगी। मुख्य वक्ता के रूप में बिजली बोर्ड के सलाहकार अनुराग पाराशर उपस्थित रहेंगे, जबकि हिमाचल विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष यशवंत चोगल विशेष अतिथि होंगे। अधिशासी अभियंता पूर्ण चंद ने बताया कि उपभोक्ताओं को रूफ-टॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना और विद्युत बचत के उपायों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना और उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी लाना है।

### छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन

**गुलशन, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** त्रिसंगम पब्लिक स्कूल रिवालसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण धूमधाम से मनाया गया। इस पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व एचएएस अधिकारी हरी सिंह राणा रहे। स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथि का शॉल व टोपी पहनाके स्वागत किया। स्कूल के प्रिंसिपल ने अपने सम्बोधन में स्कूल के वर्ष भर के अकादमिक कार्यकलापों का विवरण दिया, वहीं मुख्य अतिथि हरी सिंह राणा ने बच्चों से नशे से दूर रहने की अपील की व पढाई के साथ साथ खेलों में भी रूचि लेने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गए, जिससे उपस्थित लोगों द्वारा सहराया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया।

### 72 प्रतिशत से अधिक मामलों का निपटारा


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम जिला न्यायालय एवं उप-मंडलीय न्यायालयों में गठित 17 पीठों के माध्यम से आयोजित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पारस डोगर ने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे पक्षकारों को त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय प्राप्त होता है। इस दौरान कुल 30,992 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से 22,380 मामलों (लगभग 72.21 प्रतिशत) का निपटारा किया गया। मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित 29,367 मामलों में से 21,593 मामलों (73.54 प्रतिशत) का समाधान हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत ने न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारे और आम जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### बधाई संदेश



दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी' के सफलतापूर्वक चले हुए वर्षों पूर्ण होने पर मैं पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। पिछले वर्षों में 'अनंत ज्ञान' ने अपनी निष्पक्ष, तथ्यपरक और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से जिस विश्वास और प्रतिष्ठा को अर्जित किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। आपके दल का समर्पण, ईमानदारी, और सत्य के प्रति प्रतिबद्धता ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में भी 'अनंत ज्ञान' अपनी विश्वसनीय रिपोर्टिंग और सारगर्भित पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक करने और सकारात्मक दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। आपकी निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

**– अनिल शर्मा, सह-संयोजक, भारतीय संस्कृति निधि मंडी चैप्टर।**






# पलाहोटा गांव का श्मशानघाट बना नशेड़ियों का अड्डा, पवित्र स्थल पर फैल रही गंदगी

## शराब की बोतलें व कूड़े के ढेरों से पर्यावरण हो रहा दूषित, समाज में जा रहा नकारात्मक संदेश

**भीम बसेड़ु राजपूत, अनंत ज्ञान**



नशेड़ियों का अड्डा बना पलाहोटा गांव का श्मशानघाट।

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पलाहोटा में स्थित श्मशानघाट इन दिनों नशेड़ियों और खाने-पीने वालों का अड्डा बनता जा रहा है। पवित्र माने जाने वाले इस स्थान पर चारों ओर कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा है, वहीं हार्ड ड्रिंक की खाली बोतलों और प्लास्टिक के ढेर से पूरा क्षेत्र बदबू और गंदगी की चपेट में है। इस स्थिति से न केवल पर्यावरण दूषित हो रहा है, बल्कि समाज में भी नकारात्मक संदेश जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर खुलेआम नशाखोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। झाड़ियों, खेतों और सुनसान स्थानों के बाद अब श्मशानघाट जैसे पवित्र स्थलों को नशेड़ियों द्वारा सुरक्षित एकांत स्थान के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया जा रहा है कि कई बार यहां शराब पीने के बाद खाने-पीने का कचरा, डिस्पोजल प्लेटें और प्लास्टिक वहीं फेंक दिया जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को रोकने में अब तक असफल रहे हैं। श्मशानघाट पंचायत के मुख्य मार्ग और नाले के समीप स्थित है, जिससे इसकी बदहाली हर आने-जाने वाले को खटकती है। लोगों का कहना है कि यह स्थिति सनातन धर्म और सामाजिक मर्यादाओं पर कलंक के समान है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि राजनीतिक कार्यक्रमों, रैलियों और अन्य आयोजनों में शामिल कुछ असामाजिक तत्व इन स्थानों को पिकनिक स्थल समझकर शराबखोरी करते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इससे नशेड़ियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि ग्राम पंचायत पलाहोटा के श्मशानघाट को नशेड़ियों से मुक्त कराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। साथ ही, इस पवित्र स्थल की नियमित सफाई, निगरानी और संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की भी अपील की गई है।

# सेवा संकल्प समिति ने 26 रोगियों को दी 2 .32 लाख की सहायता



सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में हुई।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की कार्यकारिणी की मासिक बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों और आगामी नई योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के 22 सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।बैठक के दौरान आर्थिक सहायता हेतु प्राप्त कुल 33 रोगियों के आवेदनों पर गहनता से चर्चा की गई। समिति की निर्धारित नीति के अनुसार सेवा संकल्प समिति द्वारा किसी भी व्यक्ति को दो वर्षों में केवल एक बार ही सहायता प्रदान की जाती है। इसी नियम के तहत जांच के उपरांत 26 रोगियों के आवेदन सहायता के लिए योग्य पाए गए, जबकि शेष आवेदन नियमों के अनुरूप नहीं होने के कारण स्वीकृत नहीं किए जा सके।योग्य पाए गए 26 रोगियों को कुल 2 लाख 32 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया, जिससे जरूरतमंद रोगियों को उपचार में राहत मिल सकेगी। समिति सदस्यों ने कहा कि यह सहायता मरीजों के लिए संबल बनेगी और उन्हें बेहतर इलाज की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगी।अध्यक्ष चंद्रमणि ने समिति के सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सेवा संकल्प समिति सरकाघाट समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी भावना से कार्य करती रहेगी।

# जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना से बाहर होने पर लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

- 2216 करोड़ के बजट में किया नजरअंदाज
- कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने सांसद और भाजपा नेताओं पर साधा निशाना

हिमाचल प्रदेश में रेलवे विकास को गति देने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा 2216 करोड़ रुपए का बजट विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृत किया गया है। इस बजट के तहत प्रदेश के बैजनाथ-पपरोला, पालमपुर, शिमला, अंब और अंबोआ रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, लेकिन पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन का अंतिम और ऐतिहासिक स्टेशन जोगिंद्रनगर इस महत्वाकांक्षी योजना से बाहर रह गया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंडी की सांसद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मंडी की सांसद को अपने ही संसदीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति तक की जानकारी नहीं है। न तो वे संसद में क्षेत्र के मुद्दे मजबूती से उठाती हैं और न ही जनता से जुड़े विषयों पर गंभीरता दिखाती हैं।

जीवन ठाकुर ने कहा कि जिस जोगिंद्रनगर के लिए ऐतिहासिक रेलवे लाइन बनाई गई, उसी स्टेशन को अमृत भारत जैसी महत्वपूर्ण योजना में शामिल न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जोगिंद्रनगर के भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि ये नेता भी सांसद के साथ बैठकर क्षेत्रीय मुद्दों को प्राथमिकता नहीं देते, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना से बाहर रखना क्षेत्र के साथ अन्याय है और वे इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं।

# शिक्षा सुधारों से बदली प्रदेश की तस्वीर : चंद्रशेखर

## विधायक ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और मेहनत करने की सलाह दी

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

सरकाघाट। प्रदेश सरकार ने शिक्षा को विकास की धुरी मानते हुए व्यापक सुधार लागू किए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, चोलथरा व राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडप में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक व प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य में 100 नए सीबीएसई पैटर्न के विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं।

विधायक ने बताया कि शिक्षा सुधारों से प्रदेश की तस्वीर बदली है। विधायक चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और निरंतर मेहनत ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय परिसर में सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की तथा बास्केटबॉल कोर्ट की दिशा बदलने के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों का मनोबल और अधिक बढ़ा।

इस मौके प्रधान सुनीता बसंतपुर, विजय कुमार बीडीसी सदस्य, संजय कुमार उपप्रधान, शिव कुमार बीडीसी, कमलेश ठाकुर प्राचार्य शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया, मुख्याध्यापक राजेश चंदेल, मुख्याध्यापक ललित कुमार, आर.के. वर्मा, राकेश बन्याल, विनोद तलवार, गांधी राम, बोना राम, बलदेव, विनोद कुमार, राजीव कुमार, मेहर चंद, गारला, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष मण्डप जयपाल, प्रधान संजय ठाकुर, सलोचना देवी, लच्छीधर शर्मा, बालम राम, कुलदीप सिंह, सुनील ठाकुर, सहित अन्य लोग व अभिभावक उपस्थित रहे।



विधायक चंद्रशेखर ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# विक्रमादित्य सिंह की राजनीति को वैश्विक मान्यता: परमार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने जोगिंद्रनगर में पत्रकारों को बताया कि हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद परिसर में 12 दिसंबर को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'यूथ एंड आइकॉन' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

परमार ने कहा कि यह सम्मान युवा नेतृत्व, बौद्धिक राजनीति और प्रदेश में आपदा के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए दिया गया है। विक्रमादित्य सिंह को 'यूथ आइकॉन और इंटेलेक्चुअल पॉलिटिक्स' श्रेणी में चुना गया। पुरस्कार लंदन के संसद भवन के ऐतिहासिक चर्चिल रूम में प्रदान किया गया। गुरु शरण परमार ने कहा कि यह सम्मान हिमाचल में अधोसंरचना विकास, समावेशी सुशासन और सतत प्रगति को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता दिलाने वाला है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

## माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय सृजन उत्सव का समापन

# बच्चों को 'अच्छा खेलो, अच्छा पढ़ो' का दिया मंत्र

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के भट्ठा स्थित माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंदर नगर में आयोजित दो दिवसीय सृजन उत्सव का समापन मुख्यातिथि भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर कुनाल शर्मा द्वारा किया गया, जबकि डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'अच्छा खेलो, अच्छा पढ़ो और अच्छा खाओ' को जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को एक अच्छा खेल और एक अच्छा शौक विकसित करना चाहिए, लेकिन शैक्षणिक प्राथमिकताओं से कभी समझौता नहीं करना चाहिए।

विशेष अतिथि डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा ने कहा कि बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखकर उनके अपने स्कूल के दिनों की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा चुनने की सलाह देते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सृजन उत्सव के दूसरे दिन कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने देश की विविध संस्कृति व परंपराओं पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आकर्षक वेशभूषा में प्रस्तुत हिंदी एवं पहाड़ी लोक नृत्यों ने अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। शैक्षणिक भ्रमण और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध निदेशक मनोज ठाकुर, कॉ-ऑर्डिनेटर प्रियंका भारद्वाज, चेयरमैन आरसी गुलेरिया, वाइस चेयरमैन कैप्टन लेखराज शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य गुलदेव सिंह, सागर सिंह और पीसी राठौर ने मुख्यातिथियों एवं अभिभावकों का कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया।



माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में सम्मानित बच्चों के साथ गणमान्य अतिथि।

# सोहन लाल ने नवाजे स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी

## सुंदरनगर अस्पताल में कायाकल्प व ईको फ्रेंडली अवार्ड समारोह का आयोजन

**उमेश, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** कायाकल्प और इको फ्रेंडली अवार्ड सम्मान समारोह के लिए प्रदेश स्तर पर वर्ष 2023-24 के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर को सभी मापदंडों पर खरा उतरने पर प्रथम पुरस्कार मिलने की बड़ी उपलब्धि पर शनिवार को अस्पताल परिसर में अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम ने बतौर मुख्यतिथि पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने शिरकत करते हुए इस बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल सुंदरनगर के एसएमओ डॉ. चमन सिंह ठाकुर ने बताया कि पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों की कड़ी जांच व निगरानी के बाद उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट स्वच्छता, साफ-सफाई, उपचार व आपात सेवाओं सहित अन्य बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कायाकल्प और इको फ़्रेंडली अवार्ड 2023-24 में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने इसके साथ उन्होंने अस्पताल संबधी मांगों को भी मुख्यतिथि के समक्ष रखा।इस उपलब्धि को धूमधाम से मनाने के लिए कार्यक्रम में सुंदरनगर के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देते हुए इस बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाया।

इस अवसर पर मुख्यतिथि सोहन लाल ठाकुर ने इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय एसएमओ डॉ. चमन ठाकुर और स्वच्छता के प्रभारी सहित अस्पताल के कुशल स्टाफ अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर अस्पताल को पूरे प्रदेश में स्वच्छता सहित सभी मापदंडों पर खरा उतरने पर प्रथम पुरस्कार मिलना यह दर्शाता है कि सुंदरनगर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं कितनी ज्यादा सदृढ़ है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में सीएमओ मंडी डॉ. दीपाली शर्मा, बीएमओ एवं नेत्र विशेज्ञ डॉ. जितेंद रुड़की, बीएमओ रोहांडा डॉ. लाल सिंह, मंच संचालक कुलदीप गुलेरिया सहित सिविल अस्पताल सुंदरनगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।




पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर कर्मचारी व अधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

# भराड़ी-कॉलोनी मार्ग बदहाल, ढांक वाले हिस्से में पैरापिट न होने से बढ़ा हादसों का खतरा

**अनंत ज्ञान, महादेव**

नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भराड़ी गांव के मुख्य मार्ग से बीबीएमबी (बीएसएल) परियोजना की कॉलोनी को जाने वाला ढांक वाला मार्ग वाया जंगमबाग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। भारी बरसात के बाद सड़क पर पड़े गड्ढे और मलबा अब तक पूरी तरह साफ नहीं किया गया है, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जंगमबाग के पास बरसात के दौरान भारी मलबा सड़क पर आ गया था, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। इससे यहां आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। यह मार्ग ढलान और ढांख से सटा होने के कारण पहले से ही जोखिमपूर्ण है, लेकिन सुरक्षा के लिए कहीं भी पैरापिट नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग बीबीएमबी कॉलोनी को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है, जिस पर रोजाना बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं।

इसके बावजूद सड़क की हालत सुधारने को लेकर सरकार और बीबीएमबी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि भराड़ी से कॉलोनी को जाने वाले इस खस्ताहाल मार्ग की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए और ढांख वाले हिस्सों में पैरापिट लगाकर इसे सुरक्षित बनाया जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



भराड़ी से कॉलोनी मार्ग खस्ताहाल।

**किरदार** क्लर्स टीवी के 'शिवशक्ति' में निभा रहे अग्निदेव का प्रभावशाली किरदार

# संजय शर्मा ने धारावाहिक में किया शानदार अभिनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला के गोहर उपमंडल की घनियाड़ी गांव से संबंध रखने वाले संजय शर्मा ने अपनी अथक मेहनत, दृढ़ संकल्प और संस्कृत व नाट्य कला की गहन साधना के बल पर छोटे से गांव से निकलकर मायानगरी मुंबई में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

वर्तमान में वे क्लर्स टीवी पर प्रसारित चर्चित धारावाहिक 'शिवशक्ति' में अग्निदेव का सशक्त और प्रभावशाली किरदार निभा रहे हैं, जिससे उनके परिवार सहित पूरे क्षेत्र में गर्व और प्रसन्नता का वातावरण बना हुआ है। संजय शर्मा ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा संस्कृत गुरुकुल से हुई, जहां से उनमें संस्कृत भाषा, शास्त्रों और मंचीय अभिव्यक्ति के प्रति गहरी रुचि विकसित हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर में प्रवेश लिया और व्याकरण विषय में शास्त्री व आचार्य की उपाधि प्राप्त की, इसी दौरान वे वेदव्यास परिसर में संचालित संस्कृत थिएटर से जुड़े रहे और मंच पर अभिनय करते हुए अपनी कला को निरंतर निखारते रहे।

अभिनय को और अधिक गहराई से समझने के उद्देश्य से उन्होंने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल से नाट्य शास्त्र में आचार्य की पढ़ाई पूरी की, जहां उन्हें अभिनय, भाव-भंगिमा, संवाद अदायगी और मंचीय प्रस्तुति की सूक्ष्म समझ प्राप्त हुई। इसके पश्चात उनका चयन देश की प्रतिष्ठित भारतेंदु नाट्य अकादमी में मास्टर इन ड्रामेटिक आर्ट्स के लिए हुआ, जहां



अग्निदेव के रोल में संजय शर्मा।

**युवाओं के लिए प्रेरणा: मेहनत और दृढ़ संकल्प से बनी राष्ट्रीय पहचान**

लखनऊ स्थित ड्रामा स्कूल में कठोर प्रशिक्षण और अनुभवी गुरुओं के मार्गदर्शन ने उनके अभिनय को पेशेवर पहचान दी। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद संजय शर्मा मुंबई पहुंचे, जहां शुरुआती संघर्ष के बावजूद उन्होंने निरंतर प्रयास जारी रखा और अंततः कलर्स टीवी के धारावाहिक 'शिवशक्ति' में अग्निदेव का महत्वपूर्ण किरदार निभाने का अवसर प्राप्त किया, जिसे दर्शकों का भरपूर सराहना मिल रही है। संजय शर्मा ने कहा कि छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के धारावाहिक तक पहुंचना उनके लिए स्वप्न साकार होने जैसा है। उनके पिता डोलू राम शर्मा पंडिताई का कार्य करते हैं और परिवार ने हर चरण पर उनका उत्साहवर्धन किया, वहीं बेटे की इस उपलब्धि से गांव, पंचायत और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। संजय शर्मा की यह सफलता यह संदेश देती है कि स्पष्ट लक्ष्य और सच्ची मेहनत के सामने संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बन सकती, और उनकी उपलब्धि मंडी जिला सहित हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है।

# बाइक-ट्रक की टक्कर में युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

- पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को लिया अपने कब्जे में

अनंत ज्ञान, ऊना

पुलिस थाना अंब के तहत बणे दी हट्टी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान दिलशाद मोहम्मद पुत्र कमाल दीन, निवासी अंबोटा के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक गगन पुत्र नरेश कुमार, निवासी गगरेट का है।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह बणे दी हट्टी के पास एक बाइक और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक गगरेट से मुबारिकपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से बाइक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से घायल युवकों को सिविल अस्पताल गगरेट पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दिलशाद मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल गगन की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस थाना अंब की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को भी अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया गया है। डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार हादसे का संभावित कारण मानी जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# मां चिंतपूर्णी के दरबार में उमड़े श्रद्धालु



चिंतपूर्णी माता जी के दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें।

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

विश्व विख्यात धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के दरबार में दिसंबर महीने के दूसरे शनिवार को श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल रही।

सुबह से ही श्रद्धालु मां के दर्शनों को लेकर काफी उत्साहित रहे। लगभग 15000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी विभागों को उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम दर्शन प्रणाली भी चलाई जा रही है, जिसका दिव्यांग और बुजुर्ग श्रेणी के श्रद्धालु लाभ उठा रहे हैं।

## पारुल चावला ने माता के दरबार में की भजन की शूटिंग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध गायक पारुल चावला ने माता चिंतपूर्णी के पवित्र दरबार में अपने आगामी भजन 'मां चिंतपूर्णी हरदम मेरे नाल रहदी है' की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी की। चावला ने इस अवसर पर मंदिर प्रशासन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और माता रानी का शुक्राना अदा किया, जिनके आशीर्वाद से यह शूटिंग संभव हो पाई। मीडिया से बात करते हुए, पारुल चावला ने बताया कि यह नई भेंट (भजन) जल्द ही भक्तों के लिए विभिन्न संगीत प्लेटफार्मों पर रिलीज कर दी जाएगी।

## एसडीएम ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** देहरा के एसडीएम कुलवंत सिंह पोटन ने शनिवार को अपने परिवार के साथ माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी, माता-पिता और दोनों बेटियां भी उपस्थित रहीं। दर्शन के बाद, उन्होंने भरवाईं रेस्ट हाउस में एक कार्यक्रम में शिरकत की, जहां आपदा मित्र संदीप कुमार ने उन्हें माता की चुनरी और फोटो देकर सम्मानित किया। आपदा मित्र योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश के आपदा-संवेदनशील क्षेत्रों में स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना है, ताकि वे आपदा के समय त्वरित व प्रभावी सहायता प्रदान कर सकें। आपदा मित्र न केवल आपदा के दौरान राहत कार्यों में मदद करते हैं, बल्कि समुदायों को आपदा से पहले और बाद में जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बिहार में एनडीए को प्रचंड जीत मिलने के बाद जेपी नड्डा का हिमाचल दौरा सफल: राजेंद्र

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बिहार में भाजपा और एनडीए की प्रचंड जीत के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल दौरे को अत्यंत सफल बताया।



उन्होंने कहा कि इस दौरे से प्रदेश भाजपा को नई ऊर्जा मिली है और संगठनात्मक मजबूती को और बल मिला है। मलांगड़ ने कहा कि शिमला में प्रदेश भाजपा को जल्द ही नया भवन मिलने जा रहा है, जो कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक गतिविधियों का एक सशक्त केंद्र बनेगा। राजेंद्र मलांगड़ ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सुक्खू सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल की वास्तविकता अब जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार से हिमाचल को मिली सहायता की परतें खोलने पर स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार ने विकास के अवसरों का सही उपयोग नहीं किया। केंद्र से प्राप्त मदद का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाया, जिससे हर वर्ग में निराशा व हताशा का माहौल है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश भाजपा पूरी तरह एकजुट है और कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता भी अब बदलाव का मन बना चुकी है और विस चुनावों का बेसब्री से इंतजार कर रही है। मौजूदा जनभावनाओं को देखते हुए भाजपा के पक्ष में स्पष्ट रुझान दिखाई दे रहा है। मलांगड़ ने कहा कि जिस तरह बिहार में जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को नकारते हुए भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाई, उसी तरह हिमाचल में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने वाला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार का तीन वर्षों का कार्यकाल पूरी तरह विफल रहा है। रोजगार, महंगाई, बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों के मोर्चे पर सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, कर्मचारी, व्यापारी व महिलाएं सभी वर्ग वर्तमान सरकार से हताश हैं। युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा और महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, ऐसे में जनता का भरोसा कांग्रेस सरकार से उठ चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने पंजाबी भांगड़ा डालकर लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला ऊना रेडक्रॉस सोसायटी की सक्रिय सदस्य एवं कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ समाजसेविका मृदु शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह तथा राजकीय उच्च पाठशाला कोट में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल परिसरों में पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्यापकों व छात्रों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों व आवश्यकताओं की जानकारी दी। मृदु शर्मा ने दोनों विद्यालयों के मेधावी व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम होती है। अपने संबोधन में मृदु शर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जा रहा है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना रहा है और आने वाले समय में इसे शिक्षा का हब बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्कूलों से जुड़ी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, एकांकी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

### कृषि सेवा सहकारी सभा का अधिवेशन 22 को

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** दी धलवाड़ी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का वार्षिक साधारण अधिवेशन 22 दिसंबर को साढ़े ग्यारह बजे सभा कार्यालय में होना तय हुआ है। सभा सचिव कैलाश देव ने बताया कि सभी सदस्यों को इस अधिवेशन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सूचित किया जाता है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स नवाजे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टक्का में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी की सक्रिय सदस्य व जानी-मानी समाजसेवी मृदु शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल की उपलब्धियों और छात्र प्रतिभा को एक मंच पर प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता निरंतर सुधार की दिशा में आगे बढ़ रही है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों की मजबूती उनके प्रमुख सामाजिक सरोकारों में से एक है। समारोह में स्कूली छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और नाट्य मंचन शामिल थे। विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए श्रीमति मृदु शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11,000 रुपए की राशि भी प्रदान की, जिसे विद्यालय प्रबंधन ने उनके सामाजिक योगदान और उदारता के प्रति कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया। मृदु शर्मा ने विद्यालय परिवार द्वारा प्रदान किए गए सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और विद्यालयों के बीच सहयोग से ही शिक्षा का वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आधुनिक समय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार दोनों की आवश्यकता है, जिसके लिए शिक्षक और अभिभावक मिलकर कार्य करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि उनका सहयोग और मार्गदर्शन स्कूल के लिए प्रेरणास्रोत है।

# चलेट गांव में मकान की छत पर मिला पाकिस्तानी गुब्बारा, जांच में जुटी पुलिस

अनंत ज्ञान, ऊना

जिले में कुछ अंतराल में पड़ोसी मुल्क के जुड़े संस्थान के नाम लिखे गुब्बारे मिलने का सिलसिला जारी है। जनपद के अंतर्गत पुलिस चौकी दौलतपुर क्षेत्र के चलेट गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक मकान की छत पर पाकिस्तानी गुब्बारा मिला।

जानकारी के अनुसार चलेट निवासी पप्पू लंबरदार के घर की छत पर यह गुब्बारा पड़ा हुआ पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि यह गुब्बारा रात के समय हवा के साथ उड़कर घर की छत पर आ गिरा होगा। बताया गया कि सुबह के समय जब परिवार के सदस्य छत पर गए तो उन्होंने वहां एक संदिग्ध गुब्बारा पड़ा देखा। करीब से देखने पर गुब्बारे पर पाकिस्तानी झंडा और 'पी.आई.ए.' (पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस) लिखा हुआ पाया गया। इसके बाद परिवार ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस चौकी दौलतपुर को दी। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी इंचार्ज एस.आई. रविपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पप्पू लम्बरदार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुब्बारे को सुरक्षित रूप से कब्जे में ले लिया। एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया, ताकि किसी अन्य संदिग्ध वस्तु की मौजूदगी को लेकर आशंका न रहे। गुब्बारे के मिलने की खबर क्षेत्र में तेजी से फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उसे देखने के लिए मौके पर पहुंचे। हालांकि पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई रविपाल ने बताया कि चलेट गांव में मिले पाकिस्तानी गुब्बारे को कब्जे में लेकर आगामी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह गुब्बारा किस माध्यम से और कहां से आया, इसकी विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## विवेक शर्मा ने दिल्ली में ओएसिस ग्रुप ऑफ कंपनी दिल्ली के चेयरमैन दीप मल्होत्रा से की मुलाकात

# कुटलैहड़ में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने पर बल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान फरीदकोट के पूर्व विधायक व ओएसिस ग्रुप ऑफ कंपनियों दिल्ली के चेयरमैन दीप मल्होत्रा से भेंट की।



यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं रही, बल्कि इसमें कुटलैहड़ क्षेत्र के समग्र विकास, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, मानव संसाधन और संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक निवेश के लिए अत्यंत उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि यदि कुटलैहड़ में एक संगठित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाए, तो इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के हजारों युवाओं को घर-द्वार पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विधायक ने कहा कि आज का युवा रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर है। इससे सामाजिक और पारिवारिक ढांचे पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यदि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में उद्योग स्थापित होते हैं, तो युवा अपने ही क्षेत्र में काम कर सकेंगे और पलायन की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तकनीकी व कुशल युवाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही दिशा में निवेश व योजनाबद्ध विकास की है। इस अवसर पर दीप मल्होत्रा ने विधायक विवेक शर्मा के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि ओएसिस ग्रुप ऑफ कंपनियां हमेशा ऐसे क्षेत्रों में निवेश को प्राथमिकता देती हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचे। उन्होंने कुटलैहड़ विस क्षेत्र में औद्योगिक संभावनाओं को गंभीरता से देखने का आश्वासन दिया व कहा कि यदि राज्य सरकार की ओर से उचित सहयोग व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, तो निजी क्षेत्र की भागीदारी से औद्योगिक विकास को गति दी जा सकती है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि संभावित औद्योगिक क्षेत्र में लघु व मध्यम उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण केंद्र, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम व तकनीकी संस्थानों की स्थापना पर भी विचार-विमर्श हुआ। इससे युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित किया जा सके। विधायक ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल उद्योग लगाना नहीं, बल्कि एक ऐसा मॉडल विकसित करना है, जिससे कुटलैहड़ विस क्षेत्र आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस विषय को लेकर राज्य सरकार के संबंधित विभागों से भी लगातार संवाद में हैं और आने वाले समय में इस दिशा में ठोस पहल की जाएगी। बैठक में दोनों नेताओं ने भविष्य में भी संपर्क में रहने व इस विषय पर आगे ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति जताई।

# सब जूनियर थ्रो बॉल चैंपियनशिप के लिए किया खिलाड़ियों का चयन



थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 33वीं सब जूनियर थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 28 दिसंबर तक होगा।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एवं थ्रो बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सौजन्य से 33वीं सब जूनियर थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में किया जाएगा।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम के चयन के लिए बंगाणा में ट्रायल आयोजित किए गए। इस अवसर पर थ्रो बॉल एसोसिएशन ऊना की महासचिव सीमा शर्मा, हिमाचल थ्रोबॉल चैरिटेबल ट्रस्ट के नरेश शर्मा, थ्रो बॉल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के सचिव सुशील धीमान, नीना कुमारी, ममता, सुमित शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। थ्रो बॉल टेक्निकल कमेटी के अध्यक्ष यशवीर राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और बिलासपुर जिलों के खिलाड़ियों का ट्रायल बंगाणा में किया गया, जबकि सोलन, शिमला और सिरमौर जिलों के खिलाड़ियों का ट्रायल सोलन जिला के धुधन में संपन्न हुआ। ट्रायल के दौरान चयन प्रक्रिया में जिन खिलाड़ियों ने भाग लिया, उनमें लड़कों की श्रेणी में हर्षित, अक्षत, वरुण शर्मा, अभिनव, उत्कर्ष, सिमरजीत, अभी, आयुष, आयान, अंशुमान, शिवांश, सूर्यांश, मनदीप, मोहम्मद तैयब और जतिन ठाकुर शामिल रहे। वहीं, लड़कियों की श्रेणी में आरुषि, सेजल, प्रियांशी, निधि, अंशिका, सिमरन, यशिका, पल्लवी, हर्षिता, हिमांगी, कृतिका और ऐश्वर्या ने अपना प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि हिमाचल प्रदेश की टीम वाराणसी में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

# भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर देश-विदेश के 120 शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

अनंत ज्ञान, ऊना



एलजेएन राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में शनिवार को दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर दो दिन चलने वाले इस हाइब्रिड सम्मेलन में देश-विदेश के लगभग 120 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

इस सम्मेलन का आयोजन मदन मोहन मालवीय तकनीकी विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा अचीवर्स फाउंडेशन फोर इंग्लिश स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। इस सम्मेलन के दौरान गोरखपुर विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी तथा स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजकुमार का संबोधन प्राप्त हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रोफेसर संजय प्रसाद पांडे ने सम्मेलन के विषय पर अपना वक्तव्य रखा। वहीं, संयोजक डॉ. सुधीर नारायण सिंह ने अतिथिगणों का स्वागत किया। इस सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाली विभूतियों ने विषय पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की समारिका का भी विमोचन किया गया। इस दौरान गोरखपुर विश्वविद्यालय व स्थानीय कॉलेज के स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन के सफल आयोजन पर आयोजक सचिव डॉ. रमन जसवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव कर सभी मेहमानों, वक्ताओं तथा प्रतिभागियों का आयोजन समिति की तरफ से धन्यवाद किया।

## उचित मूल्य की दुकानों पर जल्द होगी खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित: राजीव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से हाल ही में सड़क किनारे वाहन पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिसके चलते ऊना के शहरी क्षेत्र स्थित उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले ऊना, राजीव शर्मा ने बताया कि इसके लिए विभाग की ओर से पुलिस विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली गई है। अनुमति मिलते ही कुछ उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य सामग्री की आपूर्ति शुरू कर दी गई है, जबकि शेष दुकानों पर भी शीघ्र नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने शहर के सभी उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि वे अपना मासिक कोटा संबंधित उचित मूल्य दुकानों से बहुत जल्द और सामान्य रूप से प्राप्त कर सकेंगे।

**रवाना** 16 से 21 दिसंबर तक पिलानी में होगी राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगता में भिड़ंत

# अंडर-18 महिला वॉलीबाल टीम राजस्थान के पिलानी रवाना

अनंत ज्ञान, बंगाणा

हिमाचल प्रदेश राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव मदन राणा ने अंडर-18 राज्य महिला बॉलीवाल टीम को राजस्थान के पिलानी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया। यह प्रतियोगिता 16 से 21 दिसंबर तक पिलानी, राजस्थान में आयोजित की जा रही है।

टीम की रवानगी के अवसर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला इस मौके पर महासचिव मदन राणा ने कहा कि प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर के सशक्त नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के युवा बॉलीवाल खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मदन राणा ने कहा कि हिमाचल में वॉलीबाल खेल के विकास का श्रेय



अंडर-18 महिला वॉलीबाल टीम राजस्थान के पिलानी रवाना।

वीरेंद्र कंवर को भी जाता है, जिनके निरंतर प्रयासों से प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अंडर-18 महिला टीम पिलानी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेगी। हिमाचल प्रदेश अंडर-18 महिला वॉलीबाल टीम में चयनित खिलाड़ियों में कृति, काकुल, तनिशा, वंशिका, मिनाक्षी, यशस्वी, कुदरत, अंकिता, श्रुति, शानू, वाणी और अर्चिता शामिल हैं। टीम की कमान कृति को बनाया गया है, जबकि काकुल को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी खिलाड़ियों ने चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि वे पूरे मनोयोग से खेलकर टीम को सफलता दिलाने का प्रयास करेंगी। टीम के साथ कोच के रूप में निधिका और सहायक कोच के रूप में यावेश राणा एवं पंकज गौतम की नियुक्ति की गई है।

कोच निधिका ने बताया कि टीम ने प्रतियोगिता के लिए कड़ा अभ्यास किया है और खिलाड़ी मानसिक व शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि टीम में संतुलन है और सभी खिलाड़ी अनुशासित होकर खेल रही हैं। सहायक कोच यावेश राणा और पंकज गौतम ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि टीम में अपार संभावनाएं हैं और यदि खिलाड़ी अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखें तो अच्छे परिणाम अवश्य मिलेंगे। रवानगी के समय खिलाड़ियों के अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने भी टीम को शुभकामनाएं दीं। सभी ने उम्मीद जताई कि हिमाचल प्रदेश की अंडर-18 महिला बॉलीबॉल टीम पिलानी में शानदार प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित करेगी।

## संतोषगढ़ गर्ल्स स्कूल की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बीते दिनों देहरा स्थित डाइट परिसर में आयोजित पीएम श्री स्कूल बाल मेला में इस बार प्रतिभाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन कर सभी का मन जीता। कार्यक्रम में प्राइमरी विभाग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान गिद्दा, सोलो सॉन्ग तथा सोलो डांस श्रेणी में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसमें जीपीएस संतोषगढ़ गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पहला स्थान हासिल किया। बच्चियों की लय, ताल और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने उपस्थित शिक्षकों व दर्शकों को खूब सराहा बटोरी। डाइट देहरा द्वारा आयोजित इस मेले में छात्राओं की उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ और अभिभावकों ने प्रसन्नता जताई। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, कला और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करती हैं। यह उपलब्धि संतोषगढ़ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। प्रार्थना सभा में अध्यापकों द्वारा सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# स्कॉलर्स के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाए उत्कृष्ट मॉडल

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला मुख्यालय के स्कॉलर्स यूनिफाइड विद्यालय में शनिवार को वार्षिक प्रज्ञान 2025 के नाम से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी को देखते मुख्यातिथि।

स्कूल के प्रधानाचार्य धीरज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान पंजाब के वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र वासुदेव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर विद्यालय के करीब 600 से ज्यादा विद्यार्थियों ने विज्ञान सहित अन्य कई विषयों में शानदार मॉडल बनाकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कई पजल गेम्स सहित अन्य रोचक खेलों के मॉडल भी प्रदर्शित किए और अभिभावकों को खूब आकर्षित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान क्षेत्र में सोनार सिस्टम, पिक एंड प्लेस रोबोट, फूड स्पॉइलेज डिटेक्शन सिस्टम, रोबोटिक कार, अर्थक्वेक रेजिस्टेंट बिल्डिंग, आंबस्टेकल अवाएडिंग कार, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, हाइड्रोपोनिक फार्मिंग, फोल्डिंग ब्रिज, बोर्डस एटॉमिक मॉडल ऑफ एलिमेंट नियॉन, अर्थक्वेक सेंसर मॉडल, पीएच स्केल मॉडल, डेंसिटी टावर, लिक्विड इंसुलेटर, ब्वाय वी शूड रिड्यूस द अमाउंट ऑफ प्लास्टिक इन पेसिफिक ओसियन, वोल्केनो, सोलर सिस्टम, इरिगेशन सिस्टम, पीजोइलेक्ट्रिसिटी जनरेटर, फैक्ट्री एंड इंडस्ट्री पॉल्यूशन प्यूरीफायर, लेयर ऑफ एटमॉस्फेयर, न्यूक्लियर पावर प्लांट, इंपोर्टेंस ऑफ मैनग्रोव फॉरेस्ट, डिजास्टर अलर्ट, वॉटर पॉल्यूशन, नॉइस पॉल्यूशन, ए न्यूक्लियर पावर प्लांट, ह्यूमन एक्सक्रेटरी सिस्टम, वाटर साइकिल के मॉडल्स आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे।

गणित में डिवीजन मशीन, एंगल्स के ट्राएंगल्स, टाइप्स ऑफ एंगल्स, मैथ्स क्विज ने अभिभावकों को खूब आकर्षित किया। देश की प्राचीन सभ्यता संस्कृति और इतिहास पर आधारित हड़प्पा सिविलाइजेशन, कल्चरल हेरिटेज ऑफ हिमाचल प्रदेश, एनशिएंट एंड मॉडर्न लाइफ, पंजाबी विरसा आदि के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। हिंदी विषय में विशेष रूप से व्याकरण से समास, संज्ञा पर आधारित गतिविधियां विशेष रहीं। अंग्रेजी विषय में पार्ट्स ऑफ स्पीच, टेंसेस पर आधारित गतिविधियां व मॉडल ने भी खूब मोहा। इसके अतिरिक्त बच्चों ने ब्रेन, हार्ट, प्लास्टिक, अर्थ, हीमोडायलिसिस, एक्सक्रेटरी सिस्टम, प्लांट्स, वन नेशन वन टैक्स पर आधारित बच्चों की कई गतिविधियों ने अभिभावकों को खूब आकर्षित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि रविंद्र वासुदेवा ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयास भी अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा पद्धति में बच्चों को अपने पसंदीदा विषयों में आगे बढ़ने के लिए अनेकों अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान के बेहतरीन मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर स्कूल को इस प्रकार के प्रयास करते हुए अपने बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना चाहिए।

# बारालाचा, शिंकुला व रोहतांग के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी

## बादलों से ढकी लाहौल व मनाली घाटी में हिमपात की बढ़ी उम्मीद, आधिकारिक तौर पर पहले ही बंद है लेह मार्ग, शिंकुला दर्रे में आवाजाही फिलहाल सुचारु




मनाली सहित लाहौल-स्पीति में अर्से बाद मौसम ने करवट बदली है। बारालाचा, शिंकुला व रोहतांग दर्रे के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया है।

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू/केलांग।** मनाली सहित लाहौल-स्पीति में अर्से बाद मौसम ने करवट बदली है।

बारालाचा, शिंकुला व रोहतांग दर्रे के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया है। लाहौल व मनाली की सभी ऊंची चोटियों में भी बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया है। लाहुल व मनाली घाटी में भी बादल छाए हैं, जिससे हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। घाटी में हिमपात होता है तो विंटर सीजन गति पकड़ लेगा। पर्यटकों व पर्यटन कारोबारियों सहित सभी किसानों व बागवानों को हिमपात का इंतजार है। शनिवार को बर्फ के दीदार को पर्यटक रोहतांग रवाना हुए, लेकिन उन्हें बर्फ के फाहे दूर से देखकर ही संतुष्टि करनी पड़ी। लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पहले ही बंद है जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के बीच शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु है। एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला ने पर्यटकों व लोगों ने आग्रह किया कि वो जिस्पा दारचा से आगे न जाएं। उन्होंने कहा कि मनाली लेह मार्ग पहले ही आधिकारिक तौर पर बंद कर दिया है।

### दारचा से जिस्पा स्थानांतरित हुई पुलिस चैक पोस्ट

**शिंकुला** होकर जांस्कर घाटी की ओर आने जाने वालों की सुविधा के लिए स्थापित दारचा पुलिस चैक पोस्ट को जिस्पा में स्थानांतरित कर दिया। लेह मार्ग हालांकि सभी वाहनों के लिए बंद हो गया है लेकिन शिंकुला दर्रा फिलहाल यातायात के लिए सुचारु है। शनिवार सुबह फोर बाई फोर लगभग एक दर्जन से अधिक वाहन शिंकुला दर्रा पार कर जांस्कर की ओर रवाना हुए।

## बर्फ की चाह में 16,800 फुट ऊंचे शिंकुला दर्रे तक पहुंच रहे पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

बर्फ की चाह लिए कुल्लू-मनाली पहुंच रहे देश-विदेश के पर्यटकों के लिए अब शिंकुला दर्रा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और लद्दाख की सीमाओं को जोड़ने वाले 16,800 फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा में जहां दो तीन दिन पहले बर्फबारी हुई थी वहीं, अब शुक्रवार को भी बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है। पर्यटन नगरी पहुंचकर जहां पर्यटक बर्फ न दिखने से मायूस हो रहे हैं वहीं, लाहुल घाटी के शिंकुला दर्रा पहुंचते ही पर्यटकों के चेहरे खिल रहे हैं और बर्फ की मोटी चादर के बीच पर्यटक यहां खूब अठखेलियां कर रहे हैं। यहां करीब आधा फीट बर्फ जमी है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने फोर बाई फोर वाहनों के लिए शिंकुला टॉप खोल दिया है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लाहौल घाटी के शिंकुला दर्रे में हुई बर्फबारी ने पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण पैदा किया है। जिला प्रशासन ने अनुकूल मौसम और सड़क की स्थिति के चलते दारचा-शिंकुला मार्ग को फोर बाई फोर वाहनों के लिए खुला रखने का जो निर्णय लिया है उससे पर्यटक खुश हैं। घाटी में पर्यटकों की चहल पहल बढ़ने से घाटी के पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। उधर, लाहुल स्पीति जिला प्रशासन ने पर्यटकों से यात्रा करते समय सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने की भी अपील की है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। वहीं, रोहतांग दर्रा भी फिलहाल पर्यटकों के लिए खुला है और यहां भी पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में ही पहुंच सकते हैं। लिहाजा, बर्फ के फाहों के बीच मस्ती करने की पर्यटकों की चाह फिलहाल अभी कुल्लू मनाली में तो पूरी नहीं हो रही है लेकिन बर्फ के बीच अठखेलियां करने और फोटो खिंचवाने की कुछ पर्यटकों की चाह शिंकुला और रोहतांग दर्रों में जाकर पूरी हो पा रही है। वहीं, कुल्लू व लाहुल के अन्य पर्यटन स्थल बर्फ न होने के कारण पर्यटकों के इंतजार में हैं। अगर बात पर्यटन नगरी मनाली की करें तो सप्ताहांत पर्यटकों की आमद बढ़ी है। अन्य दिनों के मुकाबले सप्ताहांत पर्यटकों की संख्या में 50 से 60 फीसद तक उछाल आया है। उधर, जनजातीय जिला की स्पीति घाटी में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री तक पहुंचने से घाटी के नदी-नाले और झरने ठोस बर्फ में बदल गए हैं। लेकिन ठोस बर्फ में तब्दील पानी अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। स्पीति के लिंगटी में इन दिनों पूरी तरह बर्फ से बना एक गुफानुमा आइस कैफे लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बर्फ की मोटी परतों से तैयार यह कैफे मानो किसी आइसलैंड की कला का नमूना हो। गुफा जैसी आकृति लिए यह कैफे पूरी तरह बर्फ से निर्मित है, जिसमें अंदर बैठकर चाय-कॉफी का लुत्फ उठाना अपने आप में रोमांचक अनुभव है। इसी वजह से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं और यादगार तस्वीरें अपने मोबाइल व कैमरे में कैद कर रहे हैं।



## नंदिनी मिस फेयरवेल व सोनम मिस पर्सनैलिटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू वैली कॉलेज ऑफ नर्सिंग शाढ़ाबाई में एकदिवसीय वेलकम एवं फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा। रंग-बिरंगे नृत्य और गीतों से पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। इस अवसर पर कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन निर्मल नेगी, एमडी नरेंद्र ठाकुर, फाइनेंशियल एग्जिक्यूटिव कनिका नेगी, कॉलेज की प्राचार्य आस्था ठाकुर सहित सभी टीचिंग व नॉन-टीचिंग फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। अपने संबोधन में चेयरमैन निर्मल नेगी ने नवागंतुक छात्राओं का स्वागत करते हुए सीनियर बैच को भावपूर्ण विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि कॉलेज में शिक्षा और हॉस्टल से संबंधित किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

प्राचार्या आस्था ठाकुर और कनिका नेगी ने भी फ्रेशर्स का स्वागत किया तथा सीनियर छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने छात्राओं को अनुशासन, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रैंप वॉक के अलावा पंजाबी, हिंदी, इंग्लिश, साउथ इंडियन, किन्नौरी और लाहौली गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन पर सभागार में उपस्थित छात्राओं ने खूब नृत्य का आनंद लिया। इस मौके पर नंदिनी मिस फेयरवेल, सोनम मिस पर्सनैलिटी, तेंजिन मिस फ्रेशर व वंदना मिस परफेक्ट चुनी गईं।



समारोह में मिस फेयरवेल सहित चुनी गई अन्य छात्राओं के साथ कॉलेज प्रबंधन व अन्य स्टाफ।

## सेना में लेफ्टिनेंट बने लगवैली बढ़ई गांव के जतिन ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के लगघाटी के बढ़ई गांव के जतिन ठाकुर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त हुए हैं। जतिन ठाकुर शनिवार को भारतीय मिलिट्री अकादमी, देहरादून से पास आउट हुए, वह रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी का हिस्सा बने हैं।

जतिन ठाकुर ने कक्षा दसवीं और जमा दो विज्ञान की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर से प्राप्त की और उसके बाद उन्होंने आईआईटी जेईई मेंज के आधार पर भारतीय सेना द्वारा आर्मटेक्ट टेक्निकल एंट्री स्कीम के आधार पर एसएसबी पास किया और अपने पांच साल के प्रशिक्षण का पहला साल प्रतिष्ठितऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी गया बिहार से पूरा किया। अगले तीन साल जतिन ठाकुर ने मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, कैडेट्स ट्रेनिंग विंग, महो इंदौर से पूरे किये। ट्रेनिंग के दौरान किये गए अथक प्रयासों से जतिन को अकादमी द्वारा गोल्डन टोर्च (बेहतरीन सीजीपीए) एवम् बेस्ट स्पोर्ट्सपर्सन के खिताब से नवाजा गया। भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन होने के बाद अगले एक साल के लिए जतिन ठाकुर अपनी बीटेक की पढ़ाई पूरा करने के लिए एमसीटीई, महो जाएंगे। जतिन ठाकुर के दादा ने भी भारतीय सेना में, रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी में 21 वर्ष सेवाएं दी हैं। जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों और माता पिता को दिया जतिन ठाकुर की माता गृहणी हैं और पिता, रमेश ठाकुर, केंद्रीय विद्यालय संगठन में स्नातकोत्तर अध्यापक हैं और वर्तमान में अभी भारतीय दूतावास विद्यालय मास्को रूस में सितम्बर 2023 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना कार्यकाल पूरा करके अगले वर्ष 2026 में भारत आएंगे।

## मनाली में होटल एसोसिएशन के चुनाव से गरमाया माहौल

### 18 दिसंबर को अध्यक्ष सहित कुल छह पदों पर होंगे चुनाव

- 15 दिसंबर को स्क्रूटनी, 16 को नाम वापस लिए जाएंगे
- 17 दिसंबर को प्रत्याशी कर सकेंगे प्रचार-प्रसार

**अनंत ज्ञान मनाली**

मनाली होटल एसोसिएशन के चुनाव के चलते मनाली में राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

18 दिसंबर को अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव व प्रेस सचिव के पदों के लिए चुनाव होंगे। होटल एसोसिएशन के प्रशासक एवं तहसीलदार मनाली ने चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासक अनिल राणा ने बताया कि शनिवार व रविवार को जहां नामांकन पत्र भरे। 15 दिसंबर को स्क्रूटनी, 16 को नाम वापस लिए जाएंगे। 17 दिसंबर को प्रत्याशी अपने प्रचार-प्रसार कर सकेंगे, जबकि 18 दिसंबर को मतदान करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन तहसीलदार कार्यालय में भरे जाएंगे, जबकि मतदान होटल एसोसिएशन के कार्यालय में होंगे। उन्होंने होटल एसोसिएशन के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि समय का ध्यान रखें और चुनाव में बढ़चढ़कर भाग लें।

### चुनाव को लेकर नामांकन का आज आखिरी दिन

**प्रशासक** एवं तहसीलदार मनाली की देखरेख में 15 महीने बाद हो रहे हैं चुनाव होटल एसोसिएशन मनाली के चुनाव को लेकर नामांकन का रविवार को आखिरी दिन है। प्रशासक एवं तहसीलदार मनाली की देखरेख में 15 महीने बाद होटल एसोसिएशन के चुनाव हो रहे हैं। एसोसिएशन के चुनाव के चलते मनाली का राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं भरा है, लेकिन रविवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। चुनाव को लेकर प्रशासक की ओर से 10 दिसंबर को जनरल हाउस आयोजित हुआ था। हालांकि, एसोसिएशन को सभी सदस्य राजनीति से दूर रखने की बात करते हैं, लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा कांग्रेस बीच में आ ही जाती है। हालांकि, प्रत्याशियों के नामांकन के बाद ही तस्वीर साफ होगी, लेकिन अध्यक्ष पद को लेकर शहर में रोशन ठाकुर, अजय ठाकुर व गजेंद्र ठाकुर के नाम की चर्चा चल रही है। प्रशासक व तहसीलदार मनाली अनिल राणा ने बताया कि आज रविवार को नामांकन का आखिरी दिन है। 15 दिसंबर को स्क्रूटनी होगी और 16 दिसंबर को प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को मतदान होंगे। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मनाली-सरचू सड़क पर आज व कल वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला दंडाधिकारी कुल्लू, तोरुल एस रवीश ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत जनहित में आदेश जारी करते हुए मनाली-सरचू सड़क पर 14 तथा 15 दिसम्बर 2025 को रात 9:30 बजे से प्रातः 5:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी प्रतिबंध लगाए हैं। बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सूचित किया गया है कि मनाली-सरचू मार्ग के किमी 0.600, किमी 0.800 और किमी 1.100 पर मानसून से क्षतिग्रस्त हिस्सों की री-सर्फेसिंग का कार्य उपरोक्त तिथियों में रात्रि समय के दौरान किया जाएगा। कार्य को सुरक्षित और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए इस अवधि में मार्ग को बंद रखना आवश्यक है। उपमंडलाधिकारी मनाली तथा उपमंडलीय पुलिस अधिकारी मनाली द्वारा भी इस कार्य के लिए रात्रि यातायात प्रतिबंध की अनुशंसा की गई है। जारी आदेश में निम्नलिखित प्रावधान सुनिश्चित किए जाएंगे। कार्यस्थल के दोनों सिरों पर पर्याप्त चेतावनी संकेत एवं बैरिकेडिंग द्वारा स्थापित की जाएगी। एंबुलेंस, पुलिस, फायर टेंडर सहित सभी आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर अनुमति दी जाएगी। कार्यस्थलों पर पूर्ण प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक कुल्लू उपरोक्त अवधि में यातायात विनियमन एवं आदेश के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

### मणिकर्ण के ठूंजा गांव को टनल निर्माण से खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला की मणिकर्ण घाटी के कसोल से ग्राहण के बीच बन रहे पांच-पांच मेगावाट के दो हाइड्रो पावर प्रोजेक्टों का निर्माण कार्य चल रहा है। टनल निर्माण के लिए किए जा रहे विस्फोट से ठूंजा गांव को खतरा पैदा हो गया है। इससे ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है और टनल निर्माण के कारण भूस्खलन से ठूंजा गांव के 20 से अधिक मकानों को खतरा बन गया ऐसे में ग्रामीणों ने उपमंडलाधिकारी कुल्लू को ज्ञापन सौंप कर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पावर प्रोजेक्ट के टनल निर्माण के कारण भूस्खलन से गांव पर उजड़ने का खतरा मंडरा रहा है और खेत खलियानों को भी नुकसान पहुंच रहा है। टनल निर्माण का कार्य नहीं रोका गया, तो पूरा गांव भूस्खलन की चपेट में आ सकता है। इससे ग्रामीणों को पलायन करना पड़ेगा और उसकी जिम्मेदार सरकार और प्रशासन होगा। स्थानीय निवासी महेश्वर सिंह और कुवक मंडल के प्रधान चेतराम ने कहा कि मणिकर्ण घाटी के कसोल से ग्राहण के बीच पांच-पांच मेगावाट के पावर प्रोजेक्टों का निर्माण किया जा रहा है। टनल ठूंजा गांव के नीचे से निकाली जा रही है, जिसमें हर रोज बिस्फोट किया जा रहा है। घर्षण के कारण भूमि और मकान हिल रहे हैं। टनल निर्माण के कारण भूस्खलन भी जारी है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

### एसोसिएशन ने प्रभावितों की मदद को बढ़ाए हाथ

**अनंत ज्ञान, सैंज।** ओल्ड कॉटनियन्स एसोसिएशन (ओसीए) हिमाचल प्रदेश चैप्टर ने जिला बंजार के सैंज क्षेत्र स्थित मटला गांव में बाढ़ राहत अभियान के दूसरे चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस चरण के तहत बाढ़ से प्रभावित 40 महिलाओं को 14,000 रुपए प्रति महिला की आर्थिक सहायता डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से प्रदान की गई। कुल 5.60 रुपए लाख की यह सहायता पारदर्शी तरीके से सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई, जिससे प्रभावित परिवारों को दोबारा अपने जीवन को पटरी पर लाने में मदद मिल सके। राहत कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे किया गया, जिसमें ओसीए एचपी चैप्टर के सदस्य विवेक नेगी, आदेश कात्यायन, अभिनव सिक्का, सुनीत गोयल और सुनील गोयल उपस्थित रहे। इस दौरान सदस्यों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और बाढ़ के बाद की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। ओसीए एचपी चैप्टर के कार्यकारी सदस्य आदेश कात्यायन ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं तक समय पर, पारदर्शी और प्रभावी सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ओसीए हिमाचल प्रदेश चैप्टर पुनर्वास प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावित समुदाय के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। इससे पहले राहत अभियान के पहले चरण में 6 नवंबर 2025 को कुल्लू जिले के बागन गांव में 16 महिलाओं को 6.40 रुपये लाख की सहायता डीबीटी के माध्यम से दी गई थी, जिसमें स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग रहा। अब तक दोनों चरणों में कुल 56 महिलाओं को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। यह अभियान ओसीए हिमाचल प्रदेश चैप्टर की सामाजिक सरोकारों और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दीर्घकालिक पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संगठन ने भविष्य में भी ऐसे राहत कार्य जारी रखने की बात कही है।

## बिजली महादेव रोपवे परियोजना पर एनजीटी की टिप्पणी, गंभीर अनियमितताएं उजागर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला में प्रस्तावित बिजली महादेव रोपवे परियोजना को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंभीर आपत्तियां जताई हैं।

9 दिसंबर को हुई सुनवाई के दौरान एनजीटी ने 2.4 किलोमीटर लंबे इस रोपवे प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय और प्रक्रियात्मक वैधता पर सवाल उठाते हुए कई खतरनाक उल्लंघनों को उजागर किया।ट्रिब्यूनल में दायर दो संयुक्त मूल आवेदनों (ओए) की सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि परियोजना के लिए आवश्यक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी मूल्यांकन सही ढंग से नहीं किए गए। एनजीटी ने माना कि संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की परियोजना को बिना समुचित अध्ययन और आकलन के आगे बढ़ाना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।सुनवाई के दौरान वन भूमि उपयोग से संबंधित मंजूरियों पर भी सवाल खड़े किए गए।

ट्रिब्यूनल ने पाया कि वन मंजूरी की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया और प्रस्तुत दस्तावेजों में विरोधाभास हैं। इसके अलावा, परियोजना से जुड़ा एक कथित जाली अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) सामने आना मामले को और गंभीर बनाता है। एनजीटी ने संबंधित विभागों और परियोजना प्रस्तावकों से जवाब तलब करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक सभी वैधानिक और पर्यावरणीय औपचारिकताओं को पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप पूरा नहीं किया जाता, तब तक इस परियोजना को आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा। ट्रिब्यूनल की सख्त टिप्पणियों के बाद बिजली महादेव रोपवे परियोजना को लेकर प्रशासन और परियोजना एजेंसी की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## बौद्धिक संपदा पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के वाणिज्य विभाग ने विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का विषय बौद्धिक क्षमता जागरूकता अभियान रहा। इसमें पीएचडी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के निदेशक अनिल कुमार सौंखला मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने महाविद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों को पैंटेट ट्रेडमार्क, काफाराइट जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कार्यशालाओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार वाणिज्य विभाग ने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का विद्यार्थियों को आगामी भविष्य में लाभ मिलेगा।

## मोबाइल का कम करें इस्तेमाल अन्य गतिविधियों में बढ़कर लें भाग: किमटा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रुमसू ने अपना वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव किमटा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष अनिता ठाकुर रही।

विद्यालय के प्राचार्य और स्कूल प्रबंधन ने मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा के तहत कुल्लवी टोपी व शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वार्षिक समारोह के दौरान विद्यालय के मोनाल इको क्लब एवं यूथ और इको क्लब के छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गईं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं, प्राचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस मौके पर मुख्यातिथि राजीव किमटा ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन मे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी संस्थान बहुत उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलकूद सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने और मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करने का आह्वान किया। साथ ही युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने और लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से भी नशे के खिलाफ पूरे प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और उम्मीद ही नहीं, बल्कि पूरा विश्वास है कि जल्द ही हिमाचल प्रदेश के हर जिला, हर गांव को नशामुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल और अभियान तभी कामयाब होगा, जब हर व्यक्ति जागरूक होगा और सरकार के इस अभियान में सहयोग करेगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की और शिक्षा सहित अन्य गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया, ताकि भविष्य में बच्चे स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन कर सकें।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य लोग।

**जांच-पड़ताल** एक्शन में सैंज प्रशासन, बिना अनुमति व्यापार करने वालों पर होगी कार्रवाई

## प्रशासन की अनुमति के बिना चल रही थी अस्थायी मार्केट

**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला कुल्लू की सैंज में बिना किसी अनुमति पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के संचालित हो रही अस्थायी मार्केट पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मेला मैदान सैंज में बिना अनुमति लग रहे अस्थायी मार्केट को लेकर स्थानीय व्यापारियों व अभिभावकों द्वारा लगातार आपत्तियां उठाई जा रही थीं।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच के बाद पाया कि अस्थायी मार्केटट बिना अनुमति, बिना रजिस्ट्रेशन से संचालित कर रहे थे। इस पर तहसील प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सभी दुकानों पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मार्केट संचालन के लिए निर्धारित मानकों और दस्तावेजों का पालन अनिवार्य है। बिना अनुमति व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मार्केट से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को भी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे व्यवस्था सुधरेगी और अनधिकृत बाजारों पर लगाम लगेगी। सैंज में बिना अनुमतियों के संचालित हो रहे अस्थायी मार्केट मामले में प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। तहसीलदार सैंज द्वारा जारी निर्देशों के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान अस्थायी मार्केट संचालन से संबंधित किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

पुलिस ने दुकान संचालकों से अनुमति संबंधी कागजात मांगे, मगर मौके पर मौजूद दुकानदारों के पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। इससे यह स्पष्ट हो गया कि अस्थायी मार्केट बिना प्रशासनिक स्वीकृति के चल रही है, जबकि बिना अनुमति के इस तरह बाजार संचालित करना नियमानुसार गलत है। तहसीलदार कार्यालय ने पुलिस को आगे भी नियमित निरीक्षण करने और बिना अनुमति चल रहे ऐसे बाजारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, स्थानीय व्यापारियों ने भी बिना अनुमति खुल रहे बाजार पर प्रश्न उठाए हैं और प्रशासन से उचित निर्णय लेने की मांग की है। सैंज बाजार के स्थानीय दुकानदार अभी तक वर्ष 2023 की आपदा से हुए भारी नुकसान से पूरी तरह उभर भी नहीं पाए थे कि अब अस्थायी मार्केट के संचालित होने से उन्हें और नुकसान झेलना पड़ सकता है, लेकिन प्रशासन ने अब अस्थायी मार्केट को पूरी तरह खुलने से पहले ही रोक लगा दी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि आपदा के दौरान उनके कारोबार को भारी नुकसान पहुंचा था और पुनः पटरी पर लौटने में उन्हें काफी समय लग रहा है, ऐसे में बिना अनुमति से लगाई जा रही अस्थायी मार्केट ने उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर डाल सकता है। दुकानदारों का आरोप है कि अस्थायी मार्केट में बाहरी दुकानदारों के आने से न केवल अव्यवस्था फैल रही है, बल्कि स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

व्यापार मंडल सैंज ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल सख्त हस्तक्षेप करने की मांग उठाई थी जिसका असर अव धरातल पर दिखने लगा है । व्यापारियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती,तो पहले से ही संकट झेल रहे स्थानीय दुकानदारों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती थी। उन्होंने चेताया है कि आवश्यकता पड़ने पर वे उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर सैंज में व्यापारियों में काफी रोष है।



मेला मैदान सैंज में बिना अनुमति लग रही अस्थायी मार्केट।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## विपक्ष का काम है बोलना, उनको अपने गुट नजर नहीं आते : विद्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के परिवार में कोई दरकिनार नहीं और सबका सम्मान है इसलिए विपक्ष हमारे परिवार की फिक्र करना छोड़ दे और खुद पर ध्यान दे। यह बात राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने यहां कुल्लू में प्रेस को जारी एक बयान में कही।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम है बोलना उनको अपने गुट नजर नहीं आते। सनद रहे कि कांग्रेस की मंडी में तीन वर्ष के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की फोटो होर्डिंग में नहीं दिखने के बाद विपक्ष की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के अलावा कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान को लेकर भी विपक्ष की ओर से कांग्रेस सरकार में गुटबाजी के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। विपक्ष के आरोपों का जबाव देते हुए विद्या नेगी ने कहा कि हिमाचल सरकार स्थिर है और सरकार में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी रैली में जो कहा वह सरकार हित में कहा है और वह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री है और सरकार के साथ है। वहीं, उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की फोटो होर्डिंग में नहीं लगी उसके पीछे कोई भी न तो गुटबाजी थी और न ही कोई और मंशा। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह कांग्रेस के आदर्श हैं उनको भूला नहीं जा सकता जबकि सीएम सुक्खू सही ढंग से सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह का अपना अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अपनी गुटबाजी है और वह पहले अपने घर को देखें उसके बाद कांग्रेस पर आरोप लगाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा में आजकल जयराम गुट व अनुराग गुट चर्चा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम है दूसरों पर कीचड़ उछालना और धरने देना। उन्होंने बड़ी बात कहते हुए कहा कि सोलन राम कुमार बिंदल मामले बड़ा खुलासा हुआ है कि बिंदल का स्लाइवा फोरेंसिक जांच में मिल गया है, लेकिन अब तो भाजपा कोई धरना नहीं दे रही है।

न्यूज ब्रीफ

## 41 टिप्पर व ट्रैक्टरों के खिलाफ की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में अवैध खनन व यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत दर्जनों वाहनों को जब्त कर न्यायालय में आगामी कार्रवाई के लिए प्रस्तुत किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिरमौर के निर्देशों और निगरानी में 10 और 11 दिसंबर की रात को जिलेभर में अवैध खनन के खिलाफ योजनाबद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस थाना पुरुवाला, माजरा, सदर नाहन, काला आम्ब, राजगढ़, संगड़ाह, श्री रेणुका जी और पांवटा साहिब क्षेत्रों में अलग-अलग टीमें तैनात की गईं। अभियान के दौरान अवैध खनन और मोटर वाहन अधिनियम की उल्लंघना करते पाए गए कुल 41 टिप्पर और ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने माइनिंग एक्ट और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटते हुए वाहनों को इम्पाउंड और डिटेन कर लिया। पुलिस द्वारा जब्त किए गए सभी वाहनों को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय अदालत में प्रस्तुत किया गया है। सिरमौर पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। सिरमौर पुलिस ने कहा कि अवैध खनन माफिया पर्यावरण और जन सुरक्षा के लिए अत्यंत घातक है। भविष्य में भी मोटर वाहन अधिनियम और अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और खनन माफिया पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा।

## 140 छात्रों ने बाल मेले में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला की सभी पीएम श्री पाठशालाओं के छात्रों लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला मुख्यालय नाहन स्थित जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट नाहन में जिला स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया इस बाल मेले में जिला के 14 पीएमश्री स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिला परियोजना अधिकारी क्वालिटी एजुकेशन रीटा गुप्ता ने बताया कि जिला स्तरीय बाल मेले में जिला के 15 पीएम श्री स्कूलों में से 14 पीएम श्री स्कूलों के करीब 140 छात्रों ने हिस्सा लिया जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से लेकर जमा दो तक के छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी छात्रों ने अलग-अलग 4 वर्गों में अपनी प्रस्तुति दी।

## सोलन कॉलेज में सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने छात्र-छात्राओं तथा महाविद्यालय के शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से कोटला नाला चौक तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारों एवं स्लोगनों के माध्यम से आम लोगों तथा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह शपथ ग्रहण एवं रैली सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई है तथा इस अभियान के तहत महाविद्यालय का रोड सेफ्टी क्लब विभिन्न गतिविधियां निरंतर संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि रैली में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में रोड सेफ्टी क्लब की सदस्य डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. रविराम, डॉ. कात्यायनी शर्मा, डॉ. अलीशा चौहान सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक सिद्ध होते हैं तथा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

## शरगांव स्कूल में सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरगांव में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रामदत्त शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय पझौता की प्रधानाचार्या डॉ. शिवानी शर्मा तथा कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी कुलदीप उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'ज्ञानदीप' के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटी, भांगड़ा और गिद्धा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य सुधीर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा विभिन्न शैक्षणिक व खेल उपलब्धियों में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## कैप्टन गुरबचन मैमोरियल क्रिकेट मुकाबले आज से

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जिला सोलन के चायल स्थित एशिया के सबसे ऊंचे क्रिकेट मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है। यह जानकारी देते हुए क्रिकेट क्लब के प्रधान डिंपल और सचिव भानू ठाकुर ने बताया कि यह प्रतियोगिता चायल मिलिट्री स्कूल के पूर्व छात्र कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया जिन्हें मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र मिला उनकी स्मृति मे आयोजित की जा रही है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई राज्यों से टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के फाइनल विजेता को एक लाख, उपविजेता को 70 हजार, तृतीय रहने वाले को 25 हजार और चौथे स्थान पर रहने को 15 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## सायरी में डे-केयर सेंटर की ग्रांट 15 माह से लंबित

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पेंशनर्स इकाई और वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सायरी की संयुक्त विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें सायरी में वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा व अन्य कई प्रकार की सुविधा देने वाले डे-कैयर सेंटर की सरकारी ग्रांट पिछले 15 महीनों से न मिलने पर आ रही समस्या पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में संस्था के महासचिव रमेश कौंडल ने बताया कि सरकार से विभाग के माध्यम से मिलने वाली वार्षिक देय राशि 2.56 लाख रुपए और संस्थागत आनुपातिक 64 हजार से भवन का किराया, डे-केयर सेंटर स्टाफ व डॉक्टर को दिया जाने वाला मानदेय शामिल है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने बताया कि पहले यह कार्य सुचारु रूप से चलता रहा था। इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिल रहा है। गत 15 महीनों से सरकार ने समय पर दी जाने वाली राशि का संस्था को भुगतान नहीं किया है। इससे एक गंभीर संकट सामने आ गया है। डे-कैयर सेंटर के भवन के मकान मालिक ने 15 महीनों से किराया ने मिलने पर कई आवश्यक सुविधाएं बाधित कर दी हैं। संस्था संस्थापक गोबिंद राम भारद्वाज ने इस बारे कहा कि कई बार सरकार से मांग की जा चुकी है। ग्रांट न आने से इसमें कार्यरत स्टॉफ का मानदेय नहीं दिया जा सका है। प्रस्ताव पारित किया गया कि समस्या का तुरंत समाधान के लिए शीघ्र प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ कर्नल धनीराम शांडिल से मिलेगा। इकाई के प्रधान बेली राम ने आगामी 17 दिसंबर को बिलासपुर के घुमारवी में होने वाले राज्य स्तरीय पेंशनर्स डे कार्यक्रम आयोजन और सायरी इकाई की भागीदारी पर चर्चा की।

## 100 मीटर दौड़ में नम्रता व राहुल दौड़े सबसे तेज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाटमें द्वितीय एथलेटिक मीट का सफल आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में सह-आचार्य डॉ. मारग्रेट सेबस्टियन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह समारोह एसवीएम विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। एथलेटिक मीट के संयोजक सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जेवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हाई जंप, लॉन्ग जंप तथा 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए आयोजित की गईं। 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में नम्रता तथा पुरुष वर्ग में राहुल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में नीलम और पुरुष वर्ग में राहुल वर्मा प्रथम रहे। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने अपने संबोधन में एथलेटिक मीट की थीम नशा नहीं, खेल अपनाओ पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने विजेताओं की सराहना करते हुए सफल आयोजन की बधाई दी तथा अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

## गोपियों के मिलन का प्रसंग सुन निहाल हुए भक्तजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में लाला शंकर दास अरोड़ा के निवास में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक रवि महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए।

# सोलन में नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर

## लीकेज समस्या से निजात मिलने की उम्मीद, आठ माह में कार्य पूरा करने का रखा लक्ष्य

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

सोलन। पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने शहर में 10.54 करोड़ रुपए से पेयजल पाइप लाइनों के नए नेटवर्क को बिछाने का कार्य शुरू करवा दिया है।

आगामी आठ माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य भी रखा है। कई सालों से पाइप लाइनों को नहीं बदला गया था। ऐसे में अब लीकेज व अन्य समस्याओं को देखते हुए बदलने की योजना तैयार की गई थी। खास बात ये है कि पुरानी पाइप के समानांतर लाइन को बिछाया जा रहा है। इससे कुछ समय बाद लोगों को पेयजल की बेहतर व्यवस्था की सुविधा मिल जाएगी। इसी के साथ पानी की लीकेज की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। वर्तमान में पाइप लाइन से कई जगह पर पानी की लीकेज है। इससे 20 से 25 फीसदी तक पानी व्यर्थ बह जाता है। कई बार पाइप लाइन की मरम्मत भी करवाई जा चुकी है, लेकिन हालत ठीक नहीं हो रहे हैं। मरम्मत कार्य पर पैसे खर्च करने के बाद पाइप में फिर लीकेज की समस्या आ जाती थी। इसके बाद नगर निगम ने नई पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया और कार्य को जल शक्ति विभाग को सौंपा। विभाग ने भी औपारिकताओं को पूरा करने के साथ ही कार्य शुरू कर दिया है।

मोहन पार्क की ओर से इन दिनों पाइप को बिछाया जा रहा है। पहले चरण में कार्य को करने के लिए नगर निगम ने विभाग को कुल राशि का 50 फीसदी भाग दिया है। आगामी पैसा भी जल्द विभाग को नगर निगम देगा। नगर निगम की आम सभा की बैठक के दौरान शहर में पाइप लाइन बिछाने के लिए चर्चा की गई थी। इसके बाद बजट में भी इस मुद्दे को रखा गया था। 2024 में कार्य को करने के लिए नगर निगम ने योजना तैयार की और डीपीआर बनाई। इसके बाद पुरानी पाइपों को बदलने पर मंजूरी मिली थी। नगर निगम की ओर से मुख्य भंडारण टैंक चौरीघाटी से क्लब टैंक और क्लब टैंक से जवाहर पार्क टैंक तक कार्य 1.98 करोड़ रुपए का होगा। इसी तरह मुख्य टैंक से चामुंडा कालोनी (कथेड़ टैंक) तक 2.95 करोड़ रुपए, मुख्य टैंक से मोहन पार्क तक 2.34 करोड़ और चार खंबा में राय हाउस तक 32 लाख रुपए से पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा।



पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर।

"**शहर** में नगर निगम की ओर से पाइप लाइन बिछाने का कार्य विभाग को दिया है। विभाग की ओर से टेंडर व अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद कार्य शुरू कर दिया है। ठेकेदार को कार्य तेजी से करने के लिए कहा है, ताकि समयानुसार कार्य पूरा किया जा सके।

**ई. आशीष राणा, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग मंडल सोलन।**

"**शहर** में 10.54 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर नई पाइप बिछाने का काम शुरू हो गया है। आठ माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। जल शक्ति विभाग की ओर से कार्य किया जा रहा है। शहर में आने वाले दिनों में पानी की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। इसके साथ पाइप में लीकेज की समस्या भी नहीं रहेगी।

**ऊषा शर्मा, महापौर, एमसी सोलन।**

# सोलन जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए 6597 मामले

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

सोलन जिले के सभी न्यायालयों में आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 6597 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमती से किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के अन्तर्गत उपमण्डल नालागढ़, कसौली, अर्की तथा सोलन मुख्यालय में 13 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि इस दिसंबर माह मे प्री लोक अदालत सीटिंगस भी करवाई गई। इन लोक अदालतों का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन शरद कुमार लगवाल की अध्यक्षता में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव ने कहा कि इस अवसर पर कुल 8620 मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सीटिंगस एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें से 6597 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। इन मामलों में कुल 9,86,92,129 रुपए समझौता राशि रही। उन्होंने कहा कि इन मामलों में 7533 मोटर वाहन चालानों भी विभिन्न बैंचों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इनमें से कुल 5873 मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाया गया।



सोलन जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

# सोलन पत्रकार संघ की क्रिकेट लीग का आगाज



मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर की खूबसूरती वादियों में स्थित दुर्गा पब्लिक स्कूल के ऐतिहासिक मैदान में शनिवार को जिला सोलन पत्रकार संघ क्रिकेट लीग का आगाज हुआ।

दो दिवसीय क्रिकेट लीग में सभी खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पहले दिन मुख्यातिथि के रूप में एमपीसी फार्मास्यूटिकल कंपनी के एमडी गौतम जैन सुराना पहुंचे। उनके पहुंचते ही सभी खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद टीम ए और सी के बीच मैच खेला गया। यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। टॉस टीम ए ने जीता और गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मोहन चौहान और पुनीत वर्मा ने संभलते हुए शुरुआत की और धीरे-धीरे रन बटोरने शुरू किए। पुनीत वर्मा की हाफ सेंचुरी ने रनरेट को तेज किया। और टीम सी ने 15 ओवर की समाप्ति पर 143 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। स्कोर का पीछा करने उतरी टीम ए की शुरुआत धीमी रही, लेकिन विवेक भारती के संयम और कुछ रन बटोरने के चलते धीरे-धीरे मैच में वापसी हुई। अंत में कमलेश कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम ए को जीत की तहलीज पर पहुंचा दिया। यह मैच अंतिम ओवर तक गया। इसके बाद दिन का दूसरा मैच टीम बी और सी के बीच हुआ। सधी हुई शुरुआत के साथ टीम सी ने अपने ओपनिंग बल्लेबाज पुनीत वर्मा के साथ संजीव कश्यप ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए अच्छी पार्टनरशिप हुई। इस बीच टीम बी के फील्डिंग ने सभी को निराश किया। मैच में वेद ने ताबड़तोड़ अधशतक तक जमाया। उन्होंने चौके और छक्के लगाकर जहां एक तरफ टीम के रन रेट तेज किया तो वहीं टीम को 150 रन के लक्ष्य तक पहुंचा दिया। उम्मीद के बिल्कुल उलट टीम भी की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले धर्मपाल,सोम शर्मा और फिर अजय भट्टी और तोमर ठाकुर भी सस्ते में निपट गए। मैच एक तरफा ही हो गया था कि अचानक से धर्मेंद्र डडवाल और गुलशन नंदा ने दोनों छोर संभाल लिए। हालांकि धर्मेंद्र की विकेट के बाद सिर्फ औपचारिकता ही बाकी रही। लेकिन गुलशन नंदा ने एक छोर संभालते हुए टीम को 94 रन तक पहुंचा दिया। टीम सी ने यहां 56 रन से मैच अपने नाम किया। अब रविवार को भी दो रोमांचक मैच होने हैं। जिसमें पहले टीम ए और भी के बीच मैच होगा। उसके बाद फाइनल मैच भी खेला जाएगा।

# सोलन कॉलेज की महिला हॉकी टीम ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में झटका तीसरा स्थान



जीत कर लौटी कॉलेज की टीम प्रिंसिपल के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन की महिला वर्ग की हॉकी टीम ने एचपी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत ऊना में आयोजित अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।

टीम ने कड़े मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता से लौटने पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली तथा अन्य शिक्षकों द्वारा विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने टीम की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. रविराम ने बताया कि महिला हॉकी टीम का यह प्रदर्शन महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं और यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# सिरमौर पुलिस ने उद्घोषित अपराधी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी को सिरमौर पुलिस ने विशेष टीम की मदद से नाहन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अदालत में पेश न होने के कारण घोषित अपराधी करार दिया गया। जिला सिरमौर पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष टीम ने 11 दिसंबर को बड़ी सफलता हासिल की। टीम ने नाहन के गुन्नुघाट क्षेत्र से उद्घोषित अपराधी नितीश कुमार पुत्र उमेश कुमार, निवासी गांव व डाकघर काड़िया पीपलिया, थाना पचौर, तहसील पचौर, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश का रहने वाला है। आरोपी पुलिस थाना सदर नाहन में दर्ज अभियोग संख्या 94/15 दिनांक 19 मई 2015 में नामजद था। नितीश कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 379 और 380 के तहत चोरी से संबंधित मामला दर्ज है। अभियोग की सुनवाई के दौरान वह लगातार अदालत में पेश नहीं हो रहा था और फरार हो गया था। लगातार गैरहाजिरी के चलते अदालत द्वारा नितीश कुमार को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। सिरमौर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छात्रों ने भाषाओं में प्रस्तुति दी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर, लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन द्वारा भारत की भाषाई विविधता का जश्न मनाने व देश की संवैधानिक भाषाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान में शामिल 22 भाषाओं के संक्षिप्त परिचय से हुई। इसमें उनके सांस्कृतिक महत्व और क्षेत्रीय महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद छात्रों को अपनी-अपनी भाषाओं में अपना परिचय देने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जो विविधता में एकता की भावना को दर्शाता है। छात्रों द्वारा विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर कविता ने पंजाबी कविता, स्वाति मणिपुरी कहावत, अंकिता ने ओडिया कविता, स्मृतिका ने मलयालम कहावत, हितेश ने डोगरी कहावत, हिमांशु ने तेलुगु कविता, मनन ने उर्दू गीत, इशिका ने मैथिली गीत, प्रिया ने सिंधी गीत, युगल ने बंगाली कहावत, मोनिका ने तमिल कहावत प्रदर्शित किया।

# नाहन शहर को मिलने जा रहा वैकल्पिक बाइपास : सोलंकी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन विधानसभा क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। बनोग-धारक्यारी मार्ग को वैकल्पिक बाइपास के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे नाहन शहर को भारी ट्रैफिक दबाव से बड़ी राहत मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 12 करोड़ 36 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है और लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आजादी के बाद यह पहला अवसर है, जब नाहन शहर को एक वैकल्पिक बाइपास मिलने जा रहा है। विधायक अजय सोलंकी के प्रयासों से इस मार्ग के लिए बजट स्वीकृत हुआ। लंबे समय से यह मार्ग नाहन क्षेत्र का राजनीतिक मुद्दा बना हुआ था। पहले आर्मी व सिविल प्रशासन के बीच भूमि विवाद के कारण यह परियोजना अटकी रही। बाद में जाबल का बाग से कांशीवाला तक करीब 9 गिफ्ट डीड लंबित होने के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। बीते शनिवार को विधायक अजय सोलंकी स्वयं सिंबलवाला गांव पहुंचे और संबंधित भूमि स्वामियों से मुलाकात कर गिफ्ट डीड से जुड़ी सभी अड़चनों को दूर किया।

इसके साथ ही अन्य विभागीय औपचारिकताएं भी लगभग पूरी कर ली गई हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा अगले पांच से छह दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी किए जाने की संभावना है। बनोग से जाबल का बाग होते हुए सब्जी मंडी कांशीवाला तक इस सड़क को मेटल किया जाएगा। यह सड़क लगभग 8 किलोमीटर 770 मीटर लंबी होगी। इस परियोजना से धारक्यारी क्षेत्र के 10-12 ग्रामीण इलाकों को पहली बार पक्की सड़क सुविधा मिलेगी। पूर्व में नाहन शहर के नीचे सुरंग बनाने की योजना भी बनी थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। अब यह वैकल्पिक बाईपास नाहन के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

# मुख्यमंत्री तक पहुंचा सीमेंट उद्योग व माइनिंग मामला

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अंबुजा अदानी सीमेंट कंपनी की ब्लास्टिंग से पैदा हुआ विवाद अब मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष पहुंच गया है। सीमेंट उद्योग व माइनिंग प्रभावित मंच के राज्य संयोजक संदीप, उपाध्यक्ष कश्मीर ठाकुर, सचिव संजय कुमार और महासचिव हंसराज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा और सरकार इस मामले को पूरी गंभीरता से लेगी। प्रतिनिधिमंडल ने 6 दिसंबर को दोपहर 2 बजकर 21 मिनट पर हुई कथित जानलेवा ब्लास्टिंग की मजिस्ट्रेट जांच की औपचारिक मांग उठाई। मंच ने बताया कि एसडीएम अर्की की तरफ से कंपनी प्रबंधन के साथ 16 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन मंच व प्रभावित किसानों को एसडीएम कार्यालय द्वारा कोई भी आधिकारिक लिखित सूचना अब तक जारी नहीं की गई है। इसी कारण मंच ने बैठक का पूर्ण बहिष्कार किया है। मंच का कहना है कि जब तक मजिस्ट्रेट इंक्वायरी का गठन नहीं होता और डीसी सोलन स्वयं जांच नहीं करते, तब तक कंपनी प्रबंधन से किसी प्रकार की वार्ता नहीं की जाएगी। धरना आज 15वें दिन भी शांतिपूर्वक जारी रहा। मंच संयोजक संदीप ने कहा कि एसडीएम निशांत तोमर की मौजूदगी में कंपनी के अधिकारी महेंद्र सिंह मेरतिया ने लिखित रूप से 16 दिसंबर तक ब्लास्टिंग रोकने का वादा किया था, लेकिन उसके अगले ही दिन सुबह 8 बजे संघोई धार में ब्लास्टिंग दोबारा शुरू कर दी गई। मंच ने आरोप लगाया कि 10 दिसंबर की रात में भारी ब्लास्टिंग की गई, जिसके कारण ग्रामीणों को अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा। मंच ने प्रशासन व कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाया कि 16 दिसंबर की बैठक को बहाना बनाकर आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। मंच ने दावा किया कि एफआईआर करवाने वाले ग्रामीणों को पुलिस द्वारा कॉल कर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही कंपनी के कुछ अधिकारी घुमारो गांव में घर-घर जाकर मुआवजे का लालच देकर ग्रामीणों में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। मंच का कहना है कि प्रशासन और कंपनी द्वारा मांगा गया समय असल में प्रभावित परिवारों पर दबाव बनाने और उन्हें कमजोर करने का प्रयास था, जो षड्यंत्रकारी तरीके से धरना खत्म करवाने की कोशिश का हिस्सा है। मंच ने साफ कहा कि इन परिस्थितियों में संघोई धार का धरना अब अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा और आंदोलन किसी भी दबाव या बाधा के बावजूद जारी रहेगा।



# बाहरी फेरी वालों से स्थानीय दुकानदारों को नुकसान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के ग्रामीण क्षेत्रों में आलू-प्याज सहित अन्य सब्जियों की गाड़ियां निरंतर घूमती रहती हैं। अधिकतर बाहरी राज्यों से आने वाले यह विक्रेता गाडियों में भर-भरकर आलू-प्याज लाते हैं और बिना किसी रोक टोक के दिनभर आवाज लगाकर इन्हें बेचकर वापस चल जाते हैं। इन्हें रोकने के लिए कोई कानन्नूर प्रावधान न होने का फायदा यह लोग उठा रहे हैं और धड़ल्ले से व्यापार कर रहे हैं।

इनके इस तरह सामान बेचने से ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी दुकानदारी लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को चूना लग रहा है और वह ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सोलन शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिला के अन्य भागों में दिनभर बाहरी राज्यों से आने वाली आलू-प्याज की गाड़ियां घूमती देखी जा सकती हैं। इनका मुख्य टारगेट ग्रामीण क्षेत्र होते हैं और यह विक्रेता माइक के माध्यम से जोर-जोर से आलू-प्याज के भाव बताते हुए चलते रहते हैं। सुबह से लेकर शाम तक यह गाड़ियां कई किलोमीटर का सफर तय कर लेती हैं और अपना सामान खत्म होने के बाद गंतव्यों की ओर लौट जाती हैं। वहीं, अगले दिन किसी अन्य क्षेत्र का चयन सुबह ही उस रूट पर निकल पड़ते हैं। इस तरह से बाहरी राज्यों के व्यापारियों द्वारा आलू-प्याज आदि बेचने से इन क्षेत्रों में दुकानदारी चला रहे फल-सब्जी विक्रेताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में घरद्वार पर अपनी गाड़ी के माध्यम से पहुंचने के कारण यह व्यापारी आसानी से ग्रामीणों को अपना माल बेच देते हैं और लोग इस कारण दुकानों का रुख नहीं करते हैं। बाहरी राज्यों से सब्जी लेकर आने वाले इन व्यापारियों को रोकने के लिए कोई कानूनी प्रावधान न होने का पूरा फायदा यह लोग उठा रहे हैं और स्थानीय दुकानदारों को चूना लगा रहे हैं, जिससे वह काफी असमंजस में हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में दुकान चला रहे सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि यह सिलसिला अरसे से चल रहा है। पहले यह गाड़ियां एक या दो माह में आती थीं, लेकिन अब तो बाहरी राज्यों की गाड़ियां निरंतर क्षेत्रों का दौरा करती रहती हैं और अपना माल बेचकर चली जाती हैं। उनका कहना है कि अपनी दुकान चलाने के लिए उन्हें लाइसेंस सहित अन्य कागजात पूरे करने होते हैं जबकि यह बाहरी राज्यों के लोग बिना किसी परमिशन के व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि इस तरह के व्यापारियों पर लगाम कसी जाए।

"**विभाग** के पास फल-सब्जी व अन्य आवश्यक वस्तुओं के तय दामों व मुनाफे को जांचने का जिम्मा है। इसको लेकर विभागीय टीम समय-समय पर निरीक्षण करती है। बाहरी राज्यों से आने वाले सब्जी विक्रेताओं को लेकर विभाग के एक्ट में किसी भी तरह के लाइसेंस आदि बनवाने का कोई प्रावधान नहीं है।

**श्रवण कुमार हिमालयन, डीएफससी सोलन।**

"**एपीएमसी** एक्ट में केवल सब्जी मंडी के भीतर आने वाले फल-सब्जियों पर ही मार्केट फीस व सरचार्ज लेने का प्रावधान है। वर्ष 2014 में किए गए बदलावों के बाद सब्जी मंडी के बाहरी क्षेत्र में सेब, अदरक, लहसुन को छोड़कर किसी भी अन्य फल-सब्जी के बेचने पर कोई रोक-टोक नहीं है। मामला सरकार के पास विचाराधीन है और उम्मीद है कि इस पर जल्द ही कोई बदलाव किया जाएगा।

**राघव सूद, सचिव एपीएमसी सोलन।**

## नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से गत दिवस राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन में नशा निवारण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अमित रंजन तलवार ने कहा कि युवाओं में नशे का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा स्वास्थ के लिए हानिकारक होता है, वह चाहे फिर बीडी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, भांग, गांजा, अफीम, चिट्टा व अन्य मादक पदार्थ हो। उन्होंने कहा कि नशे से कैंसर, सांस का रोग, दिल की बीमारी, फेफड़ों के रोग, कमजोर हडि्डयां आदि रोगों का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि नशे में लिप्त बच्चों की पहचान करना आवश्यक है, ताकि उनका जल्द उपचार हो सके। किसी भी कार्य में एकाग्रता बनाए रखने में असमर्थता, निरंतर हाथों एवं शरीर में कंपन, चिड़चिड़ापन, नींद न आना, दोस्तों एवं परिवार से दूरी, जीवन के प्रति नकारात्मक सोच, अत्याधिक विनम्र या आक्रामक होना, चोरी करना तथा गुम-सुम रहना इसके लक्षण हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह कि उक्त किसी भी लक्षण को समझें और जल्द उपचार आरंभ करवाएं।

# बलेरा/कुरमला में ग्रामीणों को दी बागवानी की जानकारी



पंचायत बलेरा के कुरमला गांव में ग्रामीणों को बागवानी की जानकारी प्रदान की गई।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत बलेरा के कुरमला गांव में ग्रामीणों को HPSHIVA प्रोजेक्ट की ओर से बागवानी की जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बलेरा वार्ड से बीडीसी सदस्य शशिकांत गौतम द्वारा की गई। कार्यक्रम में उद्यान विकास अधिकारी, कुनिहार कमलेश कुमार, जल शक्ति विभाग उपमंडल अधिकारी विनय कांत गौतम तथा उनके साथ आए अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उद्यान विकास अधिकारी कमलेश कुमार द्वारा ग्रामीणों के साथ SHIVA प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि HPSHIVA क्लस्टर में कुरमला गांव के साथ बलंग गांव को भी शामिल किया जा रहा है। इस दौरान यह प्रस्ताव पारित किया गया कि किसानों व बागवानों को उनकी राय व सहमति के लिए कहा गया, ताकि वे किसी दबाव या किसी के कहने पर कोई निर्णय न लें। वहीं, बीडीसी सदस्य शशिकांत गौतम ने भी किसानों व बागवानों को HPSHIVA प्रोजेक्ट के साथ जुड़कर बागवानी से अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बागवानी विभाग की ओर से देवेंद्र शर्मा, राजेश परिहार, स्वाति शर्मा तथा जल शक्ति विभाग से कनिष्ठ अभियंता ज्ञान कुमार, फिटर मनीराम और पप्पू राम, रणजीत, नेकी राम, राम स्वरूप, दिनेश कुमार, पूर्ण चंद, अमर चंद, लेखराम, हेमराज, सोमा देवी, प्रेमी देवी, शांति देवी, पार्वती देवी, कुलदीप, रोशन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।




# पंचनद सदन हमारी स्मृतियों, संस्कृति राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को फतेहाबाद में पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा निर्मित पंचनद सदन के भू-तल का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक स्मृति, हमारी अटूट संस्कृति और उन लाखों पूर्वजों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि का प्रतीक है, जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी नागरिकों, ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचनद सेवा ट्रस्ट को 31 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और हांसी विधायक विनोद भ्याना भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने संबोधन में कहा कि इस सदन का शिलान्यास 13



दिसंबर 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कर-कमलों से किया गया था। पांच वर्षों में यह भवन एक भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप में हमारे सामने खड़ा है। यह पंचनद स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की लगन, समर्पण और अथक परिश्रम का साक्षात प्रमाण है। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वह नमन करते हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचनद शब्द हमारे हृदय में एक विशेष स्थान रखता है। पंचनद का अर्थ है 'पांच नदियों का क्षेत्र' और ये पांच नदियां थी सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम हैं। इन नदियों ने सदियों तक इस भू-भाग को सींचा है और इसे विश्व की सबसे समृद्ध, सबसे पुरानी और महान सभ्यताओं में से एक बनाया है। यही भू-भाग आगे चलकर 'पांच आब' अर्थात पंजाब के नाम से जाना गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंचनद की ही भूमि है जहां सभी धर्म और संस्कृतियां पनपीं, फली-फूलीं और एक-दूसरे के साथ सद्भाव में विकसित हुईं। यहां की तहजीब, भाईचारा, मेहमान-नवाजी और कर्मठता पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है, लेकिन इतिहास में कुछ ऐसे अध्याय भी हैं जो दर्द और पीड़ा से भरे हुए हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 1947 में देश विभाजन के समय इसी भूखंड पर दुनिया की भीषण त्रासदी घटित हुई थी। पंचनद की यह धरती बर्बरता और निर्मम हत्याओं की साक्षी बनी। एक ही रात में लाखों लोगों का जीवन, उनकी संपत्ति, उनके घर और उनका भविष्य उनसे छिन गया। एक सभ्यता और संस्कृति को क्रूरता की तलवार से दो हिस्सों में काट दिया गया। आज जिस पंचनद सदन का उद्घाटन किया गया है, उसका उद्देश्य उसी इतिहास को जीवित रखना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस त्रासदी को कभी न भूलें और राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन के समय पंजाबी समाज ने अपार कष्ट सहे। करोड़ों लोगों ने अपने घर-बार छोड़कर नई बनी सीमाओं के इस पार और उस पार पलायन किया। लाखों लोग मारे गए और असंख्य परिवार उजड़ गए। बच्चों, वृद्धों, युवाओं और महिलाओं सभी ने इस पीड़ा को झेला। इसके बावजूद पंजाबी समाज ने हिंसा और नफरत को स्वीकार नहीं किया, बल्कि परिश्रम, देशभक्ति और भाईचारे के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया।

# बचपन प्ले स्कूल जीरकपुर ने 12वां सालाना जलसा मनाया



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

बचपन प्ले स्कूल, पटियाला रोड, जीरकपुर ने अपना 12वां एनुअल डे महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर 26, चंडीगढ़ में मनाया।

इसमें बच्चों ने शानदार परफॉर्मेंस के जरिए भारत की सांस्कृतिक विरासत को दिखाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद बच्चों ने शानदार काली तांडव, हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, लावणी और कई और बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। माता-पिता ने मज़ेदार खेलों का आनंद लिया, जबकि टॉप स्टूडेंट्स को पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मुक्ता वर्मा ने सर्वांगीण विकास पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने नए स्कूल क्रेस्टवुड इंटरनेशनल स्कूल, जीरकपुर के खुलने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान माता-पिता को जलपान कराया गया। यह एक शानदार और मजेदार दिन था। सालाना जलसे का समापन प्रिंसिपल के धन्यवाद भाषण के साथ हुआ। बचपन प्ले स्कूल जीरकपुर एक प्रमुख प्री-स्कूल चेन है जो रचनात्मकता और विकास को बढ़ावा देता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जुआ खेलते छह युवक काबू, नकदी बरामद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत पुलिस टीम ने छह युवकों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि अभियान के तहत शुक्रवार को समालखा चौकी पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान चुलकाना रोड पर थी। तभी टीम को सूचना मिली की छह युवक पुराना पटवारखाना इमारत की दिवार की ओट में बैठकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर जुआ खेले रहे युवकों को काबू किया। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान कृष्णा कॉलोनी निवासी प्रदीप , विनोद , गोविंद व गांव कुहाड़ निवासी मनोज व वाल्मीकि बस्ती निवासी रिंकू व सागर पुत्र पृथ्वी रूप में बताई। मौके पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश पत्ते व दाव पर लगी 12 हजार 370 रुपए की नगदी बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना समालखा में गेम्बलिंग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

### कांग्रेस की दिल्ली रैली में हरियाणा जुटाएगा भीड़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को दिल्ली में आयोजित की जा रही 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली में 30 फीसदी भीड़ हरियाणा अथवा एनसीआर के जिलों से जुटाई जाएगी। राव नरेंद्र के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला मौका है जब कांग्रेस इतना शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे पहले हुई कांग्रेस की रैलियों में हरियाणा के नेता गुलाबी पगड़ी तथा लाल गमछे के साथ अपने गुटों की अलग पहचान दिखाते हुए शामिल हुए हैं। इस बार पार्टी के सामने इस रैली में हरियाणा के नेताओं को एकजुट करना तथा अनुशासन के साथ एक मंच पर लाना बड़ी चुनौती है। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि रैली के लिए हरियाणा को तीन जोन में बांटकर बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। जिला अध्यक्षों, विधायकों, पूर्व विधायकों, सांसदों को रैली में भीड़ जुटाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैली में शामिल होने वाला कार्यकर्ता व नेता हरियाणा कांग्रेस के बैनर तले ही शामिल होगा। कोई भी नेता व कार्यकर्ता अलग दिखने के लिए गुट का प्रदर्शन नहीं करेगा। हरियाणा के सभी नेता एकजुटता के साथ इस रैली में शामिल होंगे।

# हरियाणा भाजपा ने चलाया संगठित अभियान जन-जन तक पहुंचेगा अमित शाह का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस के झूठ और भ्रम की राजनीति को तथ्यों के साथ उजागर किए जाने के बाद हरियाणा भाजपा ने इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को रोहतक स्थित प्रदेश कार्यालय मंगलकमल में भाजपा की प्रदेश मीडिया टीम और प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के लोकसभा भाषण के प्रमुख अंश स्क्रीन पर दिखाए गए।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने सभी प्रवक्ताओं एवं पदाधिकारियों के समक्ष आगे की कार्ययोजना प्रस्तुत की। संगठन मंत्री फणिंद्र नाथ शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने सर और ईवीएम के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को उजागर करने का आह्वान किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने स्वयं 11 बार सर कराया, फिर अब उसी प्रक्रिया का विरोध करना कांग्रेस के दोहरे चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 2004 और 2005 में कांग्रेस ने ईवीएम से चुनाव जीते, तब कोई सवाल नहीं उठाया गया। वर्ष 2014 से 2025 के बीच हुए 71 विधानसभा चुनावों में से 30 में विपक्ष की जीत यह साबित करती है कि म्टड पर आरोप पूरी तरह निराधार हैं। यदि बिहार में सर और ईवीएम को लेकर विपक्ष को आपत्ति है तो अब तक कानूनी प्रक्रिया के तहत कोई शिकायत क्यों दर्ज नहीं कराई गई, जबकि चुनाव प्रक्रिया पूरी हुये महीनों बीते चुके हैं। नेताओं ने निर्णय लिया कि अमित शाह के भाषण और तथ्यों को हरियाणा के हर जिले और हर वर्ग तक पहुंचाकर कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश किया जाएगा।

# उत्तर भारत का सबसे स्टार्टअप-अनुकूल राज्य बनेगा पंजाब : संजीव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

टाई चंडीगढ़ ने स्टार्टअप एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया, जो फाउंडर्स, इंडस्ट्री लीडर्स और इन्नोवेटर्स के साथ एक ज्ञानवर्धक शाम रही।

इस कॉन्क्लेव को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का सहयोग प्राप्त था और इसे स्टार्टअप पंजाब का समर्थन मिला। इस अवसर पर टाई चंडीगढ़ के प्रेसीडेंट पुनीत वर्मा ने चैप्टर की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह बताना महत्वपूर्ण है कि टाईयू और टाई वुमन चंडीगढ़ की 24 स्टार्टअप टीमों को दी जा रही पुरस्कार राशि अमेरिका में रहने वाले रणबीर सिंह द्वारा अपने चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से दी जा रही है। टाई चंडीगढ़ और पूरा टाई इकोसिस्टम इस उदार सहयोग के लिए दिल से



आभारी है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्बा स्मेरिग्लियो, ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, चंडीगढ़ उपस्थित रहीं। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में टाई चंडीगढ़ के प्रेसीडेंट पुनीत वर्मा और उनकी टीम को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे टाई नेतृत्व के प्रयासों को स्वीकार करते हैं और उद्यमिता, नवाचार तथा वैश्विक बाज़ार से जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के लिए टाई की सराहना करते हैं। स्टार्टअप रोजगार सृजन, नवाचार, उत्पादकता और आर्थिक परिवर्तन के प्रमुख प्रेरक हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार स्टार्टअप्स के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हम उद्योगों को प्रोत्साहित करने और निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। हमारा लक्ष्य उत्तर भारत का सबसे स्टार्टअप-अनुकूल राज्य बनना है। स्टार्टअप्स के लिए तेज़ निर्णय प्रक्रिया, पारदर्शी नीतियां और मजबूत इकोसिस्टम समर्थन सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में युवा और कुशल प्रतिभा भरी पड़ी है। एक मजबूत एमएसएमई और विनिर्माण आधार मौजूद है। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में नेतृत्व है और इन दोनों क्षेत्रों में स्टार्टअप्स अद्भुत कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ-साथ एक सशक्त एनआरआई और प्रवासी नेटवर्क भी है, जो स्टार्टअप्स की मदद कर सकता है। हाल ही में हम जापान और कोरिया गए थे। उन्होंने कहा कि वे टाई सदस्यों से अपील करते हैं कि वे दक्षिण कोरिया की 'सिलिकॉन वैली'—मुख्य रूप से पंग्यो टेक्नो वैली (पीटीवी)—का दौरा करें, जो सियोल के पास एक प्रमुख टेक हब है और जहाँ कई दिग्गज कंपनियाँ मौजूद हैं। पंजाब सरकार मोहाली में भी इसी तरह का इकोसिस्टम विकसित करने की योजना बना रही है और हम टाई के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि राज्य में अधिक स्टार्टअप्स विकसित हों, अधिक रोजगार सृजित हों और वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

## देश-विदेश

### मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामला : आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार

# ऐसे लड़कों को सबक सिखाना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि आरोपी एक संपन्न परिवार से है और ऐसे मामलों में इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। हादसे में एक महिला की मौत हुई थी और आरोपी पर नशे की हालत में कार चलाने व फरार होने के गंभीर आरोप हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंचने इस तथ्य पर गौर किया कि आरोपी एक संपन्न परिवार से है और उसके पिता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना से जुड़े रहे हैं। बेंच ने कहा कि वह शेड में मर्सिडीज खड़ी करता है, बीएमडब्ल्यू निकालता है, उससे टक्कर मारता है और फरार हो जाता है। उसे कुछ समय अंदर रहने दीजिए। इन लड़कों को



सबक सिखाने की जरूरत है। कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। मिहिर शाह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि हाईकोर्ट ने मामले में प्रमुख गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत के लिए आवेदन करने की अनुमति दी थी। हालांकि, शीर्ष कोर्ट का सख्त रुख देखते हुए उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। मिहिर शाह (24 वर्षीय) को पिछले साल नौ जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

आरोप है कि उसने मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई थी और उनके पति प्रदीप नखवा घायल हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में हसीना विरोधी उस्मान हादी पर फायरिंग, सिर में गोली लगी

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी को राजधानी ढाका में गोली मार दी गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादी इस्लामी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हैं और चुनाव में ढाका से निर्दलीय उम्मीदवार हैं। वह रिक्शे पर जा रहे थे तभी बाइक सवार हमलावर ने उन्हें गोलीमार दी।

बांग्लादेश में 11 दिसंबर को चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ था। इसके एक ही दिन बाद यह हमला हुआ। हादी को तुरंत ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके सिर में गोली लगी और हालत बेहद नाजुक है। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमले से कुछ घंटे पहले उस्मान हादी ने ग्रेटर बांग्लादेश का एक मैप शेयर किया था, इसमें भारतीय इलाके (7 सिस्टर्स) शामिल थे।

पुलिस के मुताबिक, हादी को दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट पर बिजयनगर इलाके में रिक्शे पर देखा गया था। सीसीटीवी फुटेज में दिखता है कि एक मोटरसाइकिल पीछे से रिक्शे के पास आई, फिर दाईं ओर आकर रुकी और पीछे बैठे व्यक्ति ने बिल्कुल नजदीक से हादी पर गोली चला दी। बाइक पर सवार दोनों लोगों ने हेलमेट पहन रखे थे। पूरी घटना कुछ ही सेकंड में हुई और हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए। (अनंत ज्ञान)

# ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार, बिना हिजाब के दे रही थी भाषण

**एजेंसी, तेहरान**

**ईरान** में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया।



अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। अलिकोरदी इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नरगिस मोहम्मदी के भाई मेहदी, जो उस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

परिवार का कहना है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और कई लोगों के साथ मारपीट की गई। अभी तक यह साफ नहीं है कि नरगिस मोहम्मदी को कहां रखा गया है। नोबेल कमेटी ने नरगिस मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गंभीर चिंता जताई है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप के गोल्ड कार्ड के खिलाफ 20 अमेरिकी राज्यों ने किया मुकदमा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** प्रशासन ने ट्रंप गोल्ड कार्ड वीजा के आवेदनों पर 1 मिलियन डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपए) की फीस लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ कैलिफोर्निया के नेतृत्व में कुल 20 अमेरिकी राज्यों ने कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया है।

इन राज्यों का कहना है कि यह फीस पूरी तरह गैर-कानूनी है और इससे अस्पतालों, स्कूलों, यूनिवर्सिटी और सरकारी सेवाओं में पहले से चल रही डॉक्टरों-शिक्षकों की कमी और गंभीर हो जाएगी। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने कहा कि 'ये वीजा डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, वैज्ञानिक और शिक्षक जैसे उच्च कुशल प्रोफेशनल्स के लिए होता है। दुनियाभर का टैलेंट जब अमेरिका आता है तो पूरा देश आगे बढ़ता है। कैलिफोर्निया के साथ न्यूयॉर्क, इलिनॉय, वॉशिंगटन, मैसाचुसेट्स समेत 20 बड़े राज्य इस मुकदमे में शामिल हैं। राज्यों का तर्क है कि पहले एच-1 बी वीजा की फीस 1,000 से 7,500 डॉलर (1 से 6 लाख रुपए) के बीच होती थी, लेकिन संसद की मंजूरी के बिना अचानक फीस बढ़ा देना अवैध है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी सांसद बोले- भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर कानूनी

## कहा- अमेरिकी नागरिक भुगत रहे इसका नुकसान, 3 सांसदों ने प्रस्ताव किया पेश

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**तीन** अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर लगाए भारी-भरकम टैरिफ को चुनौती दी है। ये सांसद हैं डेबोरा रॉस, मार्क वीजी और राजा कृष्णमूर्ति। इन्होंने अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसका मकसद भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने 50% टैरिफ को हटाना है। सांसदों का कहना है कि ये टैरिफ गैर-कानूनी हैं।

अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम अमेरिकी नागरिकों को हो रहा है। सांसद डेबोरा रॉस ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। सांसद डेबोरा रॉस ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। डेबोरा रॉस ने कहा कि उनके राज्य नॉर्थ कैरोलिना में भारत से बहुत निवेश आता है, हजारों नौकरियां भारतीय कंपनियों से जुड़ी हैं, ये टैरिफ उस रिश्ते को चोट पहुंचा रहे हैं। मार्क वीजी ने इसे 'आम अमेरिकियों पर अतिरिक्त टैक्स' बताया। उन्होंने कहा कि सामान महंगा हो जाने से आम लोगों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि ये टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं, अमेरिकी मजदूरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से रिश्ते मजबूत करने चाहिए, बिगाड़ने नहीं। यह प्रस्ताव सिर्फ भारत के टैरिफ तक सीमित नहीं है। सांसदों का कहना है कि ट्रम्प लगातार अधिकारों का इस्तेमाल करके एकतरफा तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं, जबकि व्यापार नियम बनाने का असली अधिकार अमेरिकी संसद के पास है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के चूड़ाचांदपुर में हथियार व भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** पुलिस ने राज्य के चूड़ाचांदपुर जिले में तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि खुगा बांध क्षेत्र में शुक्रवार को चलाए गए तलाश अभियान के दौरान स्थानीय रूप से निर्मित राइफल, पिस्तौल की तीन मैगजीन, एक बम, एक ग्रेनेड, दो वायरलेस सेट, चार परिष्कृत विस्फोटक और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाश अभियान और घेराबंदी जारी रखे हुए हैं। मणिपुर में ढाई साल पहले जातीय हिंसा भड़कने के बाद से ही तलाश अभियान जारी हैं।

मेइती और कुकी-जो समुदायों के बीच मई 2023 में शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक 260 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों अन्य बेघर हुए हैं। इस साल फरवरी में एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था। राज्य विधानसभा, जिसका कार्यकाल 2027 तक है, को निलंबित रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान ने ओमान में जब्त किया 60 लाख लीटर डीजल से भरा टैंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ईरान** ने अवैध ईंधन ले जा रहे एक तेल टैंकर को ओमान में जब्त किया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस तेल टैंकर में भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश के 18 क्रू मेंबर सवार थे।



**टैंकर में भारत श्रीलंका और बांग्लादेश के 18 क्रू मेंबर सवार**

दरअसल, गल्फ ऑफ ओमान में ईरान ने एक तेल टैंकर के जब्ती की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के तट पर एक तेल टैंकर को जब्त करने के दो दिन बाद हुई है। ईरान की न्यूज एजेंसी ने होर्मोजगान के दक्षिणी प्रांत के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि ओमान सागर के तट के पास 60 लाख लीटर अवैध डीजल ईंधन ले जा रहे एक तेल टैंकर को कब्जे में लिया गया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि जहाज ने रोके जाने से पहले अपने सभी नेविगेशन सिस्टम बंद कर दिए थे।

बता दें कि ईरान में खुदरा ईंधन की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं, जिससे इसे अन्य देशों में तस्करी करके भेजना विशेष रूप से लाभदायक हो जाता है। इसीलिए ईरानी सेना द्वारा नियमित रूप से जहाजों को चेंकिग की जाती है, ताकि वे खाड़ी में अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करने पर रोक लगा सके।

इससे पहले पिछले महीने ईरान ने पिछले महीने खाड़ी के जलक्षेत्र में एक तेल टैंकर को अवैध माल ले जाने के आरोप में जब्त कर लिया था। इस दौरान ईरान ने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि यह किसी अन्य देश के खिलाफ जवाबी कार्रवाई थी। इससे भी पहले ईरान इस क्षेत्र में कई कमर्शियल जहाजों को निशाना बना चुका है। (अनंत ज्ञान)

# अडाणी ग्रीन एनर्जी केस में प्रणव अडाणी को मिली क्लीन चिट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मार्केट** रेगुलेटर सेबी ने अडाणी ग्रीन एनर्जी की 2021 में सेबी एनर्जी अधिग्रहण डील से जुड़े इनसाइडर ट्रेडिंग केस में प्रणव अडाणी और उनके दो रिश्तेदारों को क्लीन चिट दे दी है। 50 पेज के ऑर्डर में सेबी ने कहा कि उनके खिलाफ अनपब्लिश्ड प्राइस सेंसिटिव इनफार्मेशन शेयर करने का कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

ट्रेड्स पब्लिक इन्फॉर्मेशन के बाद हुए और नॉर्मल पैटर्न से मैच करते हैं। अलग ऑर्डर में भी सेबी ने विनोद बहेटी समेत अन्य को भी आरोपों से क्लियर किया है। यह केस अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की सेबी एनर्जी होल्डिंग्स को 3.5 बिलियन डॉलर यानी 31,693 करोड़ रुपए में खरीदने की डील से जुड़ा था। डील की ऑफिशियल अनाउंसमेंट 19 मई 2021 को हुई थी।

सेबी ने जनवरी 2021 से अगस्त 2021 तक के ट्रेड्स की जांच की। नवंबर 2023 में गौतम अडाणी के भतीजे प्रणव अडाणी, कुणाल शाह और नृपाल शाह को शो-कॉज नोटिस जारी हुआ था। कुणाल शाह की प्रणव की कजिन नृपाल से शादी हुई है। उन पर आरोप था कि प्रणव ने गुप्त जानकारी शेयर की और रिश्तेदारों ने उस आधार पर 17-18 मई को शेयर खरीदे। जिससे उन्हें 51 लाख और 40 लाख रुपए का प्रॉफिट हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान में रणवीर सिंह व अक्षय खन्ना पर एफआईआर की मांग

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ को एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। याचिका में फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह समेत अन्य कलाकार संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेनी, निर्देशक आदित्य धर, निर्माता लोकेश धर श्र ज्योति किशोर देशपांडे के नाम शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# टी-20 मैच : टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

## ठंड की वजह से भारतीय खिलाड़ी दोपहर बाद साढ़े तीन बजे अभ्यास के लिए मैदान में पंहुचे

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में रविवार को खेले जाने वाले भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20 मुकाबले के लिए शनिवार को भारतीय टीम ने प्रेक्टिस की। ठंडे मौसम के चलते टीम खिलाड़ी शाम के बजाय दोपहर बाद ही स्टेडियम में प्रेक्टिस के लिए पहुंचे थे। बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, इंडिया टीम ने शाम 7:30 बजे से 10 तक तक अभ्यास करना था, मगर मौसम बदलने के बाद ठंड की वजह से भारतीय टीम के खिलाड़ी दोपहर बाद साढ़े तीन बजे ही अभ्यास को मैदान पर पंहुचे।


धर्मशाला में अभ्यास करती भारतीय टीम।

धर्मशाला में शनिवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। इससे ठंड में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार धर्मशाला में बारिश के आसार नहीं है, मगर सामने नजर आने वाली धौलाधार की पहाड़ियों पर हल्का हिमपात हो सकता है। इससे मैच के दौरान ठंडी हवाएं चल सकती हैं, जो कि गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। प्रेक्टिस के दौरान क्रिकेट प्रेमी अपने चहेते खिलाड़ियों के दीदार को पहुंचे थे। इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित अन्य तेज व स्पिन गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने जमकर पसीना बहाया और रविवार के मैच के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभ्यास नहीं किया। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी होटल में ही रहे। मौसम के मिजाज के चलते उनका कल सुबह या दिन में अभ्यास का कार्यक्रम रहेगा।

### हमारे खिलाड़ी किसी भी क्रम में खेलने को फ्लेक्सिबल : तिलक

**भारत** के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि टीम इंडिया के अधिकतर खिलाड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम में खेलने के लिए पूरी तरह फ्लेक्सिबल हैं और वह स्वयं भी किसी भी क्रम में उतरने को तैयार रहते हैं। धर्मशाला स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि खिलाड़ी मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं और उसी के अनुरूप लगातार अभ्यास किया जा रहा है। टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले को लेकर तिलक ने कहा कि हर मैदान पर ड्यू और ठंड का असर देखने को मिल रहा है। धर्मशाला में भी इसी कारण गीली गेंद से प्रैक्टिस की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले टी-20 में ड्यू था और टॉस अहम रहा, इसलिए टीम दोनों परिस्थितियों के लिए तैयार है। अक्षर पटेल के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि टीम हित में जहां भी बल्लेबाजी मिले, खिलाड़ी खेलने को तैयार रहते हैं।

### धर्मशाला की पिच अच्छी हाई स्कोर मैच देखने को मिलेगा : कॉनराड

**साउथ** अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि धर्मशाला की पिच काफी अच्छी है और हाई एल्टीट्यूड होने के कारण यहां हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है। धर्मशाला स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि टीम के खिलाड़ी पहले भी यहां खेल चुके हैं और धौलाधार की ठंडी फिजाओं में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। जसप्रीत बुमराह को उन्होंने वर्ल्ड क्लास गेंदबाज बताते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन मैच की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। कॉनराड ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप 2026 को ध्यान में रखते हुए टीम में बदलाव किए जा रहे हैं और ओपनिंग के लिए एडेन मारक्रम सहित अन्य विकल्पों पर भी काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी हर स्थिति में खेलने को तैयार हैं और अब टी-20 में भी गीली गेंद से अभ्यास किया जा रहा है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बिग बैश लीग में मिडिल ऑर्डर में भी उतर सकते हैं डेविड वॉर्नर

**एजेंसी, सिडनी।** सिडनी थंडर के कप्तान डेविड वॉर्नर ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में जरूरत पड़ने पर मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के संकेत दिए हैं। वॉर्नर ने कहा कि टीम संयोजन और रणनीति के लिहाज से वह कभी-कभी ओपनिंग के बजाय नीचे बल्लेबाजी कर सकते हैं, ताकि थंडर की बल्लेबाजी को अलग विकल्प मिल सके। अपने करियर में लगभग हर स्तर पर ओपनिंग करने वाले वॉर्नर ने अब तक 423 में से 382 टी-20 पारियों में पारी की शुरुआत की है। हालांकि युवा ओपनर सैम कॉन्स्टस के साथ बल्लेबाजी को लेकर कहा कि 'यह तभी होगा जब मैं ओपन करूं। यह पूरी तरह मैच-अप और रणनीति पर निर्भर करेगा। मिडिल ऑर्डर में हमें एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की तलाश है, जिस पर फिलहाल बातचीत चल रही है।' (अनंत ज्ञान)

### हरमनप्रीत के सम्मान में स्टैंड का नामकरण होने पर मंधाना ने दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत कौर को बधाई दी है। यह बधाई उन्हें उस खास मौके पर मिली, जब पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हरमनप्रीत कौर के नाम पर एक स्टैंड का उद्घाटन किया। यह समारोह वीरवार को आयोजित किया गया था। इस मौके पर स्टेडियम में दो नए स्टैंड खोले गए। एक स्टैंड भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर रखा गया, जबकि दूसरा स्टैंड पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर समर्पित किया गया। उद्घाटन समारोह में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पीसीए अध्यक्ष अमरजीत मेहता मौजूद रहे। इसके अलावा बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी कार्यक्रम में शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

### टी-20 विश्व कप के टिकट बिक्री पोस्टर पर पीसीबी हुआ खफा

**अनंत ज्ञान, कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है, क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है। सूत्र ने कहा, 'कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।' उन्होंने बताया कि पीसीबी की एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से बात करने के बाद ही स्थिति में बदलाव आया। उन्होंने कहा, 'इस बार भी हमें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आईसीसी ने टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में हमारे कप्तान की तस्वीर नहीं लगाई है।' (अनंत ज्ञान)

### फैशन मॉडल से कम नहीं निकोलस की पत्नी

**निकोलस** पूरन और कैथरीना मिगुएल की प्रेम कहानी काफी फिल्मी होने के साथ-साथ काफी प्रेरणादायक भी है। पूरन और कैथरीना एक-दूसरे को बचपन से जानते हैं, लेकिन उन्होंने 2014 में ही एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था।



## द. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 में गिल की बल्लेबाजी पर होंगी नजरें

**एजेंसी, धर्मशाला।** भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो सब की निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर होगी जो इस प्रारूप में खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन की जगह लेने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहे है। गिल को श्रृंखला के बाकी बचे तीनों मैचों में एकादश में जगह मिलना लगभग तय है, लेकिन उनके लिए चीजें आसान नहीं है। टी-20 विश्व कप अब सिर्फ छह सप्ताह दूर है और यह सलामी बल्लेबाज इन मैचों में अगर लय हासिल करने में विफल रहा तो टीम दूसरी योजना पर काम करने का मन बना सकती है। धर्मशाला में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान है और बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वतमाला की पृष्ठभूमि में खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम के भीतर माहौल गर्म होगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं।

संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं। एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसन, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपामला जैसे गेंदबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही दिखा चुकी है कि भारतीय परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाया जाए। धर्मशाला में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होगी। (अनंत ज्ञान)

## सूर्यवंशी को चाहकर भी सीनियर टीम में नहीं किया जा सकता शामिल, आईसीसी का नियम बना रोड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली



14 वर्षीय स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इन दिनों सुर्खियों में हैं। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ महज 35 गेंदों पर विस्फोटक शतक से शुरुआत करने वाले वैभव का जलवा अभी भी कायम है। उन्होंने हाल ही में एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप में यूएई के खिलाफ महज 95 गेंदों पर 171 रनों की धमाकेदार शतकीय पारी खेली है। इससे पहले वह अनाधिकारिक टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ चुके हैं।

इतना ही नहीं वह भारत-ए के लिए और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बिहार के लिए सेंचुरी बना चुके हैं। अब अंडर-19 एशिया कप 2025 में उनके तूफानी शतक के बाद फैंस वैभव को भारतीय सीनियर टीम में खेलते देखना चाहेंगे, लेकिन उनकी राह में आईसीसी का एक नियम रोड़ा बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेलेक्टर चाहकर भी उन्हें भारतीय सीनियर टीम में शामिल नहीं कर सकते हैं। आईसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए एक न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित कर रखी है। 2020 में बनाए गए इस नियम के तहत, कोई भी खिलाड़ी 15 साल से कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट नहीं खेल सकता है। वहीं, सूर्यवंशी फिलहाल 14 वर्ष 9 महीने 17 दिन के हैं। वह 2026 में 27 मार्च को पूरे 15 साल के हो जाएंगे। सेलेक्टर चाहें तो उन्हें जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर खेली जाने वाली टी-20 और वनडे इंटरनेशनल सीरीज से मौका दे सकते हैं।

आईसीसी ने यह नियम 2020 में खिलाड़ियों की भलाई और सुरक्षा के लिए बनाया गया था। हालांकि असाधारण रूप से विकसित युवाओं के लिए छूट मांगी जा सकती है। आयु सीमा में छूट के लिए संबंधित बोर्ड को आईसीसी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होता है। (अनंत ज्ञान)

## एडिलेड टेस्ट से पहले उस्मान ख्वाजा ने खुद को फिट घोषित किया

**एजेंसी, एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट से पहले खुद को पूरी तरह फिट बताते हुए साफ किया कि वह अब भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि अंतिम एकादश में उनका चयन होगा या नहीं, यह उनके हाथ में नहीं है। एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन 39 साल के होने जा रहे ख्वाजा ने कहा कि टीम में अपनी जगह को लेकर चल रही अटकलों से वह बिलकुल भी परेशान नहीं हैं। ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड की नई ओपनिंग जोड़ी के शानदार प्रदर्शन के बाद चयनकर्ताओं के सामने मुश्किल जरूर है, लेकिन ख्वाजा ने इसे स्वाभाविक प्रक्रिया बताया।

ख्वाजा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि मैं अभी भी टीम के लिए अहम हूं, मुझसे खेलने के लिए कहा जा रहा है और इसी वजह से मैं यहां हूं। जब तक मुझे महत्व दिया जाएगा, मैं अपना काम करता रहूंगा।' 85 टेस्ट खेल चुके ख्वाजा ने संन्यास की अटकलों को भी खारिज किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड का बचाव करते हुए कहा कि वह अलग-अलग परिस्थितियों और फॉर्मेट में सफल रहे हैं और उनके खेल में अब भी कई 'गियर' बाकी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे प्रतिस्पर्धा पसंद है। लंबे समय तक लगातार प्रदर्शन करना ही असली कसौटी होती है, न कि एक-दो मैच। (अनंत ज्ञान)

## डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स पर आठ विकेट से हराया, होल्डन और सैम करन ने खेली तूफान पारी

### आईएलटी 20 : पावरप्ले में चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने यूएई के तनवीर

एजेंसी, दुबई



**खुजैमा** तनवीर के चार विकेट के बाद सैम कुरेन और मैक्स होल्डेन के बीच 77 गेंद में 123 रनों की अटूट साझेदारी से डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स को आठ विकेट से हराकर आईएलटी 20 के मौजूदा सत्र में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। तनवीर ने 10 रन देकर चार विकेट लिए, जो आईएलटी 20 के इतिहास में यूएई के किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इसके साथ ही इस लीग के पावरप्ले में चार विकेट लेने वाले अपने देश के पहले गेंदबाज भी बन गए। गल्फ जायंट्स की टीम खराब शुरुआत के बावजूद सात विकेट पर 157 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वाइपर्स ने दूसरे ओवर में क्रिस वुड की गेंद पर फखर जमां (आठ गेंद में 14 रन) और फिर चौथे ओवर में हसन नवाज (नौ गेंद में सात रन) का विकेट गंवा दिया। नवाज रन आउट हुए। कुरेन और होल्डेन ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 19 गेंद शेष रहते आसान जीत दिला दी। सेम कुरेन ने 43 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 67 रन की पारी खेली जबकि होल्डेन ने 41 गेंद में नाबाद 64 रन बनाए। इससे पहले नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के आए लियाम डॉसन ने 14 गेंद में तीन चौके और इतने ही छक्के की मदद से नाबाद 38 रन की पारी खेली, जिससे गल्फ जायंट्स की टीम 157 रन तक पहुंचने में सफल रही। टीम के लिए आसिफ खान ने नाबाद 36 और काइल मायर्स ने 30 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

**होल्डेन ने 41 गेंद में नाबाद 64 रन बनाए**

## बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय बल्लेबाजों में रणनीति भूमिका की कमी दिखी : उथप्पा

एजेंसी, नई दिल्ली



**पूर्व** भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की बल्लेबाजी रणनीति में भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी की और इशारा करते हुए कहा कि पारी की शुरुआत में अत्यधिक लचीलेपन के कारण रन बनाना मुश्किल हो जाता है। भारतीय टीम वीरवार को मुल्लनपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई। इस 51 रन की हार के साथ पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरुआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि शुभमन गिल के आउट होने के बाद अपनाई गई रणनीति की थी। भारत के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है, लेकिन टीम ने उसका इस्तेमाल अच्छे से नहीं किया।

उन्होंने कहा कि शुभमन गिल आउट हुए तो अक्षर पटेल बल्लेबाजी करने आए। उस समय उन्हें एक ऐसे बल्लेबाज की भूमिका निभानी थी, जो जोखिम उठाकर बल्लेबाजी करें और तेजी से रन बनाकर अभिषेक शर्मा पर से दबाव कम कर सके। उथप्पा का मानना था कि अक्षर की धीमी गति से खेली गई 21 रनों की पारी दबाव कम करने में विफल रही, जिससे उनके आसपास विकेट गिरने लगे और रणनीति में बदलाव करना पड़ा। इससे लक्ष्य का पीछा करना और धीमा हो गया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को अपनी भूमिकाओं और पारी को आगे बढ़ाने के तरीके के बारे में स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले छह से आठ ओवरों के बाद बल्लेबाजों की रणनीति में लचीलापन ठीक है, लेकिन बड़े स्कोर का पीछा करने से पहले एक मजबूत नींव की जरूरत होती है। बिना मजबूत आधार के गगनचुंबी इमारत नहीं खड़ी की जा सकती। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से एक ही मैच में कई भूमिकाएं निभाने की उम्मीद करना चीजों को जटिल बना देता है और भारत यहीं चूक कर रहा है। मैं सलामी बल्लेबाजों और पारी की शुरुआत चरण में अत्यधिक लचीलापन दिखाने के पक्ष में नहीं हूं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड की विंडीज पर जीत से भारत को नुकसान, डब्ल्यूटीसी तालिका में खिसका

एजेंसी, नई दिल्ली

**न्यूजीलैंड** की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच में नौ विकेट से जीत से भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में नुकसान हुआ है। भारतीय टीम पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई है और शीर्ष दो की दौड़ में पिछड़ती जा रही है। भारतीय टीम ने डब्ल्यूटीसी के शुरुआती दो चक्र में उपविजेता रही, लेकिन पिछले सत्र में फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। टीम का डब्ल्यूटीसी 2025-27 चक्र में भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है जिस कारण अंक तालिका में वह शीर्ष पांच से भी बाहर हो गई है। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट मैच में नौ विकेट से हराया।

इस शानदार जीत से तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की टीम तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई। बेसिन रिवर्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद डब्ल्यूटीसी की तालिका में उलटफेर देखने को मिला। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज का तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से खेला जाएगा। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जमीन पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवानी पड़ी थी जिस कारण वह डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में पाकिस्तान से भी नीचे पहुंच गया था। भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया था, लेकिन अब न्यूजीलैंड की जीत से भी टीम को नुकसान उठाना पड़ा और वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

वहीं, श्रीलंका (66.67) संयुक्त तीसरे, जबकि पाकिस्तान (50) पांचवें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक 66.67 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, जबकि भारत का जीत-हार प्रतिशत 48.15 है। इंग्लैंड अगर एशेज में वापसी करने में सफल रहा तो भारतीय टीम और नीचे खिसककर सातवें स्थान पर आ सकती है। ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज में 2-0 से आगे है और सीरीज में तीन और मैच खेले जाने हैं। भारतीय टीम को अपनी अगली टेस्ट सीरीज अगस्त 2026 में श्रीलंका के खिलाफ खेलनी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस जीत से न्यूजीलैंड को 12 अंक मिले, जबकि सीरीज का शुरुआती मुकाबला ड्रॉ पर छूटा था। न्यूजीलैंड 16 अंक और 66.67 प्रतिशत अंक के साथ श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

## त्सिगानकोव के दो गोल से गिरोना ने रीयाल सोसिएदाद को 2-1 से हराया



एजेंसी, मैड्रिड

**यूक्रेन** के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से गिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबाल लीग में रीयाल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सत्र में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर गिरोना की पहली जीत है।

गोंकालो गुएडेस ने हाफ टाइम से 10 मिनट पहले एक शानदार स्ट्राइक के साथ सोसिएदाद के लिए गोल किया, लेकिन त्सिगानकोव ने आठ मिनट के अंदर ( 76वें और 84वें मिनट) दो गोल के साथ गिरोना को रेलीगेशन जोन (20 टीमों की तालिका में आखिरी दो स्थान) से बाहर निकाल दिया। इस जीत से गिरोना की टीम तालिका में 17वें स्थान पर पहुंच गयी। सोसिएदाद 14वें पायदान पर है। (अनंत ज्ञान)

## टीपीएल सीजन-7 में एक साथ नजर आए लिएंडर पेस और महेश भूपति

एजेंसी, अहमदाबाद



टेनिस प्रेमियों के लिए टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन-7 का चौथा दिन बेहद खास रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टेनिस के दो महान सितारे लिएंडर पेस और महेश भूपति एक साथ कोर्ट पर नजर आए। दोनों की मौजूदगी ने दर्शकों को 'ली-हेश' युग की यादें ताजा कर दीं। लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में मौजूद थे, जबकि महेश भूपति एसजी पाइपर्स बेंगलुरु टीम के समर्थन में पहुंचे। यह टीम एसजी स्पोर्ट्स के स्वामित्व में है, जहां भूपति सीईओ की भूमिका निभा रहे हैं।

गौरतलब है कि पेस और भूपति की जोड़ी ने साथ में तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते थे और विश्व नंबर-1 डबल्स जोड़ी बनी थी। अहमदाबाद में लीग के आयोजन को लेकर उत्साहित पेस ने कहा कि 'अहमदाबाद में होना शानदार है। मौसम बेहतरीन है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना एक सपने जैसा है। हमारा लक्ष्य देशभर में टेनिस को लोकप्रिय बनाना है।' उन्होंने कहा, 'मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का आभारी हूं जो इस लीग का समर्थन कर रहे हैं। यहां जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के-लड़कियां और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एक साथ खेलते नजर आते हैं। पूरे टेनिस समुदाय का एक मंच पर आना वाकई खास है।' शुक्रवार को दिन के तीसरे मुकाबले में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को कड़े मुकाबले में 51-49 से हराया। मैचों पर प्रतिक्रिया देते हुए पेस ने कहा,' मेरा मुकाबला रोहन और महेश की टीम से था। इससे पहले महेश सानिया की टीम के खिलाफ खेले। ऐसे प्रतिस्पर्धी मुकाबले ही खेल को एकजुट करने का काम करते हैं।' अंक तालिका पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ शीर्ष पर है। (अनंत ज्ञान)